नई दिल्ली, शुक्रवार 6 नवंबर 2026 ■ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष : 30, अंक : 200 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 29 न्यून. 17 haribhoomi.com



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का
सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

अयोध्या, काशी और मथुरा में बम धमाकों की धमकी

अयोध्या। उप्र में दिवाली के दौरान अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में बम धमाके करने की



धमकी से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। अयोध्या कोर्ट की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर स्लेटर जॉन्सन के नाम से धमकी भरा मेल भेजा गया। इसमें 8 नवंबर को काली दिवाली मनाने और 27 नवंबर तक धमाके करने की चेतावनी दी गई है। मेल में खालिस्तान समर्थक नारे लिखे हैं।

आईटी विभाग की निगरानी करेंगे अब वरिष्ठ अधिकारी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग में उठे विवाद के बाद अब नए आदेश के तहत डीजी (आईटी) सीमा खन्ना को अब सीनियर डिप्टी इलेक्शन



कमिश्नर पवन कुमार शर्मा के माध्यम से फाइलें प्रस्तुत करनी होंगी। साथ ही आईटी और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) विभाग पर वरिष्ठ अधिकारी की निगरानी व्यवस्था फिर बहाल हो गई है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अंबाला में किया आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक का उद्घाटन

2029 में भाजपा वोट मांगने जाएगी, तो पार्टी अपने घोषणा पत्र में वादों-गारंटियों को पूरा करके जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि हरियाणा में जब वर्ष 2029 में भाजपा जनता के बीच वोट मांगने जाएगी, तब पार्टी अपने घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों और गारंटियों को पूरा करके जाएगी। शाह ने अंबाला में आयोजित आजादी की पहली लड़ाई (1857) के शहीद स्मारक के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जहां 10 मई, 1857 को क्रांतिवीरों ने अंग्रेजों के शासन के विरुद्ध क्रांति का बिगुल फुंका था और उनकी एक शुरुआत पूरे देशभर में देखते ही देखते आग बनकर फैल गई थी।

पूरी दुनिया देखकर आश्चर्यचकित रह गई थी कि जिस अंग्रेजी सरकार का सूर्य कहीं डूबता नहीं था, उसकी नींव हिलाकर रखने वाला वो 1857 का स्वतंत्रता संग्राम, जिस अंबाला की भूमि पर शुरू हुआ, उसे मैं बार-बार प्रणाम करता हूं। इस मौके पर हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, कैबिनेट मंत्री अनिल विज, भाजपा हरियाणा की प्रभारी स्मृति ईरानी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता भी उपस्थित रहे। शाह ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को अंग्रेजियत से प्रेरित, वामपंथी विचारधारा वाले इतिहासकारों ने एक विद्रोह का नाम दिया। विद्रोह शब्द है अंग्रेजों के लिए। वीर सावरकर ने सच कहा था कि क्रांति हम सब भारत माता की संतानों के लिए विद्रोह नहीं बल्कि स्वतंत्रता संग्राम है।

1260 करोड़ रुपए की लागत के नेशनल हाईवे-152जी जलबेहड़ा शाहबाद खंड का किया लोकार्पण



हरियाणा की सभी प्रकार की कलाओं को संजोने का अद्भुत प्रयास हुआ

उन्होंने कहा कि सन 1857 से लेकर 1947 तक का 90 साल का यह महान संघर्ष,जिसमें अनेक शहीदों ने सर्वस्व बलिदान दिया, तब जाकर हमें आजादी मिली। उन्होंने इस स्मारक के निर्माण के लिए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कैबिनेट मंत्री अनिल विज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन सभी के विशेष प्रयासों से यह विराट शहीद स्मारक आज बनकर तैयार हुआ है। शाह ने कहा कि हरियाणा की इसी भूमि पर आज 22 एकड़ भूमि पर 23 गैलरियों के साथ सन 1857 की क्रांति का अद्भुत स्मारक बना है। स्मारक में आधुनिक तकनीक के माध्यम से, होलोग्राफी और इंटरएक्टिव प्रोटेक्शन के साथ दस्तावेज और हरियाणा की सभी प्रकार की कलाओं को संजोने का एक अद्भुत प्रयास हुआ है। फुलकारी और सरकंडा की शिल्पकला और 2500 की सीटिंग कैपेसिटी वाला ओपन एयर थिएटर, लाइट एंड साउंड शो से हमें वापस 1857 में ले जाने की व्यवस्था के साथ यह स्मारक 1857 की क्रांति, बलिदान और सम्मान को जागृत करने वाला एक ऊर्जावान स्थान बना है।

मातृ शक्ति को 50% नेतृत्व

केंद्रीय गृह मंत्री ने इस मौके पर 1260 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नेशनल हाइवे -152 जी जलबेड़-शाहबाद खंड का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने ऑनलाइन ट्रांसफर नीति बनाकर, तबादला उद्योग को हरियाणा से अगर किसी ने निकाला तो भारतीय जनता पार्टी ने निकाला। पंचायतों में मातृ शक्ति को 50 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व देने की शुरुआत भी हरियाणा में हुई। एकमात्र राज्य

▶▶ शेष पेज 5 पर

एशियाई पैरा गेम्स



30 स्वर्ण, 35 रजत और 49 कांस्य लेकर लौटे 97 खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी

बोले- पैरा एथलीट ने फिर दिखा दिया हौसलों से संभव है सबसे ऊंची उड़ान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान में इस बार आयोजित किए गए एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम के 97 पैरा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जापान के आइची-नागोया पहुंचे थे। भारतीय टीम ने इस दौरान 114 पदक जीते, जो अब तक के एशियाई पैरा गेम्स के भारतीय इतिहास का सबसे ज्यादा है। इनमें 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं।



पीएम मोदी ने इतिहास रचने वाली इस टीम से गुरुवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुलाकात की

भारत खेल में एक शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा

भारतीय पैरा खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के बाद जापान से लौटी भारतीय टीम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद किया। आयोजन दिल्ली के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। बातचीत के बीच पीएम मोदी ने एक ऐसी लाइन कही, जिससे पैरा खिलाड़ियों का मन गदगद हो गया। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों से मिलने का बेसब्री से इंतजार था। उन्हें बहुत खुशी है कि वे पैरा एशियाई खिलाड़ियों से मुलाकात कर रहे हैं। पैरा खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से पता चलता है कि भारत खेल के क्षेत्र में एक शक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आप सभी पैरा एथलीट ने एक बार

▶▶ शेष पेज 5 पर

Reliance
NOW OPEN AT
Bahadurgarh, Rohtak Main Road.
स्टोर्स खुलने का समय सुबह 9 बजे
धनतेरस की
हार्दिक शुभकामनाएं
iPhone 17 Pro 256 GB Starting at ₹54990*
iPhone 17 Pro Max 256 GB Starting at ₹66990*
*Price Post In-store Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback
iPhone Air Starting from ₹49990* *Price post Instore Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback.
oppo Find X10 Series Starting from ₹59999* Best upgrade offer. *Price post exchange, exchange bonus and cashback
vivo S2 FE Starting from ₹38999* *Price before 10% cashback
FESTIVAL OF ELECTRONICS
₹20000 तक एश्योर्ड एक्सचेंज बोनस*
एक्सट्रा 50% छूट दूसरे प्रॉडक्ट पर*
डायसन बिग बॉल वैक्यूम क्लीनर ₹43900 ₹14990*
*₹50000 और उससे अधिक की खरीदारी पर
₹30000 तक डिस्काउंट*
लीडिंग बैंक कार्ड्स और कंज्यूमर लोन्स पर
AU SMALL FINANCE BANK AXIS BANK HDFC BANK IDFC FIRST Bank IndusInd Bank kotak onecard RBL BANK SBI card YES BANK HDB
#CelebrateWithNoExcuses
digital
PERSONALISING TECHNOLOGY
www.reliancedigital.in
INVERTER ACs
VOLTAS 1.5T VRTS RGALMAGNM ₹36990** 5 STAR
Kelvinator 1.5T KAS-V183ALSG6 ₹28990** 3 STAR
*Prices inclusive of cashback & exchange offers
RO WATER PURIFIER BENEFITS GET BAJAJ 3J 500W MIXER WORTH ₹5000 AT ₹499*
JBL BAR 1000MK2 7.1.4 CH | 960W DOLBY ATMOS* | WIFI ₹74999* EMI Starting From ₹4999*
AirPods 5 TWS ANC ₹14900 ₹12400*
*Price inclusive of bank cashback
ROBOTIC VACUUM CLEANER ₹34499 ₹24999* FREE PRODUCTS WORTH ₹22999*
JBL 100W ENCORE 2 PLUS ₹24299* 240W PARTYBOX STAGE 320 ₹35999* *Price Post Cashback
Marshall EMBERTON 2 SPEAKER ₹19999 ₹10999*
UPTO ₹15000 EXCHANGE BENEFIT* UPTO ₹20000 CASH BACK*
GET GIFTS WORTH UPTO ₹12490*
UPSIZE & UPGRADE To a Bigger Refrigerator
POWERED BY: LG Haier | CO-POWERED BY: Godrej
REFRIGERATORS
DOUBLE DOOR Starting from ₹17990* EMI of ₹1994*
SIDE BY SIDE Starting from ₹39990* EMI of ₹2994*
FRENCH DOOR Starting from ₹69990* EMI of ₹2994*
WASHING MACHINES
TOP LOAD HAIER 7 Kg ₹15990* EMI of ₹1349*
FRONT LOAD LG 10 Kg ₹38990* EMI of ₹3249*
DISHWASHER BOSCH 15 PLACE ₹59990* EMI of ₹4999*
*Prices after bank cashback & under exchange.
BLUE STAR BOSCH BPL Electrolux Godrej Haier IFB LG LLOYD VOLTAS beko Whirlpool
TOSHIBA 140cm (55) MINI LED 3 Year* WARRANTY ₹49999*
Also available 165 cm (65) at ₹69999*, 190 cm (75) at ₹99990*
BENEFITS NO COST EMI + CASHBACK UP TO ₹3000*
*Prices after bank cashback
LG SMART TV AI 3 YEARS WARRANTY UPGRADE ₹1999* 36 MONTH FIXED EMI 26% CASH BACK* MAX ₹26000*
FLASH SALE
DELL 13 XPS TOUCH Intel® Core™ 5 Series 3 ₹100809 ₹74999*
MacBook Neo Powered by A18 Pro Built for Apple Intelligence. ₹79900 ₹64900*
HP Omnibook 3 Ryzen 3 7000 8 GB | 512 GB SSD ₹83421 ₹44999*
*Prices after discount & cashback
फ्री डिलीवरी* सबसे जल्दी इंस्टॉलेशन*
बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी की विशाल रेंज
ईज़ी ईएमआई
सबसे कम कीमत*
14-दिन आसान रिटर्न
SCAN TO VISIT WEBSITE OR STORE
शॉपिंग करें यहां से भी: SHOP ANY ELECTRONICS AT MY JIO STORE Jio DIGITAL LIFE
Unless specified, the retail prices shown are for 1 unit of the product.
Terms & Conditions Apply: AU Small Finance Bank/IDFC First Bank/Kotak Bank/RBL/Yes Bank: CC PS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: : 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. IDFC: DC PS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. IndusInd: CC/DC PS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: 10% discount up to Rs 15,000 on transactions of Rs 10,000 & above. Axis/HDFC/SBI/OneCard: CC EMI: 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above (SBI Card EMI- Rs. 15,000 & above). Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. For HDFC Bank & SBI Cards, EMI offer applicable on 6 months & above tenure only. Offers applicable on purchase of select product & brands only. Offers is applicable across Reliance digital, My Jio Stores, JioMart Signature stores & www.reliancedigital.in from 31st Oct to 11th Nov 2026. For the purpose of this offer, CC PS shall refer to Credit Card Full Swipe, CC EMI shall refer to Credit Card EMI, DC PS shall refer to Debit Card Full Swipe. Consumer Durable Loan Upto 20,000 Cashback on LED, Laptop, AC, Ref, Washing Machine & Mobile Phone with Bajaj Finserv. Offer validity : 31st Oct'26 to 11th Nov'26.Up to Rs 45000/- Cashback on Refrigerator, Panel, Washing Machine, Dish Washer, Smart phone & laptop with IDFC First Bank Ltd .Offer validity: 31st Oct'26 to 15th Nov'26 for IDFC First Bank. Up to Rs 31,000/- cash back on Consumer durable products, laptop & Digital Products with HDB Financial services, offer Validity 31st Oct'26 to 11th Nov'26 for Pan India. All Paper finance offers are available on select brands / products/ Schemes & select customers, offer valid in select states/cities. For more details contact In store Finance executive. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms. Finance: Offer wherever applicable is at the sole discretion of the financing company. Brand Offers: Offers applicable on brands are sole discretion of the respective brands. *GST will be applicable on all the FREE products. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of the courts in Mumbai only.

लक्ष्मी नगर ऑफिस में लगी आग कोई हताहत नहीं



नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर में मंगल बाजार रोड पर गुरुवार सुबह एक ऑफिस में आग लग गई। दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इस घटना में बिजली के मीटर, एसी, फर्नीचर, ऑफिस रिकॉर्ड आदि जल गये। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग की तरफ से बताया कि सुबह करीब 5.50 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की सात गाड़ियों को महाराजा बैंक्वेट हॉल के पास घटनास्थल पर भेजा गया। सुबह 6.15 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया और 7. 20 मिनट तक आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया।

पुलिस ने की एफआईआर दर्ज

लॉरेंस गिरोह के नाम पर 20 करोड़ की रंगदारी मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के निहाल विहार स्थित एक निजी अस्पताल के मालिक को जान से मारने की धमकी देकर 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का केस सामने आया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का शुरुआती जांच में कहना है कि सोशल मीडिया के जरिये रंगदारी मांगी गई है।

जानकारी के अनुसार अस्पताल के मालिक शिकायतकर्ता शकील सैफी से तीन नवंबर को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से सोशल मीडिया के जरिए रंगदारी की मांग की गई थी। फोन करने वाले व्यक्ति ने अपनी पहचान अनिल पंडित के रूप में बताई और उसने दावा किया कि वह अस्पताल मालिक की रेकी कर चुका है। उसने रकम का इंतजाम करने के लिए 24 घंटे का समय दिया और मांग पूरी नहीं होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। उसने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से जुड़ा हुआ बताया। सैफी ने पुलिस को यह भी बताया कि उन्हें एक दिन पहले यानी दो नवंबर को उसी नंबर से धमकी भरा वॉयस मैसेज मिला था। इस सिलसिले में निहाल विहार थाने में केस दर्ज किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

नीरज बवाना गिरोह के दो बदमाश दबोचे



नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में नीरज बवाना-नवीन बाली गिरोह के दो बदमाशों को पांच अवैध हथियारों और 13 कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये बदमाशों के नाम कपिल ठाकरान और अरुण उर्फ बॉबी बताया गया है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर हथियारों के स्रोत के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि ऐसी सूचना मिली थी कि ये लोग कोई गंभीर अपराध करने के इरादे से दो नवंबर को अलीपुर से गुजरेंगे। इसके बाद पुलिस ने संभावित जगह ट्रैप लगाया और दोनों को पकड़ लिया गया। बरामद हथियारों में दो ऑटोमेटिक पिस्टल शामिल है। पूछताछ में दोनों ने नीरज बवाना-नवीन उर्फ बाली गिरोह से अपना संबंध होने का खुलासा किया। जांच से पता चला कि अरुण पहले हरियाणा में भी आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में शामिल था।

इंटरपोल की मदद से दुष्कर्म के आरोपी को अबू धाबी से वापस लाई दिल्ली पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



करोल बाग के एक होटल में दुष्कर्म करने वाले एक 38 वर्षीय आरोपी को दिल्ली पुलिस, इंटरपोल, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और गृह एवं विदेश मंत्रालयों के संयुक्त प्रयासों से संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी से वापस भारत लाया गया है।

स्पेशल सीपी (लॉ एंड ऑर्डर) देवेश चंद श्रीवास्तव के अनुसार केरल निवासी आरोपी सजीर पल्ली को उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद अबू धाबी में पकड़ा गया था। मामला अक्टूबर 2025 का है। आरोपी ने करोल बाग इलाके के एक होटल में महिला के साथ दुष्कर्म किया था। महिला एक निजी कंपनी में उसके साथ काम करती थी। पुलिस ने बताया कि यह घटना कंपनी के कर्मचारियों की एक बैठक के बाद हुई थी। इसके बाद आरोपी कथित तौर पर महिला को एक होटल में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार, महिला ने शुरुआत में कंपनी में शिकायत की थी। आरोपी पांच जनवरी को अबू धाबी फरार हो गया था। इसके बाद फरवरी में करोल बाग थाने में मामला दर्ज किया गया और जुलाई में आरोपी को भगोड़ा घोषित कर दिया गया। बाद में आरोपी का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग के तहत उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया।

श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली पुलिस, सीबीआई की इंटरपोल शाखा और गृह एवं विदेश मंत्रालयों के बीच समन्वय के बाद आरोपी को बुधवार को दिल्ली लाया गया।

भाजपा सरकार दिल्लीवालों की सांसों के साथ कर रही है खिलवाड़ः जरनैल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के विधायक जरनैल सिंह ने प्रदूषण रोकने में नाकाम रेखा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है प्रदूषण पर पर्दा डाल कर भाजपा सरकार दिल्लीवालों की सांसों के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह बहानेबाजी छोड़कर दिल्लीवालों को साफ हवा देने पर गंभीरता से काम करे। उन्होंने कहा कि बुधवार को मैंने दिल्ली से मोहाली तक दिल्ली, मुरथल, कुरुक्षेत्र और मोहाली का प्रदूषण स्तर दिखाया था। अगर प्रदूषण के आंकड़े जांचने हैं तो भाजपा के नेता मेरे साथ दिल्ली से मोहाली चलें, और अपनी आंखों से देखे सच्चाई क्या है।

एमएलए ने कहा कि भाजपा न तो अपनी गलती मानती है और ना ही जनता के सवालों के जवाब देती है। लेकिन वह मीटर की डेट की छोटी-सी तकनीकी गलती पकड़कर मुद्दे से भाग रही है। मोहाली के प्रदूषण के आंकड़े बिल्कुल ठीक हैं।

इंश्योरेंस के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर से 43 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी इलाके में इंश्योरेंस के नाम पर ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर 32 महिलाओं समेत 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कॉल सेंटर पर छापेमारी बुधवार रात की गई। पुलिस के अनुसार मौके पर 32 महिलाओं और 11 पुरुषों समेत कुल 43 लोग काम करते हुए मिले। सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी बीमा कंपनियों के पास उपलब्ध लोगों की व्यक्तिगत जानकारी रखने वालों के साथ-साथ संभावित ग्राहकों को भी निशाना बनाते थे। वे उन्हें फोन कर बीमा पॉलिसी बेचने की पेशकश करते थे। आरोपी संभावित ग्राहकों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रलोभन देते थे और इस प्रक्रिया में उनके 'नो योर कस्टमर' (केवाईसी) संबंधी दस्तावेज एवं जानकारियां हासिल कर लेते थे। आरोप है कि बाद में इन जानकारियों का इस्तेमाल लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के लिए किया जाता था। पुलिस ने मौके से 43 मोबाइल फोन, लैपटॉप और कथित ठगी के कामकाज से संबंधित कई डेटा शीट जब्त की हैं। बड़ी मात्रा में डिजिटल डेटा भी बरामद किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस पूरे गिरोह के कथित सरगना की पहचान फरीदाबाद निवासी विशाल कपूर के रूप में हुई है।

जंतर-मंतर से हटाए गए अवरोधक, स्थानीय लोगों को मिली राहत

नई दिल्ली। जंतर-मंतर के आसपास लोगों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए लगाए गए अवरोधक पुलिस ने हटा दिए हैं। इसके बाद आसपास रहने वाले लोगों को काफी राहत मिली है। कुछ दिनों से इन पाबंदियों को लेकर स्थानीय लोग चिंता जता रहे थे। इनमें से कुछ लोगों ने दिल्ली पुलिस द्वारा अवरोधक लगाए जाने के खिलाफ अदालत का रुख भी किया था। गौरतलब है कि सीजेपी और छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के दौरान जंतर-मंतर के आसपास लगी पाबंदियां चर्चा में आई थी। प्रदर्शनकारियों को धरना स्थल तक पहुंचने से रोकने के लिए पूरी लुटियंस दिल्ली लगभग किले में तब्दील कर दी गई थी। दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। कई प्रवेश मार्गों पर अवरोधक लगाए गए थे, आवाजाही पर पाबंदियां लगाई गई थी और जंतर-मंतर की ओर किसी भी अनधिकृत जमावड़े या मार्च को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। कानून-व्यवस्था से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए पुलिस ने सामूहिक रूप से एकत्रित होने पर रोक लगाने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 भी लागू की थी।

अपराध शाखा ने सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका से की पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका बृहस्पतिवार को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के सामने पेश हुए। सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेता सुबह करीब 11 बजे राजौरी गार्डन में अपराध शाखा कार्यालय पहुंचे, जहां अधिकारियों की एक टीम ने उनसे पूछताछ की। दोनों 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर के गैर अधिसूचित स्थल पर दाखिल होने पर अपने खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकी के संबंध में अपराध शाखा के सामने पेश हुए। गौरतलब है कि अधिसूचना जारी कर जंतर मंतर को प्रदर्शन स्थलों की सूची से हटा दिया गया है। इसके बावजूद दोनों नेता वहां पहुंचे थे और प्रदर्शन किया था और राष्ट्र ध्वज फहराया था। इसे लेकर एक एफआईआर कनॉट प्लेस और दूसरी संसद मार्ग थाने में दर्ज की गयी थी। बाद में दोनों ही केस अपराध शाखा को हस्तांतरित कर दिये गये थे। दोनों नेताओ को पहले भी जांच से जुड़ने के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन पहले उन्होंने और समय मांगा था एवं पेश नहीं हुए थे।

SINDHU TRADE LINKS LIMITED
Regd. Office: 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi -110035
CIN: L63020DL1992PLC121695

NOTICE

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be convened on **Saturday, 14th November, 2026 at 12:00 P.M.** to consider and approve the Standalone & Consolidated Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter & Half Year Ended on 30th September, 2026 and other matters at the Corporate Office of the Company at 15th Floor, 1502, Tower A, Signature Tower, Sector - 30, Gurugram - 122003 through hybrid mode.

This said information is also available on the Company's website at www.sindhutrade.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com and www.nseindia.com.

By the order of the Board
For Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Suchi Gupta
Place: Gurugram — Company Secretary & Compliance Officer
Date: 05.11.2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया हैं कि अभियुक्त नामः **सरिता माली, सी/ओ. भीका राम, निवासीः डी–49, स्वर्ण पार्क, मुंडका, प्रेम जी नान वाली गली, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.505/2025 U/S 33/58 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **सरिता माली** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **सरिता माली** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.505/2025 U/S 33/58 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **सरिता माली** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **21.12.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
(उत्तर पश्चिम), कमरा नंबर 105,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16021/OD/2026
(अदालती मामला)

ट्रैफिक स्टाफ ने दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नॉर्दर्न रेंज के ट्रैफिक कर्मियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि उनकी ड्यूटी केवल ट्रैफिक व्यवस्था संभालने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कीमती इंसानी जानों की रक्षा करना भी उनका कर्तव्य है। ट्रैफिक पुलिस की त्वरित कार्रवाई, सतर्कता और मानवीय दृष्टिकोण के जरिए 3 नवंबर को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन पीड़ितों को समय रहते चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जिससे उनकी जान बच गई।

पुलिस के अनुसार नरेला ट्रैफिक सर्कल के अंतर्गत घायल मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को तुरंत मदद की गई। दरअसल एएसआई नीरज और कांस्टेबल नवीन नरेला के पाम ग्रीन होटल के पास ट्रैफिक व्यवस्था संभालने की ड्यूटी पर तैनात थे। रात लगभग 8:50 बजे दिल्ली रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक मोटरसाइकिल अचानक फिसल गई, जिससे उस पर सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। बेहद सतर्कता और सूझबूझ दिखाते हुए दोनों पुलिस कर्मियों ने तुरंत पीड़ितों के पास पहुंचकर उन्हें जरूरी मदद दी। एम्बुलेंस का इंतजाम किया और उन्हें इलाज के लिए सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल पहुंचाना सुनिश्चित किया। घायल व्यक्तियों के नाम बीरबल (19) पुत्र उमेश पासवान और संजय (17) पुत्र विजय पासवान निवासी भोरगढ़, दिल्ली पता चलें। इसके बाद अलीपुर पुलिस स्टेशन को सूचना दी गई और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए आईओ एएसआई सुनील को सौंप दिया गया। दूसरा हादसा समयपुर बादली ट्रैफिक सर्कल में सामने आया। तीन नवंबर को शाम लगभग 5:45 बजे, लोअर जीटीके रोड पर, संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर से लिबासपुर अंडरपास की ओर जाने वाले रास्ते पर सीएनजी पंप के पास एक सड़क दुर्घटना हुई। दिल्ली रजिस्ट्रेशन नंबर वाले एक ट्रक ने पीछे से हरियाणा रजिस्ट्रेशन वाली एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। एक अज्ञात व्यक्ति से दुर्घटना की सूचना मिलने पर हेड कांस्टेबल विकास को तुरंत मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ होने के बावजूद पुलिसकर्मियों ने बहुत सूझबूझ से काम लिया और घायल मोटरसाइकिल सवार का कीमती सामान जिसमें एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन और अन्य चीजें शामिल थीं सुरक्षित कर उसे मैक्स अस्पताल पहुंचाया। घायल व्यक्ति की पहचान हरियाणा के सोनीपत जिले के बड़वानी गांव निवासी 30 वर्षीय साहिल वर्मा के रूप में हुई। उनके सिर में चोट आई थी और पैर में फ्रैक्चर हो गया था। पुलिसकर्मियों ने घायल व्यक्ति के परिवार वालों से भी संपर्क किया और उन्हें दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। जब वे अस्पताल पहुंचे, तो घायल व्यक्ति का सारा सामान उन्हें सुरक्षित सौंप दिया गया। इसके बाद पुलिसकर्मी अस्पताल में घायल व्यक्ति से मिलने भी गए और उनका हाल-चाल जाना। पीड़ित के पिता और भाई ने इस कठिन समय में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा दी गई त्वरित, संवेदनशील और समर्पित मदद के लिए दिल से आभार व्यक्त किया।

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उठाए जा रहे हैं सक्रिय कदम : डीडीए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू के नेतृत्व में व्यापक और सक्रिय कदम उठा रहा है। इन कदमों में खुली जगहों और सड़कों के किनारे हरियाली बढ़ाना, मशीनों से सड़कों की सफाई, पानी का छिड़काव, मिस्टिंग (बारीक फुहार), धूल पैदा करने वाली गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और चिन्हित इलाकों की कड़ी निगरानी शामिल है। डीडीए ने गुरुवार को कहा कि धूल को नियंत्रण करने के लिए नरेला में दो और रोहिणी में एक मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन, नरेला में 7, उत्तरी क्षेत्र में 4 और दक्षिणी क्षेत्र में 7 वाटर स्प्रिंकलर, द्वारका में 270 मिस्टिंग पोल, तथा उत्तरी क्षेत्र में 1 और दक्षिणी क्षेत्र में 3 एंटी-स्मॉग गन तैनात की गईं हैं। वहीं खुले में कचरा जलाने और मलबा फेंकने को रोकने के लिए, जिला और उपमंडल स्तर पर सात प्रवर्तन टीमें बनाई गई हैं। धूल उड़ने के खुले स्रोतों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से वायु प्रदूषण से जुड़ी जो भी शिकायतें मिल रही हैं, उन पर नजर रखी जा रही है और समय रहते उनका समाधान किया जा रहा है। इसके साथ ही फील्ड स्टाफ को ग्रैप दो के तहत प्रदूषण कम करने वाले उपायों को लागू करने का निर्देश दिया गया है। सीमेंट, रेत और निर्माण व तोड़फोड़ से निकले मलबे जैसी निर्माण सामग्रियों को ढकने के लिए हरे जालों का इस्तेमाल बढ़ाया जा रहा है। सार्वजनिक जगहों पर कचरा फेंकने और खुले में कचरा जलाने को रोकने के लिए, लोगों को जागरूक किया जा रहा है और जमीनी स्तर पर सघन निरीक्षण किए जा रहे हैं।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रवि पुत्रः** राजू, **पताः** मकान ऑफ काले प्लास्टिक वाली गली वीपीओ, बवाना, दिल्ली, **FIR No. 90/2022, U/s 379/411 IPC,** थानाः बवाना, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 90/2022, U/s 379/411 IPC,** थानाः बवाना, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.01.2027** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
भारती बैनीवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05 (उ0)
कमरा नं. 114, पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16028/ON/2026
(Court Matter)

पंजाब सरकार को निभानी होगी अपनी जिम्मेदारी, सिरसा ने भगवंत मान से पूछे 5 सवाल

पंजाब में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं से बढ़ रहा दिल्ली का प्रदूषण : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पंजाब में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं के कारण दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है। उधर पंजाब सरकार पराली जलाने की घटनाओं को रोकने में विफल साबित हो रही है। यह बात गुरुवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा शास्त्री पार्क स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) में आयोजित प्रैसवार्ता में कही। वहीं उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से पांच सवाल भी पूछे। सिरसा ने कहा कि 31 अक्टूबर को दिल्ली का एक्यूआई 117 था, जो 4 नवंबर तक बढ़कर 377 पहुंच गया। वहीं, पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में भी तेजी से वृद्धि दर्ज की गई और अकेले 3 नवंबर को 584 घटनाएं सामने आईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण में पराली जलाने का बढ़ता योगदान पंजाब सरकार की विफलता को लेकर गंभीर सवाल पैदा करता है। सिरसा ने कहा कि इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर राजधानी में प्रदूषण से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदूषण हॉटस्पॉट, निर्माण गतिविधियों, सड़क की धूल, कचरा प्रबंधन और प्रदूषण के अन्य स्रोतों पर लगातार नजर रखी जा रही है। दिल्ली सरकार ने मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग, पानी का छिड़काव, एंटी-स्मॉग गन की तैनाती, निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण और खुले में कचरा जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए निरीक्षण अभियान तेज किया है। निर्माण एवं विध्वंस कचरे के उचित प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नियमों के पालन को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' अभियान को सख्ती से लागू किया जा रहा है। साथ ही, गैर बीएस-6 वाहनों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध संबंधी प्रावधानों को लागू किया जा रहा है।

पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में हुई तेज वृद्धि का उल्लेख करते हुए मंत्री सिरसा ने बताया कि 31 अक्टूबर को पंजाब में पराली जलाने की 292 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इसके बाद 2 नवंबर को 98 घटनाएं दर्ज हुईं, जो 3 नवंबर को बढ़कर 584 हो गईं। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच पंजाब में पराली जलाने की कुल 1,383 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 3 नवंबर तक कुल घटनाओं का आंकड़ा 2,196 पहुंच गया। सिरसा ने कहा कि ये आंकड़े पंजाब सरकार के उन दावों पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं, जिनमें पराली जलाने की घटनाओं में 90 प्रतिशत से अधिक कमी आने की बात कही जाती रही है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रैसवार्ता में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से पांच सीधे सवाल पूछे हैं। उन्होंने पहले पूछा कि पंजाब सरकार पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए आखिर कौन से ठोस कदम उठा रही है। एक ही दिन में पराली की जलने की घटनाओं में लगभग छह गुना वृद्धि कैसे हो गई। जब 2 नवंबर तक धान की 77.38 प्रतिशत कटाई पूरी हो चुकी थी। इसके बावजूद इतनी बड़ी संख्या में पराली क्यों जलाई जा रही है। पंजाब में पराली जलाने की 2,196 घटनाएं और 494 एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के आदेश सामने क्यों नहीं आ रहे। जब 4 नवंबर 2022 को आपने पराली जलाने की समस्या के समाधान की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए कार्रवाई का वादा किया था। यह वादा क्यों नहीं पूरा किया।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी

मुकदमा नंबर 196 दिनांक 04.08.2026 धारा 127 (6) BNS
थाना सदर, जिला चरखी दादरी
सार्वजनिक सूचना / गुमशुदा की तलाश



गुमशुदा की तलाश करने बारे ।
हुलिया – रंग भूरा, उम्र 80 वर्ष, कद 4 फुट 06 इंच, नीले रंग का सूट-सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए, बोलने व सुनने में असमर्थ
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.06.2026 को मुन्नी देवी पत्नी स्व. मीरसिंह निवासी गांव पातुवास, जिला चरखी दादरी घर से बिना बताये कहीं चली गयी जो अभी तक वापस नहीं लौटी । अतः आमजन से निवेदन है कि अगर किसी को इसके बारे में पता चले तो कृप्या तत्काल निम्नलिखित पते/फोन नंबर पर संपर्क करें।

पुलिस प्रवक्ता चरखी दादरी,
कृते पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी

SHO थाना सदर, चरखी दादरी 7419301105
MHC थाना सदर, चरखी दादरी 7419301136
सोमवीर पुत्र मीरसिंह निवासी पातुवास, जिला चरखी दादरी - 9518414897
पीआरडीएच-1084/11/5580/2027/50833/88/7 दि. 05.11.2026

चावड़ी बाजार बिल्डिंग हादसा

तीन मंजिला इमारत ढहने से दो लोगों की मौत, पांच जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुरानी दिल्ली के चावड़ी बाजार में गुरुवार को निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत ढह जाने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच जख्मी हैं। राहत एवं बचाव कार्य देर रात तक चलता रहा क्योंकि मलबे में और लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही थी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, सुबह करीब 9:50 बजे गली शाहतारा में शीश महल में इमारत ढहने की सूचना मिली। यह जगह चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित है। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। रेस्क्यू टीमों के मौके पर पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने मलबे से दो लोगों को मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचा दिया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस भूखंड पर तीन मंजिला इमारत ढही, उसका क्षेत्रफल 50 वर्ग मीटर था। इस इमारत के लिए कोई भवन निर्माण योजना स्वीकृत नहीं कराई गई थी और निर्माण को लेकर नगर निगम को कोई शिकायत भी नहीं मिली थी। अधिकारी ने बताया कि इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन करीब 15 दिन पहले इसे रोक दिया गया था। हादसे के समय मजदूर छत के नीचे लगे सहारे हटाने का काम कर रहे थे। मध्य जिले के डीसीपी रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि हौज काजी इलाके में स्थित यह इमारत तीसरी मंजिल तक बनी हुई थी और छत का लिंटर डालने के दौरान ढह गई। उन्होंने बताया कि आसपास की इमारतों में रहने वाले लोगों को बाहर निकाल लिया गया, क्योंकि इससे सटी एक इमारत की स्थिति भी खतरनाक पाई गई है।

सिंह ने कहा कि ठेकेदार को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण अनधिकृत था। निर्माण कार्य के दौरान मौके पर करीब 10 से 15 मजदूर मौजूद थे। अधिकारी ने बताया कि इमारत के मलबे में कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। खबर लिखे जाने तक मौके पर खोज अभियान जारी था।



सीएम ने संबंधित अधिकारियों के निलंबन और ठेकेदार पर एफआईआर के दिए आदेश



नई दिल्ली। दिल्ली के चावड़ी बाजार स्थित गली सितारा में निर्माणाधीन इमारत गिरने की दुखद घटना को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्र के सहायक अभियंता (एई) और कनिष्ठ अभियंता (जेई) को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। साथ ही, पूरे मामले की विस्तृत जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हादसे में दो लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री स्वयं घटनास्थल पर पहुंचीं और वहां चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण लिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्यों में कोई कमी न रहे। मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं और घायलों को सर्वोत्तम संभव चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने हादसे से प्रभावित परिवारों को तत्काल अनुग्रह राशि देने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि इस मुश्किल घड़ी में उन्हें आवश्यक सहायता मिल सके। घटनास्थल पर दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम, सीएटीएस और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें तैनात हैं। सभी एजेंसियां आपसी समन्वय के साथ युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान चला रही हैं।

'सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील'

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने घर का निर्माण करवा रहा है तो कृपया भवन निर्माण के दौरान सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्य निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप ही करवाएं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जान-माल के नुकसान की आशंका को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सर्वोपरि है और भवन निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही गंभीर परिणामों का कारण बन सकती है।

इमारत गिरने की घटना ने भाजपा सरकार की खोली पोल : यादव



नई दिल्ली। चावड़ी बाजार में इमारत गिरने की घटना ने भाजपा सरकार की लापरवाही की पोल खोल दी है। यह बात गुरुवार को चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के सामने गली सितारा वाली में 3 मंजिला निर्माणाधीन इमारत गिरने की घटना स्थल का दौरा करने के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कही। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम में भाजपा सत्तासीन होने के बाद राजधानी में हर महीने निर्माणाधीन और पुरानी इमारते ढहने की बढ़ती घटनाएं भाजपा में व्याप्त भ्रष्टाचार के आंकठ को उजागर कर रही है। यादव ने हादसे में 2 लोगों की मौत पर संवेदना प्रकट और एक घायल व्यक्ति को सुरक्षित निकालने और मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ टीम से जल्द मलबा हटाने का अनुरोध भी किया। इस दौरे में उनके साथ जिला अध्यक्ष मौहम्मद उस्मान, प्रदेश महासचिव प्रमोद जयंत, पूर्व जिला अध्यक्ष मिर्जा जावेद अली, सेवादल के योगेश जैन सहित क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ता और निवासी भी शामिल थे।

सत्या शर्मा ने निगम आयुक्त से तीन दिन में मांगी विस्तृत रिपोर्ट

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली के अजमेरी गेट (चावड़ी बाजार) में इमारत गिरने की घटना पर दिल्ली नगर निगम स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने निगम आयुक्त संजीव खिरवार से अगले तीन दिन में संबंधित विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। जानकारी अनुसार सत्या शर्मा ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर घटना की विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें तीन दिन के भीतर घटना के कारणों, निर्माण नियमों के उल्लंघन और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई का ब्योरा देने के निर्देश दिए है। इस घटना में इस हादसे में दो लोगों की मृत्यु व जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घटना के बारे में सत्या शर्मा ने पत्र में लिखा कि कहा कि पुरानी दिल्ली जैसे अत्यधिक घनी आबादी वाले क्षेत्रों में निर्माणाधीन और जर्जर इमारतों की संरचनात्मक सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के लिए निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन और नियमित निगरानी आवश्यक है। उन्होंने निगम आयुक्त से घटना में क्षतिग्रस्त इमारत का पूरा विवरण, हादसे के कारणों और मृतकों एवं घायल व्यक्ति का ब्योरा मांगा है। साथ ही यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि भवन का निर्माण निगम द्वारा स्वीकृत नक्शे और निर्धारित नियमों के अनुसार किया जा रहा था या नहीं।

एई व जई सस्पेंड

नई दिल्ली। दिवाली से ठीक पहले एक बार फिर दिल्ली में एक इमारत गिरने से दो लोगों की मौत की खबर ने राजधानी वासियों को सन्न कर दिया। इस घटना के बाद एमसीडी ने तुरंत एक्शन लेते हुए दो अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। इस बारे एमसीडी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी दिल्ली स्थित अजमेरी गेट क्षेत्र में सुबह लगभग 10:30 बजे, संपत्ति संख्या 4548, गली शीश महल शतारा, अजमेरी गेट में एक तीन मंजिला इमारत गिर गई। गुरुवार को घटी इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व महापौर प्रवेश वाही सहित आला अधिकारी व बचाव टीम मौके पर पहुंचे। एमसीडी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित सहायक अभियंता (एई) मोहम्मद नईम और कनिष्ठ अभियंता (जेई) अमन दलाल को आगामी जांच पूरी होने तक पद से निलंबित कर दिया है। एमसीडी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लगभग 70 - 80 वर्ग गज क्षेत्रफल में स्थित उक्त भवन की तीसरी मंजिल की छत की शटरिंग हटाए जाने के दौरान यह हादसा हुआ। बताया गया है कि तीसरी मंजिल की छत का निर्माण लगभग 15 दिन पहले ही किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप भवन की सभी छत ढह गईं।

नारंग ने की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। पुरानी दिल्ली में इमारत गिरने से हुई दो लोगों की मौत के मामले में दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा पर जमकर हमला बोलते हुए मांग की है कि इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच हो। उन्होंने मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। नारंग ने भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार पर हमला बोलते हुए कि अब आए दिन गिर रही इमारतों से बेगुनाह लोग जान से हाथ रहे है। जबकि दिल्ली सरकार से लेकर दिल्ली नगर निगम में बैठी भाजपा के नेताओं को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। नारंग ने कहा कि भाजपा सरकार और भाजपा शासित एमसीडी दिल्ली में सिर्फ भ्रष्टाचार करने में लगी है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर दिल्ली में हो रहे अवैध निर्माण और भ्रष्टाचार पर लगाम कौन लगाएगा। उन्होंने पूछा कि क्या भाजपा की चार इंजन वाली सरकार की जिम्मेदारी सिर्फ सत्ता का आनंद लेना और भ्रष्टाचार करना ही रह गया है। नारंग ने कहा कि इस दुखद हादसे की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाई जाए और दोषी अधिकारियों व जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई हो। दिल्ली की जनता की जान से खिलवाड़ अब बंद होना चाहिए।

भाजपा सरकार में हो रही अवैध वसूली के चलते फिर तीन मंजिला इमारत गिरी : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पुरानी दिल्ली में इमारत गिरने से हुई दो लोगों की मौत ने एक बार फिर भाजपा की कलई खोलकर रख दी है। भारद्वाज ने इस मामले पर कहा कि अवैध निर्माण के खिलाफ ठोस कार्रवाई के बजाय दिल्ली सरकार व निगम के विभाग मनमानी मोटी रिश्वत वसूल रहे है। रिश्वत मिलने पर इमारतें छोड़ दी जाती हैं और रिश्वत नहीं मिलने पर उन्हें सील कर दी जाती है। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार को चाहिए कि इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच कराएं व जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में सुरक्षा ऑडिट के नाम पर सिर्फ अवैध वसूली हो रही है। भारद्वाज ने एक्स पर कहा कि चावड़ी बाजार में एक और 3 मंजिला इमारत ढह गई है और मलबे के नीचे कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। रेखा गुप्ता की सरकार और एमसीडी ने दिल्ली की सभी इमारतों के कई सुरक्षा ऑडिट किए हैं, फिर भी इमारतें लगातार गिर रही हैं,आखिर ऐसा क्यों है, सुरक्षा ऑडिट के बार-बार आदेश दिए गए हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई के बजाय कई विभागों ने कई बार रिश्वत वसूली, यही वजह है कि हर महीने इमारत ढहती हैं।

महापौर ने प्रशांत विहार में किया कॉम्पेक्टर का उद्घाटन

नई दिल्ली। महापौर प्रवेश वाही ने उत्तर पश्चिम जोन अंतर्गत वार्ड -53 स्थित प्रशांत विहार के सफेद वाले पार्क में 2 कॉम्पेक्टर का उद्घाटन किया। इस मौके पर बोलते हुए महापौर ने वाही ने कहा कि हम लगातार दिल्ली की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कार्यरत हैं और आज इसी कड़ी में इन 2 कॉम्पेक्टर का उद्घाटन किया गया है। महापौर ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर एवं कचरा-मुक्त दिल्ली का संकल्प तभी साकार होगा, जब जनप्रतिनिधि,अधिकारी,सफाई कर्मचारी और आम नागरिक मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यहां कॉम्पेक्टर लगने से प्रशांत विहार,रोहिणी सेक्टर-9 और 13 इत्यादि इलाकों का कूड़ा इधर उधर नहीं फैलेगा बल्कि कॉम्पेक्टर मशीन की सहायता से इसे कॉम्पैक्ट करके सीधा ढलाव पर भेजा जा सकेगा।

हम दिल्ली को भ्रष्टाचार मुक्त और विकासशील बनाएंगे : मल्होत्रा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में दिल्ली अब विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ मिलकर भाजपा सरकार अगले दो वर्षों में दिल्ली को बुनियादी सुविधाओं, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार के अवसरों से युक्त करेगी। हमारा लक्ष्य हर गली, हर मोहल्ले तक विकास पहुंचाना है। इस दीवाली हम सब मिलकर संकल्प लें कि दिल्ली को भ्रष्टाचार मुक्त और विकासशील बनाएंगे। यह बातें गुरुवार को दिल्ली भाजपा कार्यालय में आयोजित दीपावली मंगल मिलन कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मल्होत्रा ने सभी दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहीं। वहीं कार्यक्रम में पहुंची मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दीपावली के इस पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध राजधानी बनाने का संकल्प हमारा है।

एमसीडी ने चलाया सफाई अभियान

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने गुरुवार को दिल्ली के सभी जोन की प्रमुख रिंग रोड सड़कों पर विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान निगमायुक्त संजीव खिरवार ने पंजाबी बाग स्थित रिंग रोड पर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। एमसीडी के अनुसार गहन स्वच्छता एवं प्रदूषण रोधी अभियान के तहत एमसीडी द्वारा दिल्ली के सभी 12 जोन में प्रमुख रिंग रोड मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। जिसके तहत सैकड़ों सफाई कर्मचारियों, वाटर टैंकरों, जेटिंग मशीनों एवं मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की तैनाती की गई।



पात्र परिवार को मिलेगा पक्का मकान : रेखा गुप्ता

'20 लाख झुग्गीवालों को जल्द मिलेगा घर सरकार ने अधिसूचित की नई पुनर्वास नीति'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले करीब 20 लाख लोगों को जल्द ही घर देगी। इस योजना पर काम करते हुए दिल्ली सरकार ने 'दिल्ली झुग्गी एवं झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति-2026' (दिल्ली स्लम एंड झुग्गी झोपड़ी रिलोकेशन एंड रिहैबिलिटेशन पॉलिसी-2026) अधिसूचित कर दी है। दीपावली के अवसर पर सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय की जानकारी गुरुवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल झुग्गियों को हटाना या बस्तियों का पुनर्विकास करना नहीं है, बल्कि वहां रहने वाले पात्र परिवारों को ऐसा पक्का आशियाना देना है, जहां वे अपने बच्चों के साथ सुरक्षा, सम्मान और सुकून से रह सकें तथा उनका भविष्य अधिक स्थिर और खुशहाल बन सके। नई नीति की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसके तहत 1 जनवरी 2025 तक स्थापित झुग्गी बस्तियों में 1 जनवरी 2025 से पूर्व स्थापित सभी झुग्गियों में रहने वाले पात्र परिवारों को पुनर्वास का लाभ देने का प्रावधान किया गया है। इससे पहले की योजनाओं के दायरे से बाहर रह गए अनेक परिवारों को भी अब पुनर्वास की नई व्यवस्था में शामिल होने का अवसर मिल सकेगा। सरकार ने इस नीति में आवास उपलब्ध कराने के साथ-साथ झुग्गीवासियों की गरिमा, उनके मौजूदा रोजगार और सामाजिक जीवन को भी ध्यान में रखा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इस नई पुनर्वास नीति के माध्यम से सरकार ने झुग्गी बस्तियों के नियोजित पुनर्विकास, सामुदायिक भागीदारी और भूमि के बेहतर उपयोग का रास्ता भी तैयार किया है। सरकार का उद्देश्य है कि दिल्ली के गरीब परिवारों को केवल रहने के लिए छत ही नहीं, बल्कि सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन की सुविधाएं भी मिलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संकल्प है कि देश का कोई भी परिवार बुनियादी सुविधाओं और सम्मानजनक आवास से वंचित न रहे।

खबर संक्षेप

ठगी के मामले में खाताधारक को दबोचा

फरीदाबाद। साइबर अपराधी लोगों को शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर साइबर



ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फरीदाबाद में सामने आया है। जिसमें कार्रवाई करते हुए साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने आरोपित उजैफ कासिफ निवासी दरियागंज दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार निवासी ने थाना साइबर क्राइम बल्लभगढ़ में दी शिकायत में बताया कि 31 अक्टूबर 2025 को फेसबुक पर शेयर मार्केट में निवेश कर 850 प्रतिशत से अधिक मुनाफा कमाने का लालच देने वाली एक रील देखने के बाद उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। आरोपियों ने एक एप्लीकेशन के माध्यम से निवेश करवाया। 11 नवंबर से 16 दिसंबर 2025 के बीच अलग-अलग बैंक खातों में कुल 6.80 लाख रुपए जमा करवाए।

मृतक के 2 दोस्तों को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। बीते कल यादराम कॉलोनी के पास खेतों में सचिन नामक युवक का शव मिलने के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए मृतक



के दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अंकित व सोनू निवासी बलवंत कॉलोनी सरूरपुर के रूप में हुई है। हत्या का कारण पैसों का लेनदेन पाया गया। पुलिस के अनुसार श्यामनगर सरुरपुर फरीदाबाद निवासी जगबीर ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका बेटा सचिन 2 नवंबर 2026 को फैक्ट्री में काम करने के लिए था जिसके बाद वह घर नही लौटा, 4 नवंबर को उसे जानकारी मिली कि उसके बेटे सचिन की डेड बॉडी यादराम कालोनी के खाली खेतों में पड़ी है।

हर घर में खुशियों की दस्तक, गोदरेज ने दिवाली पर छेड़ी अपनों की बात

गुरुग्राम। दिवाली पर घर लौटने की खुशी, अपनों का साथ और रिश्तों की मिठास को खास अंदाज में पेश करते हुए गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 'खुशियों की चाबी, मेरा गोदरेज घर' नाम से देशव्यापी डिजिटल अभियान शुरू किया है। एए वर्ल्ड की परिकल्पना पर तैयार इस अभियान में घर को सिर्फ चार दीवारों का मकान नहीं, बल्कि यादों और खुशियों का ठिकाना बताया गया है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के चीफ सेल्स, मार्केटिंग एंड कस्टमर सेंट्रिसिटी ऑफिसर शुभाशीष पटनायक ने कहा कि घर ही वह जगह है, अभियान की ब्रांड फिल्म में मां-बेटी की दिवाली की तैयारियों, परिवार के साथ पकवान बनाने, कॉलेज से घर लौटते बेटे और नए घर में पहली दिवाली मनाते जोड़े जैसे भावुक दृश्य दिखाए गए हैं। एए वर्ल्ड के फाउंडर्स और क्रिएटिव डायरेक्टर्स आकाश दास और अमर सिंह ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों को दिवाली पर अपनों के साथ बिताए जाने वाले खुशी के पलों से जोड़ना है।

कर्मचारियों के परिवारों को त्योहार पर वेतन का इंतजार

दीपावली से पहले वेतन, फेस्टिवल एडवांस व मिठाई की राशि का भुगतान करे निगम प्रशासनः कर्मचारी संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

> भुगतान में देरी जारी रही तो संघ कर्मचारियों की बैठक बुलाकर लोकतांत्रिक आंदोलन की आगामी रूपरेखा तय करेगा

- घरों में त्योहार की खुशियां सुनिश्चित करना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है
- सफाई कर्मचारियों को मिठाई हेतु 525 की राशि का भुगतान किया जाए



सफाई कर्मचारियों, सीवरमैन तथा अन्य तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वेतन और फेस्टिवल एडवांस देने में हो रही देरी से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। सफाई कर्मचारियों को मिठाई हेतु 525 की राशि का भुगतान भी लंबित है। कर्मचारी संघ ने नगर निगम प्रशासन और हरियाणा सरकार से दीपावली से पहले सभी संबंधित भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। नगर निगम कर्मचारी यूनियन कार्यालय बीके चौक में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, कर्मचारी नेता अनिल चिंडालिया एवं बलबीर सिंह बालगुहेर ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने वाले कर्मचारियों के परिवारों को त्योहार के अवसर पर भी वेतन का इंतजार करना पड़ रहा है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। नेताओं ने कहा कि वेतन में देरी से कर्मचारियों के सामने राशन, बच्चों की फीस और अन्य घरेलू जरूरतें पूरी करने की परेशानी खड़ी हो रही है।

जो कर्मचारी शहर की दीपावली स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटे हैं, उनके घरों में त्योहार की खुशियां सुनिश्चित करना भी प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की कि सभी संबंधित कर्मचारियों का लंबित वेतन तत्काल बैंक खातों में जमा कराया जाए, पात्र तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को फेस्टिवल एडवांस दिया जाए तथा सफाई कर्मचारियों को मिठाई हेतु 525 की राशि का भुगतान किया जाए। साथ ही भुगतान में देरी के कारण स्पष्ट कर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि केवल आश्वासन से कर्मचारियों के परिवार त्योहार नहीं मना सकते। प्रशासन तत्काल कार्रवाई कर राशि कर्मचारियों के खातों में पहुंचाए। उन्होंने चेतावनी दी कि भुगतान में देरी जारी रही तो संघ कर्मचारियों की बैठक बुलाकर लोकतांत्रिक आंदोलन की आगामी रूपरेखा तय करेगा।

जजपा के स्थापना दिवस को लेकर बैठक आयोजित

फरीदाबाद। जननायक जनता पार्टी द्वारा आगामी 6 दिसंबर को स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। इसी को लेकर आज सेक्टर-65 जिला कार्यालय में पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के फरीदाबाद जिले के प्रभारी ऋषि राज राणा एवं सह प्रभारी देवेंद्र सोरोत ने मुख्य रूप से शिरकत की। बैठक के दौरान वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ स्थापना दिवस समारोह की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए एक जुट होकर कार्य करने और स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह दिखाइ दिया। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत और लगन से जुटने का संकल्प लिया।

सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

अग्निवीरों को अतिरिक्त सेवा और नियमित भर्ती का अवसर, मोदी सरकार का ऐतिहासिक फैसलाः सर्वप्रिय त्यागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भाजपा गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने अग्निवीरों के



हित में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसले का स्वागत करते हुए इसे युवाओं के भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बनाने वाला ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने राष्ट्रसेवा करने वाले युवाओं को नए अवसर और सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

इस फैसले से अग्निवीरों का मनोबल बढ़ेगा

उन्होंने कहा कि इस फैसले से अग्निवीरों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें सेना में अनुभव तथा आगे बढने के अतिरिक्त अवसर मिलेंगे। अतिरिक्त सेवाकाल के दौरान बेहतर पारिश्रमिक, सेवा निधि पैकेज और वरिष्ठता संबंधी लाभ भी उनके भविष्य को मजबूती देंगे।
त्यागी ने कहा कि अग्निवीर केवल देश की सुरक्षा में योगदान देने वाले युवा नहीं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव हैं।
प्रधानमंत्री मोदी की सरकार युवाओं की प्रतिभा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को उचित अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

छात्रों के लिए एनसीआरटीसी ने आयोजित किया नमो भारत कॉरिडोर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नमो भारत जैसी विशाल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के व्यावहारिक समझ और शैक्षणिक ज्ञान के बीच की दूरी को कम करने के उद्देश्य से एनसीआरटीसी ने आईआईटी-दिल्ली के सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का एक विशेष तकनीकी दौरा आयोजित किया। इंजीनियरिंग चुनौतियों, मल्टी-मोडल इंटीग्रेशन एमएमआई और परिचालन में प्रयोग की जा रही अत्याधुनिक तकनीकों को करीब से जानने का अवसर प्रदान किया गया।

आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे समाधान शिविर : सीटीएम

फरीदाबाद। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज वीरवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया। उपायुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता सीटीएम अंकित कुमार ने की। सीटीएम अंकित कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

PUBLIC NOTICE

Intimation of change of RERA accounts for Project THE PRESIDIO of M/s.OZONE GSPINFRATECH, situated at Village Atmadpur, Sector-31, Faridabad. This is for the information of all stakeholders and general public, as per requirements of the Haryana Real Estate Regulatory Authority (HRERA, Panchkula).

Project details : Project Name : The Presidio
Registration ID: RERA-PKL-627-2019
Licence No.102 of 2013 dated 03.12.2013.

NEW / REVISED BANK DETAILS

Bank Name : CANARA BANK IFSC Code : CNRB0006029
Bank Address : SCO-59, Sector-46,FARIDABAD – 121003.
Bank Account Nos.: 120040763266 - 100% Master/ Collection Account.
120040785780 - 70% RERA/ Separate Escrow Account.
120040632955 - 30% Free Account.

All existing and prospective customers/allottees are hereby advised to deposit any future payments pertaining to the project into the New/revised bank account only

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **कासिफ पुत्रः हैदर राजा पताः मकान नंबर ए–376 गली नंबर 6 खड्डा कॉलोनी जैतपुर एक्सटेंशन, भाग–2 नई दिल्ली FIR No. 221/2019 U/s 457/380/411/34 IPC थानाः कालिंदी कुंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कासिफ** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **कासिफ** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 221/2019 U/s 457/380/411/34 IPC थानाः कालिंदी कुंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कासिफ** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री कवल सिंह
जेएमएफसी–10, कमरा नंबर 307
साकेत कोर्ट, परिसर नई दिल्ली

DP/15984/SE/2026

गुमशुदा/अपहृत की तलाश



आदर्श यादव उर्फ अपुल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लडका (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **श्री आदर्श यादव उर्फ अपुल पुत्र श्री पृथ्वी पाल यादव निवासी ब्रहम पाल का मकान, हरिजन बस्ती, गांव दल्लूपुरा, दिल्ली** जो अपने **घर** से दिनांक **17.10.2021 को शाम करीब 05.30 बजे** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक **एफआईआर नं. 503/2021, अंतर्गत धारा 363 आईपीसी, दिनांक 19.10.2021** को **थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लडके का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

लिंगः पुरूष, **आयुः** 12 वर्ष, **कदः** 4'0" फीट, **रंगः** गेहुंआ, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** काले और सफेद रंग की धारीदार टी–शर्ट, नीले रंग की जींस और पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लडके के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:–

थाना प्रभारी
थानाः न्यू अशोक नगर, दिल्ली
फोनः 011–22610839, 22610954
मोबाइलः 8750870631, 7838680893

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. नं.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/15880/ED/2026

ध्विजा फाइनैंस लिमिटेड

(पूर्व में एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
CIN- L65100DL1993PLC053936 | पंजीकृत कार्यालय : 908, 9वां तल, मकैंटाइल हाउस, 15, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली-110001, भारत
Website: www.fmecinternational.com Email: fmecinternational@gmail.com, finance@fmecinternational.com Contact: 011-49954225
30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाखों में)

विवरण	समाप्त तिमाही 30.09.2026 अअंकेक्षित	समाप्त अर्ध वर्ष 30.09.2026 अअंकेक्षित	समाप्त तिमाही 30.09.2025 अअंकेक्षित
प्रचालनों से आय	1,430.59	2,232.57	217.68
कर से पूर्व लाभ	546.73	968.91	52.03
कर के बाद लाभ	435.35	751.28	38.92
कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय)	-	-	-
भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (शेयर का प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2/- प्रत्येक) (टिप्पणी सं. 2 देखें)	978.09	978.09	889.18
पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार अन्य इक्विटी	-	-	-
अर्जन प्रति शेयर (तिमाही हेतु वार्षिकृत नहीं) (टिप्पणी सं. 3 देखें)			
बेसिक	0.8902	1.5362	0.0796
डायल्यूटिड	0.8902	1.5362	0.0796

टिप्पणी : 1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 05 नवम्बर 2026 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार के नियमन 33 के अनुसरण में वैधानिक अंकेक्षक द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन है। कम्पनी के वित्तीय परिणाम समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी सरकुलर्स, दिशा-निर्देशों और निर्देशों के साथ-साथ भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज तथा समय-समय पर संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
2. सोमवार, 4 मई 2026 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में सदस्यों द्वारा पारित किए गए प्रस्ताव के अनुसरण में, कम्पनी के प्रत्येक इक्विटी शेयर जिनका प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- (रुपए दस केवल) को 5 (पांच) इक्विटी शेयरों में उप-विभाजित किया गया, जिनका प्रत्यक्ष मूल्य रु. 2/- (रुपए दो केवल) प्रत्येक है। तदोपरांत, अधिकृत, इश्यूड, सबस्क्राइब्ड और कम्पनी की भुगतान की गई इक्विटी शेयर कैपिटल को तदनुसार उप-विभाजित किया माना जाए। कम्पनी की अधिकृत शेयर कैपिटल रु. 15,00,00,000 (रुपये पन्द्रह करोड़ केवल) है, जो रु. 2/- (रुपये दो केवल) प्रत्येक के प्रत्यक्ष मूल्य के 7,50,00,000 (सात करोड़ पचास लाख) इक्विटी शेयरों में विभाजित किया गया है।
3. पूर्ववर्ती अवधियों के सम्बन्ध में प्रति शेयर अर्जन को भारतीय लेखा मानक (Ind AS) 33, "अर्जन प्रति शेयर" की आवश्यकताओं के अनुसार, बोनस शेयरों का आवंटन और इक्विटी शेयरों का उपरोक्त उप-विभाजन को प्रभावी बनाने के लिए रिस्टेटेड किया गया है।

बोर्ड के आदेशानुसार
ध्विजा फाइनैंस लिमिटेड
(पूर्व में एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
हस्ता/-
(अपूर्व बंसल)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08052540

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 05 नवम्बर 2026



खबर संक्षेप

लखनऊ एयरपोर्ट को एसीआई के 3 सम्मान मिले

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को वर्ष 2025 के लिए एयरपोर्ट्स काउंसिल



इंटरनेशनल की ओर से 3 प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्रदान किए गए हैं। हवाई अड्डे को आगमन श्रेणी में वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का पुरस्कार, 5 से 15 मिलियन यात्रियों की श्रेणी में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में प्रस्थान के लिए सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे तथा एसीआई ग्राहक अनुभव मान्यता स्तर-3 प्रदान किया गया है।

कोयला स्टॉक धंसने से 3 महिलाओं की मौत

बोकारो। बेरमो कोयलांचल अंतर्गत सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र की कथारा कोलियरी के 5 नंबर स्टॉक



यार्ड में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा गुरुवार सुबह कोयला चुनने के क्रम में ऊपर से स्टॉक का कोयला धंसने से दबकर तीन महिलाओं की मौत हो गई। इनमें कोलियरी से सटे बांध बस्ती की कौशल्या देवी, पुष्पा देवी व सोहरी देवी शामिल है। दो मृतका यादव समाज से जबकि एक मृतका रजवार समाज से है।

निलंबन के 5 दिन बाद दारोगा ने खुदकुशी की

अलीगढ़। चूहरपुर इलाके में दरोगा सुंदरम तिवारी ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पांच दिन पहले



उनका कचहरी में नशे की हालत में होने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद उनको निलंबित किया गया था। पिता के अनुसार वीडियो वायरल होने के बाद से वह सुंदरम तनाव में थे। वह कुछ देर के लिए मंदिर गए थे। इसके पीछे ही उसने यह कदम उठा लिया।

खालिस्तान नेशनल आर्मी के नाम से स्कूलों को भेजे गए

अयोध्या, मथुरा, काशी के मंदिरों को धमाकों से बम उड़ाने की धमकी, दोसांझ के कार्यक्रमों पर भी निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अयोध्या/लखनऊ

अयोध्या, मथुरा और काशी के प्रमुख मंदिरों को बम धमाकों से उड़ाने की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। खालिस्तान नेशनल आर्मी के नाम से भेजे गए धमकी भरे ई-मेल में 8 से 27 नवंबर के बीच अलग-अलग स्थानों पर धमाकों की चेतावनी दी गई है। ई-मेल में स्कूलों और पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रमों को भी निशाना बनाने की धमकी दी गई है।

अयोध्या के परमा एकेडमी समेत अंबेडकरनगर के रेडियंट कॉलेज और नवदीप कॉलेज को धमकी भरे ई-मेल प्राप्त हुए हैं। ई-मेल में 8 नवंबर को सुबह 9:11 से 11:11 बजे के बीच मंदिर में धमाके की चेतावनी देते हुए लोगों को मंदिरों में नहीं जाने की सलाह दी गई है...



सुरक्षा एजेंसियां ई-मेल भेजने वाले की पहचान में जुटी

धमकी भरे ई-मेल सामने आने के बाद संबंधित स्कूल प्रबंधन ने पुलिस से शिकायत की है। इसके आधार पर आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और साइबर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा एजेंसियां ई-मेल के स्रोत और भेजने वाले की पहचान करने में जुटी हैं। पुलिस धमकी की गंभीरता, संभावित आतंकी नेटवर्क की भूमिका और ई-मेल की विश्वसनीयता की भी जांच कर रही है।

सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी बढ़ाई

मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्रों में सुरक्षा एजेंसियों ने निगरानी बढ़ा दी है। मंदिरों, स्कूलों और अन्य संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को देने की अपील की है।

साइबर सेल और एटीएस ने शुरू की जांच

इस धमकी वाले ईमेल की साइबर सेल और यूपी एटीएस ने जांच शुरू कर दी है। एजेंसियां ई-मेल के स्रोत, तकनीकी साक्ष्यों और इसे भेजने वालों की पहचान खंगाल रही हैं। मंदिरों, स्कूलों और अन्य संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा को लेकर भी सतर्कता बढ़ाई जा रही है। फिलहाल जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि धमकी के पीछे वास्तव में किसी आतंकी नेटवर्क का हाथ है अथवा दहशत फैलाने की कोशिश की गई है।

गाजियाबाद में अराजकता हटाओ रैली

योगी बोले- राहुल बार-बार फेल होने वाले लड़के जैसे हारने पर कहते हैं ईवीएम खराब है

एजेंसी ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद में भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा हो रही है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम योगी मंच पर पहुंचे और कांग्रेस समेत विपक्ष पर जमकर हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस के युवराज की स्थिति ये हो गई है कि वह बार-बार फेल हो जाता है। जब रिजल्ट का पूछा तो बोलते है मैंने तो लिखा था लेकिन मास्टर जी ने कॉपी बदल दी। फिर दोबारा रिजल्ट आने पर कहा कि इस बार पेपर में प्रश्न सेलेबस के बाहर के थे। तीसरी बार पूछने पर कहा कि मैं जब पेपर लिखने बैठा तो पेन की स्याही समाप्त हो गई। फिर रिजल्ट के समय पर चौथी बार भी पास नहीं होता है। इस बार कहते हैं कि सामने वाला तेजी से लिख रहा था। जिससे ध्यान बैठ गया।

सीएम ने 'इंडी गठबंधन' पर निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस स्वार्थ के लिए लोकतंत्र पर सवाल उठा रही है। 1975 में आपातकाल लागू करने वाली लोकतंत्र की बात करना हास्यास्पद ...



ऐसे लोगों का लोकतंत्र की बात करना हास्यास्पद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन के खिलाफ दूधेश्वर नाथ की जमीन पर इकट्ठा हुए है। कांग्रेस स्वार्थ के लिए दुनिया के सबसे प्राचीन लोकतंत्र पर सवाल उठा रही है। भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस का काम हो गया है। ये वही कांग्रेस है, जिसने 1975 में आपातकाल लागू किया। ऐसे लोगों का लोकतंत्र की बात करना हास्यास्पद लगता है।

सीएम योगी का विपक्ष पर हमला

विपक्ष पर हमला सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष बाद प्राणप्रतिष्ठा में कांग्रेस और सपा नहीं आईं, क्योंकि उन्होंने इसका विरोध किया था। उन्होंने विपक्ष पर विकास में रोड़े डालने का आरोप लगाया। योगी ने कहा कि जनता कांग्रेस को जान गई है, जिसके 20 राज्यों में खाता तक नहीं खुला और कई राज्यों में वह दशकों से सत्ता से बाहर है।

समाजवादी पार्टी पर भी कसा तंज

कांग्रेस और सपा के इतिहास पर सवाल मुख्यमंत्री ने 1 नवंबर 1985 को कांग्रेस द्वारा सिखों के कत्लेआम का जिक्र किया, जिस दिन कांग्रेस शोक मनाने के बजाय जश्न मना रही थी। उन्होंने सपा के इतिहास पर भी सवाल उठाए, कहा कि चार बार सरकार रहने के दौरान लोगों के बीच कहावत थी कि जिस गाड़ी पर सपा का झंडा होता था, उसके अंदर कुख्यात गुंडा बैठा होता था। योगी ने कहा कि सपा सरकार में कई दंगे हुए, और अब वे लोकतंत्र बचाने की बात करते हैं। उन्होंने विपक्ष के आंदोलन को लोकतंत्र नहीं, बल्कि अपने परिवार को बचाने का प्रयास बताया, इसलिए भाजपा लोकतंत्र बचाने के लिए पदयात्रा निकाल रही है।

सीएम योगी ने की पीएम की तारीफ

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को मौके मिला तो कॉमनवेल्थ, कोल, समेत लाखों करोड़ के घोटाले और सुरक्षा को सेंध लगने के बाद जनता में विश्वास खो दिया। मोदी सरकार में भारत की बदलती तस्वीर को देखा है। 2014 से पहले आतंकवाद, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार था। अब इससे मुक्त है। भारत आज टॉप 4 अर्थव्यवस्था में है। कांग्रेस और उनके सहयोगी सिर्फ बैरियर बनना चाहते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल के दिल्ली में प्रदर्शन के पीछे कारण क्या है? एक ही कारण है क्योंकि पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत ने पहचान बनाई है, विरासत और विकास की यात्रा को शानदार तरीके से आगे बढ़ाने का काम किया है।

अपनी ही सरकार को चुनौती दे रहे चिराग

कहा- 'मुझे शर्म आती है कि ऐसी सरकार का हिस्सा हूं'

एजेंसी ⏭ पटना

शिक्षक-ग्रेजुएट एमएलसी चुनाव के नतीजों के बाद एनडीए के भीतर सियासी खींचतान बढ़ती दिख रही है। चुनाव में जीत दर्ज करने के तुरंत बाद दो निर्दलीय एमएलसी बंशीधर ब्रासवासी और राहुल राज के भाजपा की सदस्यता लेने की खबर सामने आई।



इसको लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने दोनों निर्दलीय एमएलसी के साथ-साथ भाजपा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

गठबंधन की राजनीतिक लाइन से अलग अपना रुख

हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब चिराग पासवान ने एनडीए में रहते हुए गठबंधन की राजनीतिक लाइन से अलग अपना रुख जाहिर किया है। इससे पहले भी वह कई मौकों पर अपनी ही सरकार के कामकाज और नीतियों पर सवाल उठाते रहे हैं। जमुई में नाबालिग लड़की के साथ बदसलूकी और छेड़छाड़ की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने यहां तक कहा था कि उन्हें शर्म आती है कि वह ऐसी सरकार का हिस्सा हैं। उनके इस बयान के बाद सरकार को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा था।

'गठबंधन में हूं, लेकिन रीढ़विहीन नहीं

इसी तरह, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के दौरान भी चिराग पासवान ने एनडीए की राजनीतिक लाइन से अलग अपना रुख जाहिर किया था। हालांकि, चिराग पासवान इस तरह की राजनीतिक रणनीति की बात को खारिज करते रहे हैं। उनका कहना है कि गठबंधन में रहने का मतलब यह नहीं है कि वह अपनी बात नहीं रख सकते। इसी क्रम में उनका एक बयान काफी चर्चा में रहा था कि 'गठबंधन में हूं, लेकिन रीढ़विहीन नहीं हूं। चिराग पासवान ने कहा कि सच को सच कहना ही पड़ता है। उनकी सीधी जिम्मेदारी जनता के प्रति है। वह जनता के हित को ध्यान में रखकर ही काम करते हैं और अपनी बात रखते हैं।

फ्री राशन वितरण 6 से दो पालियों में किया जाएगा खाद्य एवं रसद विभाग ने जारी किया आदेश

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के सभी राशन कार्डधारकों के लिए जरूरी खबर है। नवंबर महीने के लिए फ्री राशन वितरण की डेट आ गई है। दिवाली से पहले यानी 6 नवंबर से कोटे की दुकानों पर राशन वितरण शुरू होगा। राशन वितरण 30 नवंबर तक किया जाएगा।

खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से जारी आदेश के अनुसार, सभी पात्र लाभार्थियों को निर्धारित अवधि के भीतर अपना राशन प्राप्त करना होगा। राशन का वितरण सुबह आठ बजे से दो पालियों में होगा। अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलो गेहूं और 21 किलो फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किलो राशन) मिलेगा। जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट पांच किलो राशन मिलेगा। इसमें दो किलो गेहूं और तीन किलो फोर्टिफाइड चावल शामिल होगा। राशन का वितरण दो पालियों में सुबह आठ बजे से 12 बजे तक और फिर



दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक किया जाएगा।

अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की राशन दुकानों पर दर्ज लाभार्थियों के राशन कार्ड का सत्यापन कर पात्र छूटे हुए मतदाताओं की पहचान की जाएगी। सके माध्यम से उनका फार्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों से राशन की दुकानों से निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट प्राप्त करने को कहा है। पुनरीक्षण अभियान के तहत दावे और आपत्तियां लेने की अंतिम तिथि के तीन दिन के भीतर पूरी रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजनी होगी।

राशन की दुकानों पर चिह्नित होंगे छूटे हुए मतदाता

वहीं मतदाता सूची में छूटे हुए लोगों को जोड़ने के लिए अब सरकारी राशन की दुकानों की भी मदद ली जाएगी। खाद्य एवं रसद विभाग के तहत संचालित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर पंजीकृत राशन कार्ड धारकों में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के ऐसे लाभार्थियों को चिह्नित किया जाएगा, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है। इनमें खासतौर पर महिलाओं और युवा मतदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने पर जोर दिया गया है। दरअसल निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर के बीच आपत्तियां व दावे लिए जाएंगे।

हाईकोर्ट में बदले पार्किंग के नियम

अब आम लोगों को गाड़ी खड़ी करने की नहीं मिलेगी अनुमति

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड हाई कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और वाहनों की आवाजाही सुचारू बनाने के लिए पार्किंग के नियमों में बदलाव किया गया है। अब हाई कोर्ट के ब्लाक नंबर-एक की आंतरिक (इनर) पार्किंग में केवल अधिवक्ताओं और हाई कोर्ट के कर्मचारियों को ही वाहन खड़ा करने की अनुमति होगी। आम आगंतुकों को अपने वाहन निर्धारित बाहरी पार्किंग स्थल



पर ही पार्क करने होंगे। झारखंड हाई कोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन ने यह व्यवस्था ट्रायल के आधार पर लागू की है, जो अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। एसोसिएशन के महासचिव नवीन कुमार की ओर से जारी आधिकारिक सूचना में कहा गया है कि पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने, उपलब्ध स्थान का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने और बेतरतीब ढंग से वाहनों की पार्किंग पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन पुत्र** राजेश **निवासी:** डी–40, पश्चिम विनोद नगर, दिल्ली–110092, ने **FIR No. 26022/2019, U/S 379 IPC, पुलिस स्टेशन मंडावली, पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 26022/2019, U/S 379 IPC, पुलिस स्टेशन मंडावली, पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अमन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन

DP/16071/ED/2026
(Court Matter)

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पूर्व जिला, कोर्ट नं0–16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली



अग्निवीर योजना को 24 घंटे में खत्म कर देंगे

एजेंसी ⏭ अयोध्या

उत्तर प्रदेश के फैजाबाद से समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद ने अग्निवीर योजना पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। इसके बाद केंद्र में सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को 24 घंटे के भीतर खत्म करने की घोषणा की है। दरअसल, केंद्र सरकार ने योजना में बड़ा बदलाव किया है। अग्निवीरों की सेवा को 4 साल से बढ़ाकर 6 साल किया गया है।

25 फीसदी अग्निवीरों को नियमित सैनिक बनाने का निर्णय लिया गया है। वहीं, बचे 75 फीसदी अग्निवीरों का मूल्यांकन करने के बाद सैनिक बनाए जाने पर निर्णय लिया जाएगा।

पेज एक का शेष

मातृ शक्ति ...

हरियाणा है जहां गांव में आज लाल डोरा नहीं है। परिवार पहचान पत्र बनाने वाला राज्य हरियाणा बना।

भारत खेल में ...

फिर ये दिखा दिया है कि सबसे ऊंची उड़ान हौसलों से होती है।

खिलाड़ियों के कोच की तारीफ की: पीएम मोदी ने इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को भी बधाई दी। खिलाड़ियों के कोच की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक सामान्य खिलाड़ी के पीछे कोच को जितनी मेहनत करनी पड़ती है, पैरालंपिक के लिए उससे अनेक गुना ज्यादा मेहनत करनी होती है, तब जाकर के रंग बिखरते हैं। इसलिए उनको मैं विशेष बधाई देता हूं, उनका अभिनंदन करता हूं।

MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK

(A STATE UNIVERSITY ESTABLISHED UNDER HARYANA ACT NO. XXV OF 1975)
'A+' Grade University accredited by NAAC

नीलामी सूचना (Advt. No. PR-12 of 2026)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक की निम्नलिखित गाड़ियों, पुराने टायर, ट्यूब, फ्लैप तथा गाड़ियों के पुराने अनुपयोगी सामान की, जहाँ है जैसी है के आधार पर, दिनांक **16.11.2026 को प्रातः 11:00 बजे** विश्वविद्यालय के परिवहन कार्यालय में खुली बोली द्वारा नीलामी की जाएगी।

नीलामी की अन्य शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mdurohtak.ac.in पर उपलब्ध हैं।

नीलामी हेतु गाड़ियों का विवरण

क्रमांक	गाड़ी का मेक/विवरण	रजिस्ट्रेशन नं.	ईंधन का प्रकार	मॉडल वर्ष
1.	Honda Civic	HR12AC4424	पेट्रोल	2008
2.	Maruti Suzuki SX4	HR12GV3489	पेट्रोल	2011
3.	Toyota Innova	HR12GV6629	डीजल	2011
4.	M&M Genio	HR46GV2080	डीजल	2015
5.	TATA Bus (40 Seater)	HR46GV4656	डीजल	2014
6.	TATA Bus (40 Seater)	HR46GV3689	डीजल	2014
7.	TATA 407	HR46GV6838	डीजल	2014

अन्य सामान का विवरण

क्रमांक	सामान का विवरण	मात्रा
1.	पुराने टायर	64 नग
2.	पुरानी ट्यूब	17 नग
3.	फ्लैप	17 नग
4.	गाड़ियों का पुराना अनुपयोगी सामान	लगभग 100 किलोग्राम

नीलामी की तिथि: 16.11.2026 (सोमवार)
समय: प्रातः 11:00 बजे
स्थान: परिवहन कार्यालय, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक।
नीलामी की अन्य शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

कुलसचिव
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय
रोहतक

संवाद-1235/11/186/2027/50829/C/88/7 दि. 05.11.26

सेलिब्रेशन

बच्चो, दो दिन बाद दीवाली है। दीवाली सेलिब्रेशन की तुमने पूरी प्लानिंग कर ली होगी। तुम्हारी ही तरह चाइल्ड आर्टिस्ट्स भी दीवाली खूब मन से सेलिब्रेट करते हैं। यहां टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं, अपनी दीवाली सेलिब्रेशन की प्लानिंग। साथ ही एक स्वीट मेमोरी के बारे में भी बता रहे हैं।

दीवाली सबकी खुशियों वाली



प्यार और रोशनी से भरें अपने जीवन को: हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में हरिति जोशी तारा का रोल निभा रही है। इस रोल में दर्शक उसे खूब पसंद कर रहे हैं। दीवाली का त्योहार हरिति को बहुत पसंद है। वह इस दिन को किस तरह सेलिब्रेट करती है, इस बार दीवाली को लेकर उसकी क्या खास प्लानिंग है, वह बताती है, 'मैं दीवाली अपने परिवार के साथ दीये जलाकर, मिठाइयां बांटकर, खूब सारी मस्ती के साथ मनाती हूं। इस बार भी घर को सजाने और सबके साथ खुशियां बांटने की स्पेशल तैयारी है।' हरिति को अपने परिवार के साथ दीवाली सेलिब्रेट करना बहुत अच्छा लगता है। वह बताती है, 'मेरी सबसे मेमोरेबल दीवाली वह होती है, जब मैं इसे पूरी फैमिली के साथ मिलकर सेलिब्रेट करती हूं। हम साथ मिलकर दीये जलाते हैं, पटाखे छुड़ाते हैं, ढेर सारी फोटोज खींचते हैं, खूब एंज्वॉय करते हैं।' दीवाली पर हरिति कुछ ऐसा जरूर करना चाहती है, जिससे दूसरों को भी दीवाली की खुशी मिल सके। वह बताती है, 'इस दिन मैं जरूरतमंद लोगों की मदद करके, उनके साथ मिठाइयां बांटकर और उनके चेहरों पर मुस्कान लाकर दीवाली की खुशियां बांटना चाहती हूं।' बालभूमि के पाठकों के लिए हरिति का मैसेज है, 'सभी दोस्तों को मेरी तरफ से हैप्पी दीवाली!'*

सबके चेहरे पर होनी चाहिए स्माइलः भूमि रामोला



इन दिनों भूमि रामोला, सोनी सब के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में तितली के किरदार में दिख रही है। दीवाली का नाम सुनते ही वह उत्साह से भर उठती है। चहकते हुए भूमि बताती है, 'मुझे दीवाली का त्योहार बहुत पसंद है। घर में लाइट्स लगाना, दीये सजाना और रंगोली बनाना, ये सब करना मुझे बहुत भाता है। हर बार की तरह इस बार भी दीवाली पर मैं मम्मी-पापा के साथ मिलकर घर सजाऊंगी और पूजा करूंगी। मुझे बहुत अच्छा लगता है, जब दीवाली पर पूरा घर लाइट्स से चमकता है। हम सब परिवार के लोग साथ में होते हैं।' भूमि दीवाली से जुड़ा एक मेमोरेबल इंसिडेंट भी बताती है, 'एक बार दीवाली पर मैंने आग में पटाखा-गन वाली गोली डाल दी थी। एक आवाज के साथ आग एकाएक तेज से जली। इस आग में मेरा लहंगा जल गया। उस दिन मुझे समझ में आ गया कि पटाखों का गलत इस्तेमाल कितना खतरनाक हो सकता है। अब मैं दीवाली पर पटाखे नहीं जलाती। अब मुझे दीये सजाना, घर डेकोरेट करना और परिवार के साथ पूजा करना ज्यादा अच्छा लगता है।' हम सबको दीवाली पर ऐसा कुछ खास क्या करना चाहिए, जिससे दूसरों के घरों में भी खुशियों का उजाला फैले? पूछने पर भूमि बताती है, 'मुझे अपनी चीजें दूसरों के साथ शेयर करना अच्छा लगता है।



अगर मैं किसी की मदद कर सकूं या किसी को हंसा सकूं, तो मुझे बहुत खुशी होती है। मुझे लगता है कि दीवाली पर सबके चेहरे पर स्माइल होनी चाहिए, सबके साथ खुशियां बांटनी चाहिए!' 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए भूमि का मैसेज है, 'दीवाली पर खूब मस्ती करें, मिठाइयां खाएं और अपने परिवार के साथ खुशियां मनाएं। लेकिन पटाखे न जलाएं, क्योंकि उनसे एनिमल्स डर जाते हैं और पॉल्यूशन भी फैलता है। दीवाली पर आप खूब सारे दीये सजाएं, सबके साथ खुशियां बांटें और हमेशा खुश रहें, यही विशेज है! हैप्पी दीपावली!'*

जरूरतमंदों की करें मदद-बांटें खुशियांः सुभाष सिंह



सोनी सब के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में भीम का किरदार निभा रहें सुभाष सिंह को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। वह दीवाली सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'मैं यह त्योहार अपने परिवार के साथ बहुत खुशी से मनाता हूं। हम घर की साफ-सफाई करते हैं, शाम को रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, मां लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा करते हैं।' दीवाली से रिलेटेड किसी स्पेशल मेमोरी के बारे में पूछने पर सुभाष बताता है, 'मेरे लिए तो दीवाली से जुड़ी हर मेमोरी स्पेशल होती है। फैमिली मेंबर्स के साथ मिलकर घर सजाना, रंगोली बनाना और पूजा करना, ये सब मेरे लिए मेमोरेबल मोमेंट्स होते हैं। जब पूरा घर दीयों की रोशनी से जगमगा उठता है, सबके चेहरों पर मुस्कान होती है, तो वह पल मेरे लिए बहुत खास होता है।' दीवाली खुशियां मनाने के साथ-साथ खुशियां बांटने का भी पर्व है। इसके लिए सुभाष क्या करता है, वह बताता हैं, 'मेरी कोशिश रहती है कि दीवाली पर जरूरतमंद लोगों की मदद करूं। उनके साथ मिठाइयां और दीवाली से जुड़ी चीजें बांटूं। दीवाली का असली अर्थ सिर्फ अपने घर को रोशन करना नहीं, दूसरों के जीवन में भी खुशियों का उजाला फैलाना है।' दीवाली पर 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए सुभाष का मैसेज है, 'आप सभी की जिंदगी प्यार, खुशियों और सफलता की रोशनी से जगमगाती रहे। खूब खुशियां बांटिए।'*



प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

एंज्वॉयमेंट/ शिखर चंद जैन

बच्चो, दीपावली पर हर साल तुम दीये जलाते हो, पटाखे-फुलझड़ियां भी छुड़ाते हो। क्यों न इस बार कुछ अलग तरह से दीपावली सेलिब्रेट करो, कुछ आइडियाज।

कुछ अलग तरीके से इस बार मनाओ दीपावली



बच्चो, दीवाली केवल पटाखे छुड़ाने, मिठाइयां खाने का ही त्योहार नहीं है। यह तो एक ऐसा जगमगाता पर्व है, जो हमारे आस-पास के माहौल को खुशियों से भर सकता है। इसके लिए तुम्हें कुछ नए तरीके से दीपावली मनानी होगी।

सजाओ प्यारे दीयेः दीपावली पर हर बार बाजार से दीये लाकर तुम जलाते ही हो। इस बार बाजार से मिट्टी के सादे दीये लाओ। लेकिन उन्हें अपने हाथों से कलर करो। कुछ दीयों पर छोटे-छोटे स्माइली भी बना सकते हो। जब तुम्हारे हाथों से सजे दीये रोशन होंगे तो तुमको अलग ही खुशी मिलेगी।

प्रेजेंट करो ग्रेटिट्यूड कार्डः दीवाली की रात पूजा के बाद अपने मम्मी-पापा को अपने हाथों से बना एक 'थैंक यू' कार्ड देना। उसमें लिखना कि उन्होंने पूरे साल तुम्हारे लिए जो कुछ किया, उसके लिए तुम उनके प्रति बहुत थैंकफुल हो। यकीनन, यह कार्ड देखकर वे बहुत खुश हो जाएंगे।

नो-साउंड लाइट शोः दीपावली की रात को पटाखे जलाकर शोर-शराबा करने के बजाय, घर की छत या टेरेस पर सभी दोस्त इकट्ठे हो जाओ। सब अपनी-अपनी बनाई रंग-बिरंगी लालटेन या ईको-फ्रेंडली कैंडल्स लाएं। धीमी आवाज में पसंदीदा संगीत चलाएं, गद्दे बिछाकर आसमान के तारों को देखें और जगमग रोशनी के नीचे एक-दूसरे को मजेदार कहानियां या चुटकुले सुनाएं।

बुजुर्ग पड़ोसियों की केयर करोः तुम्हारे पड़ोस में ऐसे कुछ बुजुर्ग दादा-दादी रहते होंगे, जिनके बच्चे बाहर रहते हैं या जो अकेले हैं। दीवाली के दिन कम से कम आधा घंटा उनके घर जाकर बिताओ। उनके पुराने दिनों की दीवाली की कहानियां सुनो, उनके साथ दीये जलाओ और अगर किसी काम में कोई दिक्कत हो रही हो, तो उनकी मदद करो। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी, उनकी भी दीपावली हैप्पी हो जाएगी।

बेजुबान जानवरों का रखो ध्यानः पटाखों के धमाकों से कुत्ते, बिल्लियां और पक्षी बहुत ज्यादा डर जाते हैं। इस बार दीवाली पर अपने आस-पास के बेजुबान जानवरों के लिए अपने घर के बाहर पानी का बर्तन रखो और उनके छुपने के लिए कोई सुरक्षित जगह बना सकते हो। दोस्तों को भी समझाओ कि जानवरों के पास पटाखे न चलाएं।*

कविता / दिनेश विजयवर्गीय

फुलझड़ी



दीवाली के दीप जले
फुलझड़ी के फूल खिले
चुन्नू-मुन्नू छोटे बच्चे
बस चलाते फुलझड़ी।
आसमान के तारों सी
फूल खिलाती फुलझड़ी
सब बच्चों का मन मुस्काती
प्रकाश फैलाती फुलझड़ी।
पापा चलाते बम-पटाखे
नहीं चलाते फुलझड़ी
हमसे कहते दूर रहो
बस चलाओ फुलझड़ी।
यहां-वहां घूम-घूम कर
खूब चलाते फुलझड़ी
दादा-दादी खुश हो जाते
जब फूल खिलाती फुलझड़ी।

बूझो तो जानें



1 दो अक्षर का है मेरा नाम,
घर रोशन करना मेरा काम।
देखकर मुझको तम भागे है,
घर-आंगन के भाग जागे हैं।

2 घर-आंगन में सजती है,
जीवन में रंग भरती है,
छटा इसकी निराली है,
मन को खूब लुभाती है।

3 दिखता हूं मैं सीधा-सादा,
पर चलता हूं टेढ़ा-मेढ़ा
धरती से है नाता तोड़ा,
मैंने नभ से नाता जोड़ा।

- नलिन खोईवाल

उत्तर: 1. दीया, 2. रंगोली, 3. पतंग

जीके क्विज-230

1. एक दिवसीय क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक किसने बनाया है?
2. भारत के वर्तमान कृषि मंत्री कौन हैं?
3. हाल में ही किसे देश का नया वायुसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?
6. शांति निकेतन की स्थापना किसने की थी?
7. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
8. कार्तिक पूर्णिमा को किस महान संत की जयंती मनाते हैं?
9. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
10. आग बुझाने के लिए मुख्यत: किस गैस का इस्तेमाल किया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-230 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-229 का उत्तरः 1.पैरा शूटिंग, 2.गाजियाबाद और वाराणसी, 3.एस. जयशंकर, 4.ग्यानीमीड, 5.कार्बन डाईऑक्साइड, 6.मध्य प्रदेश, 7.खान अब्दुल गफ्फार खान, 8.ह्वांग-हो, 9.रांची, 10.24 अक्टूबर

जीके क्विज-229 का सही उत्तर देने वालेः ईशान-बस्तर, अदिति-दुर्ग, काव्या-जींद, आर्यन-भोपाल, जूही-कटनी, नितिन-कोंडागांव, राघव-जशपुर, प्रीतिमा-रोहतक, अग्रिम-जबलपुर, टीना-जींद, पंखुड़ी-रायपुर, एकाग्र-बिलासपुर, प्रत्यूष-सतना, पूजा-दिल्ली, पाखी-भिलाई, सुमन-रायगढ़



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

दीवाली की सुबह नितिन के दादा जी को एकाएक बहुत जोर से खांसी शुरू हो गई। उन्हें प्रदूषण के कारण अस्थमा का अटैक हुआ था। घर के सभी लोग दादा जी को लेकर चिंचित हो गए। नितिन ने सिर्फ चिंता ही नहीं की, तुरंत इस समस्या का समाधान पापा को सुझाया। यह सुझाव इतना अच्छा था, दादा जी के लिए दीवाली का बहुत उपयोगी उपहार बना।

दीवाली गिफ्ट



दीवाली की सुबह नितिन की नींद खुली तो वह बिस्तर में लेटे-लेटे आज खरीदे जाने वाले पटाखों के बारे में सोचने लगा। नाश्ता करने के बाद उसे पापा के साथ पटाखे खरीदने बाजार जाना था। तभी नितिन को उसे उसी कमरे में सो रहे दादा जी की खांसी की आवाज सुनाई दी। उन्हें अस्थमा (दमा) की बीमारी है, इसलिए उन्हें अकसर खांसी आया करती है, जो आमतौर पर थोड़ी देर बाद शांत हो जाती है, लेकिन इस बार उनकी खांसी न तो रुकी और न ही कम हुई।

नितिन समझ गया, दादा जी को अस्थमा का दौरा पड़ा है। वह झट बिस्तर से उतरा और मम्मी-पापा के कमरे में जाकर उन्हें दादा जी के खांसने वाली बात बताई। मम्मी-पापा तुरंत दादा जी के पास पहुंचे। वह बहुत ज्यादा खांस रहे थे। पापा ने जल्दी से दादा जी की वह दवा दी, जो ऐसी हालत होने पर देने के लिए डॉक्टर ने कह रखा है। दवा लेने के कुछ देर बाद दादा जी की खांसी काबू में आ गई। वह बिस्तर पर लेट गए।

'प्रदूषण की वजह से पिता जी की ऐसी हालत ही हो जाती है।' पापा बोले।

'दीवाली के कारण इन दिनों बढ़ भी तो गया है न प्रदूषण।' मम्मी बोलीं।

'अभी तो रात तक देखना और कितना बढ़ जाएगा प्रदूषण, जब लोग चलाएंगे पटाखे।' पापा ने कहा तो नितिन बोला, 'पापा, कल स्कूल में विज्ञान के सर प्रदूषण वाला पाठ पढ़ाते हुए बता रहे थे कि एयर प्यूरीफायर लगाने से भी प्रदूषण से बचाव होता है। इसलिए क्यों न घर में एयर प्यूरीफायर लगवा लें। इससे दादा जी को अस्थमा से आराम मिलेगा।'

नितिन की बात सुनकर पापा कुछ पल तक सोचते रहे फिर बोले, 'तुम्हारी बात सही है बेटा, लेकिन एयर प्यूरीफायर कोई दो-चार सौ रुपए का तो आता नहीं, जो तुरंत जाकर खरीद लिया जाए। इस पर तो हजारों रुपए लगते हैं। इसलिए इसे खरीदने के लिए पहले पैसों का प्रबंध करना पड़ेगा।' 'अभी तो दीवाली का ही इतना खर्चा है।' मम्मी कहने लगीं। 'एयर प्यूरीफायर खरीदने की बात तो मेरे दिमाग में भी है, पर इसके लिए पैसा बच ही नहीं पाता। चलो, बाद में खरीद लेंगे कभी।' मजबूरी भरे स्वर में पापा बोले।

पापा की बात सुनकर नितिन कुछ देर तक सोचता रहा जैसे किसी असमंजस में हो। फिर सधी हुई आवाज में बोला,'पापा, आज दीवाली पर मुझे जो पटाखे लेने हैं, अगर वो न लूं तो इससे कुछ पैसे बच सकते हैं न।'

'पर तुम्हारे आठ-नौ सौ रुपए के पटाखे न खरीदने से तो नहीं लिया जा सकता न एयर प्यूरीफायर!' कहते हुए पापा हल्के-से मुस्कुरा पड़े।

'मेरी गुल्लक में भी तो हैं कुछ रुपए!' नितिन हार मानने को तैयार नहीं था।

'लेकिन उसमें भी कितने होंगे बेटू! हजार-डेढ़ हजार से ज्यादा कहां होंगे।' मम्मी बोल उठीं।

बिस्तर पर लेटे हुए दादा जी सारी बातें सुन रहे थे, वह बोले, 'दो-अढ़ाई हजार तो मेरे पास भी निकल आएंगे।' 'मेरे पास तो जो थोड़े-बहुत रुपए थे, सब खर्च हो गए त्योहारों पर!' मम्मी मन मसोस कर बोलीं।

यह सब सुनकर पापा ने कहा, 'लेकिन इतने रुपयों से तो आ नहीं पाएगा एयर प्यूरीफायर। मैं जानता हूं कि पिताजी की सेहत के लिए इसे खरीद लेना चाहिए, पर क्या करें पैसे ना होने की वजह से इसे खरीदना नहीं हो पा रहा है।'

पापा की बात सुनकर नितिन सोच में पड़ गया फिर बोला, 'पापा, खरीद लीजिए न एयर प्यूरीफायर किसी तरह! दादाजी की सेहत की बात है। आप चाहे मेरी ट्यूशन बंद करवा दीजिए।'

पापा ने कुछ सोचा फिर बोले, 'न तो पिताजी से रुपए लेने हैं और न नितिन की गुल्लक खाली करनी है। नितिन की ट्यूशन भी जरूरी है। मैं ऐसा करता हूं कि एयर प्यूरीफायर को किस्तों पर खरीद लेता हूं।'

'बहुत बढ़िया, पापा! पहली किस्त के लिए आप उन रुपयों को मिला लेना, जो मेरे पटाखे न खरीदने से बचेंगे।' नितिन खुशी-खुशी बोला।

'अरे नहीं बेटा, तुम खरीद लेना पटाखे।' पापा मुस्कुरा दिए। 'नहीं पापा, पटाखे चलाकर मैं प्रदूषण को और नहीं बढ़ाना चाहता।' नितिन मजबूत इरादे के साथ बोला। 'ठीक है, जैसी तुम्हारी मर्जी।' पापा बोले।

'शाबाश बेटू, प्रदूषण न बढ़ने पाए, यह तुम्हारी बड़ी अच्छी सोच है!' मम्मी ने नितिन की तरफ प्रशंसा भरी नजरों से देखते हुए कहा।

'तो ठीक है, नाश्ता करके एयर प्यूरीफायर खरीदने चला जाता हूं मैं।' पापा के यह कहते ही नितिन झट से बोला, 'पापा, मैं भी चलूंगा आपके साथ। उसको आज ही घर पर लगवा लेंगे।'

'ठीक है, आज ही लगवा लेंगे।' पापा ने कहा तो नितिन हंसते हुए बोला, 'यह तो दादा जी के लिए स्पेशल दीवाली गिफ्ट होगा!

सुनकर दादा जी, पापा और मम्मी जोरों से हंस पड़े।*

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दीपों का त्योहार

सजी खुशी की बंदनवार,
आया दीपों का त्योहार!
डरकर भाग गया अंधियारा,
उजियारे ने पाया प्यार।
महानगर-सा दिपदिप करता,
अपना छोटा-सा घर द्वार।
उछल-कूदकर धूम मचाते,
यहां-वहां फुलझड़ी, अनार।
हमें दुकानों पर बुलवाएं,
खील-बताशे बारंबार।
चली गंदगी मुख बिचकाती,
हुई सफाई की जयकार।
नन्हे-नन्हे दीपक बोलें,
अन्धायों को मिलती ठार।
आदर्शों को हम अपनाएं,
सभी बड़ों का हो सत्कार।

रंग भरो-214

रंग भरो-214 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





धृष, दिल्ली



ईशांत, दिल्ली



नैतिक, दिल्ली



आन्या, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



रशिका, जांजगीर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

श्वेता-दिल्ली, रचना-दुर्ग, पवन-चंपा, सोनू-जबलपुर, यशी-भोपाल, जतिन-महासमुंद, मनीष-रोहतक, मानसी-भिवानी, चेतना-जांजगीर, राहुल-धमतरी, हरीश-बिलासपुर, कार्तिक-गरियाबंद, अंकिता-करनाल, जितेश-रायपुर, रोहित-बस्तर

रंग भरो 215



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी दीपावली पर रंगोली के पास दीये जला रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

मुख्यमंत्री ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित किया

संविधान और आम नागरिक का वोट ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

करनाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में करनाल में आयोजित 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री एवं करनाल सांसद मनोहर लाल और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने जनसभा को संबोधित किया। नेताओं ने लोकतंत्र, संविधान, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, राष्ट्रीय एकता और विपक्ष की राजनीति को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत संविधान और सामान्य नागरिक का वोट है। किसी व्यक्ति के पास धन, प्रभाव या बड़ा राजनीतिक परिवार हो अथवा न हो, मतदान केंद्र पर हर नागरिक के वोट का अधिकार बराबर है। उन्होंने कहा कि एक वोट में किसान का परिश्रम, मजदूर की उम्मीद, नौजवान का भविष्य और माताओं-बहनों की आकांक्षाएं जुड़ी होती हैं।



मतदाता सूची का पुनरीक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी प्रक्रिया : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण चुनाव आयोग की संवैधानिक प्रक्रिया है, जो समय-समय पर होती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एसआईआर को लेकर झूठ और भ्रम फैलाने का काम कर रही है। सैनी ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी प्रक्रिया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 'आज का चाणक्य' बताते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए निर्णायक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए हटाकर अमित शाह ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया।

देश में अराजकता पैदा करना चाहता है विपक्ष : मनोहर

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के कुछ नेता देशविरोधी तत्वों को आगे करके उनके कंधों पर बंदूक रखने की कोशिश कर रहे हैं।

मांदर की थाप पर नर्तकों संग थिरके सीएम

आंचलिक करम पूजा महोत्सव संपन्न, मुख्यमंत्री हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम बनगांव में आयोजित आंचलिक करम पूजा महोत्सव 2026 के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मांदर की थाप पर नर्तकों के साथ जमकर थिरके। इससे पहले मुख्यमंत्री साय ने करम राजा की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की।

पारंपरिक उत्साह, उल्लास और श्रद्धा के साथ आयोजित इस महोत्सव में जनजातीय संस्कृति की मनमोहक छटा देखने को मिली।

विकास कार्यों की सौगात दी

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देते हुए ग्राम बनगांव में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपये तथा सीसी रोड निर्माण के लिए 20 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने बनगांव में अखड़ा निर्माण और सहसपुर में मिनी स्टेडियम निर्माण की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि करम परब हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, गौरवशाली परंपराओं और पूर्वजों की अमूल्य धरोहर है। यह पर्व प्रकृति के प्रति हमारी गहरी आस्था, प्रेम और सम्मान की भावना को अभिव्यक्त करता है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीने की जो परंपरा विकसित की।

सप्रे पर निर्णय के लिए सिंघार ने एससी के प्रति व्यक्त किया आभार

भोपाल। विस में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे के दल-बदल मामले में विस अध्यक्ष को दो महीने के भीतर निर्णय लेने का स्पष्ट आदेश देने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार व्यक्त किया है।

■ विस अध्यक्ष से न्यायसंगत, संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप निर्णय की अपेक्षा

सिंघार ने ही सप्रे की सदस्यता समाप्त करने के लिए पहले हाईकोर्ट और इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सिंघार ने कहा कि बीना से कांग्रेस के टिकट पर निर्वाचित विधायक निर्मला सप्रे के दल-बदल मामले में सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मर्यादाओं के महत्व को रेखांकित करता है। हम सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त करते हैं कि हमारी याचिका पर सुनवाई करते हुए विस अध्यक्ष को दो महीने के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं। सिंघार ने कहा कि जनता ने निर्मला सप्रे को कांग्रेस के टिकट पर चुनकर विस भेजा था। जनता के जनादेश के साथ विश्वासघात करने वालों को दल-बदल कानून के तहत जवाबदेह बनाना आवश्यक है। लोकतंत्र में जनता का विश्वास और उसके जनादेश की गरिमा सर्वोपरि है।

भृगु भार्गव समाज ने किया कर्मचारी नेता पांडे का सम्मान



भोपाल। भगवान परशुराम मंदिर शिवाजी नगर में भृगु भार्गव समाज के प्रदेश महासचिव डॉ अनिल भार्गव ने कर्मचारी नेता अशोक पांडेय का सम्मान किया। इस अवसर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, विशेष अतिथि सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष विष्णु राजोरिया, कर्मचारी नेता जितेंद्र सिंह, जितेंद्र शाक्य, नागेश पांडे आदि उपस्थित थे।

भाजपा ने किया महारैली का आयोजन

कांग्रेस की दोगली राजनीति की वजह से भटक रहे युवाः सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर में भाजपा की ओर से 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत महारैली का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस की दोगली राजनीति की वजह से युवा भटक रहे हैं। यह रैली नेताजी सुभाष स्टेडियम में होगी से घड़ी चौक रायपुर तक रैली निकली गई। जिसमें सीएम भी शामिल हुए। भाजपा देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ'नारे के साथ कार्यकर्ताओं ने रैली में हुंकार भरी। महारैली में शामिल होने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव , सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंत्री टंक राम वर्मा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, महापौर मीनल चौबे सहित प्रदेश भर से भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में रैली में रायपुर पहुंचे। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आज भाजपा द्वारा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत महारैली का आयोजन किया गया।

8 आईपीएस इधर-उधर, अवधेश पीएसओ के साथ नारकोटिक्स संभालेंगे

डीजीपी के पीएसओ विनीत कपूर भेजे गए साइबर-सामुदायिक पुलिसिंग का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएचक्यू में पदस्थ 8 आईपीएस अधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। डीआईजी विनीत कपूर को डीजीपी के पीएसओ पद से हटाकर साइबर और सामुदायिक पुलिसिंग की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी जगह डीआईजी अवधेश कुमार गोस्वामी को डीजीपी का नया पीएसओ बनाया गया है। इसके साथ ही अवधेश कुमार गोस्वामी को नारकोटिक्स का प्रभार भी सौंपा गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक नई जिम्मेदारियां दी गई हैं।



डीजीपी के पीएसओ और नारकोटिक्स की जिम्मेदारी बदली

2009 बैच के डीआईजी अवधेश कुमार गोस्वामी को कल्याण एवं लेखा विभाग से हटाकर डीजीपी का पीएसओ बनाया गया है। उन्हें नारकोटिक्स की जिम्मेदारी भी दी गई है। वहीं, 2010 बैच के डीआईजी विनीत कपूर अब साइबर और सामुदायिक पुलिसिंग का काम देखेंगे।

पीटीआरआई, विसबल और कल्याण विभाग में भी बदलाव

2009 बैच के डीआईजी संतोष सिंह गौर को अजाक से पीटीआरआई भेजा गया है। इसी बैच के डीआईजी तुषार कांत विद्यार्थी को पीटीआरआई से विसबल मुख्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। 2012 बैच के डीआईजी रघुवंश कुमार सिंह अब कल्याण एवं लेखा विभाग का काम देखेंगे। इससे पहले वे पुलिस मुख्यालय में पदस्थ थे। वहीं 2014 बैच के साईकृष्ण थोटा को पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक साइबर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार पुनीत गहलोद सहायक पुलिस महानिरीक्षक प्रशासन देखेंगे।

पूर्व दिशा की ओर जाने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2026

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 06.11.2026 एवं 07.11.2026 को पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

दिनांक 06.11.2026 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	स्थान	ठहराव
02436	नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस	08:35	पटना जं.	21:30	एग्जीक्यूटिव चेयर कार एवं एसी चेयर कार	अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा
04028	आनन्द विहार (ट.)	09:15	मुजफ्फरपुर जं.	04:30	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर जं.
04014	आनन्द विहार (ट.)	15:40	लौकहा बाजार	20:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., शीशो जं., सकरी जं., झंझारपुर एवं वाचस्पति नगर
04096	आनन्द विहार (ट.)	00:05	पाटलिपुत्र जं.	23:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल जं.	06:35	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर एवं सहरसा जं.
04052	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा	23:40	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बंडेल
04062	आनन्द विहार (ट.)	12:00	भागलपुर	13:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज
04090	नई दिल्ली	23:30	दानापुर	15:00	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	दिल्ली जं., गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाह नगर, बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जनकपुर रोड एवं कमतौल
04064	दिल्ली जं.	11:00	गया जं.	07:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाह नगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं.
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जनकपुर रोड, कमतौल, शीशो जं. एवं सकरी जं.
04022	नई दिल्ली	14:30	गोरखपुर जं.	04:10	प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं., गोंडा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद
04058	आनन्द विहार (ट.)	00:20	छपरा जं.	19:20	प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, सारनाथ, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, रेवती एवं सुरेमनपुर
04066	आनन्द विहार (ट.)	05:00	सबौर	07:00	2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज एवं भागलपुर
04214	आनन्द विहार (ट.)	09:00	अयोध्या कैंट	22:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., लखनऊ जं. एवं बाराबंकी जं.
02564	नई दिल्ली	17:55	बरौनी जं.	15:10	3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनोमी), शयनयान	कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं.
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00	3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनोमी), शयनयान	कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं.
04164	शकूर बस्ती	21:30	नारायनपुर बाजार	12:25	प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, दादरी, खुर्जा जं., अलीगढ़ जं., हाथरस जं., टुंडला जं., शिकोहाबाद जं., इटावा जं., फफूंद, कानपुर सेंट्रल, बिंदकी रोड, फतेहपुर, सिराथू, भरवारी, प्रयागराज जं., करछना, मेजा रोड, मिर्जापुर एवं चुनार
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेन्ट्रल	13:15	3 टियर वाता. एवं शयनयान	अलीगढ़ जं. एवं इटावा जं.

दिनांक 07.11.2026 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची

02252	नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस	08:35	पटना जं.	21:30	एग्जीक्यूटिव चेयर कार एवं एसी चेयर कार	अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा
04008	आनन्द विहार (ट.)	08:30	जोगबनी	15:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट जं. एवं फारबिसगंज जं.
04014	आनन्द विहार (ट.)	15:40	लौकहा बाजार	20:15	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली (एनआर), शाहजहांपुर जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., शीशो जं., सकरी जं., झंझारपुर एवं वाचस्पति नगर
04096	आनन्द विहार (ट.)	00:05	पाटलिपुत्र	23:00	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, गाजीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल जं.	06:35	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड, वाराणसी, औड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर एवं सहरसा जं.
04062	आनन्द विहार (ट.)	12:00	भागलपुर	13:30	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जानकीनगर रोड एवं कमतौल
04076	दिल्ली जं.	00:30	कामख्या जं.	21:15	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, कोकराझार, न्यू बोंगाईगांव, बरपेटा रोड एवं रंगिया जं.
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाह नगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं.
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., घोड़ासहन, बैरगनिया, सीतामढ़ी जं., जनकपुर रोड, कमतौल, शीशो जं. एवं सकरी जं.
04066	आनन्द विहार (ट.)	05:00	सबौर	07:00	2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज एवं भागलपुर
04054	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा जं.	23:40	3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, सुबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बंडेल
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50	2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गजरौला जं., मुरादाबाद, रामपुर, हरदोई, लखनऊ जं., रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़
02564	नई दिल्ली	17:55	बरौनी जं.	15:10	3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनोमी), शयनयान	कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा एवं मुजफ्फरपुर जं.
02570	नई दिल्ली	12:15	दरभंगा जं.	10:00	3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनोमी), शयनयान	कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सिवान जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं.
03640	शकूर बस्ती	21:10	धनबाद जं.	23:45	3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनोमी), शयनयान एवं सामान्य	दिल्ली जं., टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ एवं एनएससी बोस जं. गोमो
05220	आनन्द विहार (ट.)	12:00	मुजफ्फरपुर जं.	09:45	2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. (इकोनोमी)	टुंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर एवं हाजीपुर जं.
02418	शकूर बस्ती	21:30	प्रयागराज जं.	09:15	प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य	नई दिल्ली, गाजियाबाद, दादरी, खुर्जा जं., अलीगढ़ ज., हाथरस जं., टुंडला जं., शिकोहाबाद जं., इटावा जं., फफूंद, कानपुर सेंट्रल, बिंदकी रोड, फतेहपुर, सिराथू एवं भरवारी
02456	नई दिल्ली	07:45	कानपुर सेन्ट्रल	13:15	3 टियर वाता. एवं शयनयान	अलीगढ़ जं. एवं इटावा जं.

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

चिंतन

कारोबारियों के हित में दुनिया में स्थिरता



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

दुनिया का कारोबार युद्ध, टकराव और अनिश्चितता के सहारे नहीं, बल्कि शांति, स्थिरता और भरोसे के वातावरण में फलता-फूलता है। जब देशों के बीच तनाव बढ़ता है तो उसका असर केवल कूटनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कच्चे तेल की कीमतों से लेकर माल ढुलाई, उत्पादन लागत, निर्यात और निवेश तक दिखाई देता है। इसके विपरीत, दुनिया में स्थिरता की उम्मीद भी बाजारों में नई ऊर्जा भर देती है। इसलिए दुनिया में स्थिरता होना कारोबारियों के हित में है। धनतेरस से ठीक पहले भारतीय शेयर बाजार में आई जोरदार तेजी इसी बदलते वैश्विक माहौल का संकेत है। पांच नवंबर को सेंसेक्स का 2009 अंक उछलकर 79,310 पर बंद होना और निफ्टी का 576 अंक चढ़कर 24,537 के स्तर पर पहुंचना केवल आंकड़ों का उछाल नहीं है, बल्कि निवेशकों के लौटते भरोसे की अभिव्यक्ति भी है। इस तेजी के पीछे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की भी अहम भूमिका है। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी को दोनों सदनों में झटका लगने से उनकी नीतियों और निर्णयों पर राजनीतिक अंकुश बढ़ने की संभावना है। इससे ट्रंप की मनमानी पर रोक लगेगी और दुनिया कुछ स्थिर हो सकेगी। अमेरिकी राजनीति में सत्ता के संतुलन का बदलना वैश्विक बाजारों के लिए काफी महत्वपूर्ण होता है। खासकर तब, जब दुनिया पहले से ही पश्चिम एशिया के तनाव और ईरान से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर चिंतित हो। कच्चे तेल की कीमतों में आई नरमी भी भारत जैसे आयात निर्भर देश के लिए राहत का संकेत है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने से देश का आयात बिल बढ़ता है, रुपये पर दबाव आता है और महंगाई को हवा मिलती है। इसके उलट तेल की कीमतों में गिरावट से सरकार, उद्योग और आम उपभोक्ता तीनों को राहत मिल सकती है। परिवहन, बिजली, उर्वरक, रसायन और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की लागत घटने से कारोबारी गतिविधियों को गति मिल सकती है। इसका लाभ अंततः रोजगार और मांग बढ़ने के रूप में भी सामने आ सकता है। शेयर बाजार के साथ ही सर्राफा बाजार में भी चमक देखने को मिली है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2,328 रुपये चढ़कर करीब 1.44 लाख रुपये पर पहुंच गया, जबकि एक किलो चांदी 1,749 रुपये चढ़कर 1.88 लाख रुपये पर हो गई है। भारतीय बाजार की तेजी का एक घरेलू आधार भी है। सितंबर तिमाही के कंपनियों के बेहतर नतीजों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। रिलायंस, इंफोसिस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में मजबूती ने बाजार को सहारा दिया। विदेशी निवेशकों की वापसी की उम्मीद और दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में संभावित बदलाव की चर्चाओं ने भी निवेश धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी मध्यावधि चुनाव का संदेश भी यही है कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में संतुलन और जवाबदेही का महत्व केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आर्थिक निर्णयों और वैश्विक भरोसे को भी प्रभावित करता है। किसी एक देश की नीतियों का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। ऐसे में भारत के कारोबारियों के हित में यही होगा कि वैश्विक शक्तियां युद्ध और व्यापारिक टकराव के बजाय सहयोग का रास्ता अपनाएं। कारोबारियों के लिए सबसे बड़ा उपहार शेयर बाजार के कुछ हरे निशान नहीं, बल्कि दुनिया में शांति, स्थिरता और भरोसे का स्थायी माहौल है। बाजार की तेजी का उत्सव मनाने के साथ यह समझना जरूरी है कि स्थायी आर्थिक समृद्धि के लिए वैश्विक शांति, नीतिगत स्थिरता और घरेलू कारोबार के अनुकूल वातावरण अनिवार्य हैं।

डिजिटल विकास से शुभ-लाभ का परिदृश्य

दीपावली पर इस समय जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई और मुश्किलों के कारण निराशा का परिदृश्य है, तब भारत में आम आदमी डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी जनकल्याण योजनाओं से पूरी तरह लाभान्वित होकर महंगाई एवं मुश्किलों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए दिखाई दे रहा है। देश के गरीब वर्ग और छोटे किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था तक के लिए शुभ-लाभ का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दीपावली की रोशनी में दिखाई दे रहे इस सकारात्मक परिदृश्य के पीछे भारत के डिजिटल विकास की अहम भूमिका है।

यकीनन दीपावली पर इस समय जब वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं के कारण दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई और मुश्किलों के कारण निराशा का परिदृश्य है, तब भारत में आम आदमी डिजिटल व्यवस्था से जुड़ी जनकल्याण योजनाओं से पूरी तरह लाभान्वित होकर महंगाई एवं मुश्किलों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए दिखाई दे रहा है। देश के गरीब वर्ग और छोटे किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था तक के लिए शुभ-लाभ का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। दीपावली की रोशनी में दिखाई दे रहे इस सकारात्मक परिदृश्य के पीछे भारत के डिजिटल विकास की अहम भूमिका है। हाल ही में 3 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व बैंक की 'पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' रिपोर्ट के आंकड़ों का हवाला देते हुए पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत गरीबी उन्मूलन के साथ आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2011 से 2023 के दौरान भारत में लगभग 50 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी के चक्रव्यूह से बाहर निकले हैं। इस अवधि में अत्यधिक गरीबी की दर 27 प्रतिशत से उल्लेखनीय रूप से घटकर मात्र 2.6 प्रतिशत रह गई है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) और पारदर्शी नीतियों के कारण सरकारी योजनाओं का पैसा बिना किसी लीकेज या घोटाले के सीधे लाभार्थियों के खातों तक पहुंच रहा है। साथ ही डिजिटल प्रणाली के कारण भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की उभरते हुए देशों में सबसे तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत का मजबूत होता डिजिटल ढांचा भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई शक्ति देते हुए आर्थिक प्रगति का इंजन बन गया है। हाल ही में प्रकाशित केयरएज ग्लोबल रेटिंग्स की ताजा रिपोर्ट ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) तंत्र दुनिया के 10 सबसे असरदार संरचनात्मक सुधारों में शामिल हो चुका है। वैश्विक स्तर पर 38 देशों के 43 प्रमुख सुधारों का गहन अध्ययन करने के बाद जारी की गई इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत के इस अभूतपूर्व डिजिटल ढांचे ने न केवल आम नागरिकों के लिए प्रशासनिक और बैंकिंग सेवाओं को सुलभ बनाया है, बल्कि लेन-देन की लागत में भी ऐतिहासिक कटौती की है। इस समावेशी डिजिटल तंत्र ने देश में वित्तीय समावेशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और असंगठित एवं अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के औपचारिकीकरण को एक तीव्र गति प्रदान की है। निसंदेह भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बदलते परिदृश्य में डिजिटल क्रांति अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हाल ही में जारी 'स्टेट ऑफ इंडियाज डिजिटल इकोनॉमी 2026' रिपोर्ट—जिसे इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) और अंग्रेजी प्रोसस द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया है, के अनुसार भारत अब विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है। इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट रूप से उजागर होता है कि भारत ने अपनी डिजिटल कार्यक्षमता, नेटवर्क कवरेज और तकनीकी प्रदर्शन में जर्मनी, फ्रांस, जापान और कनाडा जैसे कई विकसित



राष्ट्रों को पीछे छोड़ दिया है। वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान लगभग 12 से 13 प्रतिशत है, जिसके आगामी एक दशक में बढ़कर 20 प्रतिशत होने का अनुमान है, जबकि भारत का डिजिटल रूप से प्रदत्त व्यापार (जैसे सॉफ्टवेयर, डेटा और क्लाउड सेवाएं) 328 अरब डॉलर के विशाल स्तर को पार कर चुका है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत का डिजिटल विकास देश की आर्थिक प्रगति का नया आधार बन गया है। बीते एक दशक में भारत ने जिस तीव्र गति, दूरदर्शिता और नवाचार के साथ अपने डिजिटल तंत्र का विस्तार किया है, उसने देश के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। 'डिजिटल इंडिया' अभियान से आरंभ हुई यह यात्रा आज दुनिया के सबसे बड़े और सबसे सफल 'डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना' के निर्माण तक पहुँच चुकी है। जहां दुनिया के कई विकसित देश डिजिटल ढांचा तैयार करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं भारत के इस अभूतपूर्व डिजिटल अभियान की मजबूत रीढ़ 'इंडिया स्टैक' है। यह तीन प्रमुख और परस्पर जुड़े स्तंभों- आधार (सर्वस्वीकृत बायोमेट्रिक पहचान), यूपीआई तथा डिजीलॉकर एवं अकाउंट एग्रीगेटर पर टिका हुआ है। इस तकनीकी रीढ़ को जमीनी स्तर पर मजबूती देने में 'जैम ट्रिनिटी' (जन धन, आधार और मोबाइल) की भूमिका ऐतिहासिक रही है। इसने देश के करोड़ों असंगठित, निर्धन और वंचित नागरिकों को सीधे मुख्यधारा की औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। सस्ते हाई-स्पीड इंटरनेट डेटा, 5जी नेटवर्क के तीव्र प्रसार और किफायती स्मार्टफोन की व्यापक उपलब्धता ने इस डिजिटल ढांचे को देश के अंतिम गांव तक पहुंचा दिया है। निश्चित रूप से भारत की डिजिटल प्रणाली की सफलता का मूल कारण विभिन्न सरकारी संस्थानों, नियामकों, बैंकों और तकनीकी संस्थाओं के बीच का बेहतर तालमेल और रणनीतिक सहयोग रहा है।

भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की सफलता का सबसे व्यापक और सकारात्मक प्रभाव सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र तथा छोटे व्यापारियों पर देखा गया है। इससे व्यापार में पारदर्शिता बढ़ी है और देश का कर आधार व्यापक हुआ है। डिजिटल विकास ने भारत को विश्व का तीसरा सबसे बड़ा 'स्टार्टअप इकोसिस्टम' बना दिया है। फिनटेक, एड-टेक, हेल्थ-टेक और एग्री-टेक जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय स्टार्टअप्स न केवल क्रांतिकारी तकनीकी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि बड़े पैमाने पर नए रोजगार सृजित कर भारी मात्रा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी आकर्षित कर रहे हैं। इसके साथ ही, 'डिजिटल वाणिज्य के लिए खुला नेटवर्क' (ओएनडीसी) जैसी दूरदर्शी पहलों ने ई-कॉमर्स क्षेत्र में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के एकाधिकार को सीधी चुनौती दी है। निश्चित रूप से डिजिटल कनेक्टिविटी के कारण अब टियर-2 और टियर-3 शहरों तथा ग्रामीण इलाकों के उद्यमी देश की मुख्यधारा की जीडीपी वृद्धि में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

उम्मीद करें कि भारत 'इंडिया एआई मिशन' के तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भारी निवेश, 6जी अनुसंधान में अग्रणी भूमिका, सेमीकंडक्टर निर्माण के माध्यम से हार्डवेयर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और सुरक्षित डेटा भंडारण के लिए विशाल डेटा सेंटरों का निर्माण तेजी से बढ़ाएगा। उम्मीद करें कि सरकार डिजिटल बढ़त को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए साइबर सुरक्षा को और अधिक अभेद्य बनाने, डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम का जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

धनतेरस विशेष
बाल मुकुन्द ओझा



पहला सुख निरोगी काया दूसरा सुख घर में माया

पहला सुख निरोगी काया, दूसरा सुख घर में माया। इसी माहात्म्य को दृष्टिगत रखते हुए धनतेरस का महापर्व हम धूमधाम से मनाते है। इस वर्ष धनतेरस पांच दिन तक चलने वाले दिवाली पर्व का पहला दिन है। यह पर्व उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की मंगलकामना का प्रतीक है। हिंदू धर्म में धनतेरस के त्योहार का बड़ा महत्व है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर आने वाला ये त्योहार इस साल 6 नवम्बर को मनाया जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट से शुरू होकर 7 नवंबर की सुबह 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगी। ऐसे में धनतेरस का पर्व 6 नवंबर, शुक्रवार को मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान धन्वंतरि सागर मंथन के दौरान हाथ में कलश लिए उत्पन्न हुए थे। भगवान धन्वन्तरि आयुर्वेद जगत् के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता धन्वन्तरि का दिवस माना जाता है। धन्वन्तरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। माना जाता है कि यदि धनतेरस के दिन विधिपूर्वक भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाए तो वे प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में परिवार के लोग निरोगी रहते हैं। स्कंद पुराण के मुताबिक समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। जब वह प्रकट हुए तो उनके हाथ में अमृत कलश और पीतल के आभूषण थे। इसलिए धनतेरस पर भगवान की पूजा के साथ बर्तन या किसी पीली धातु को जरूर खरीदा जाता है। भगवान धन्वंतरि विष्णु के अवतार थे और जब समुद्र मंथन हुआ था तो भगवान धन्वंतरि के साथ शरद पूर्णिमा को चंद्रमा, कार्तिक द्वादशी के दिन कामधेनु गाय, त्रयोदशी के दिन धन्वंतरि, चतुर्दशी के दिन मां काली और अमावस्या के दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए दिवाली से पूर्व धनतेरस मनाया जाता है। यह सर्वविदित है कि जहां स्वास्थ्य होता है वहीं लक्ष्मी का वास इसलिए भगवान धनवंतरि की जहां पूजा होती है, मां लक्ष्मी वहां अपने आप आ जाती हैं, ऐसा पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है। इसलिए धनतेरस पर धनवंतरि, कुबेर और लक्ष्मी मां की पूजा जरूर करनी चाहिए। भारत में कई मंदिरों को भगवान धन्वन्तरि मंदिर के रूप में बनाया गया है। तमिलनाडु के वालाजपत में श्री धन्वंतरि आरोग्यपीदम मंदिर स्थापित है। इस आरोग्य मंदिर का निर्माण श्रीमुरलीधरस्वामिगल ने करवाया था। मध्य प्रदेश के मंदसौर में स्थापित तक्षकेश्वर मंदिर में नागराज तक्षक और आरोग्य देव धन्वंतरि की मूर्ति स्थापित है। इस मंदिर के निर्माण के पीछे महाराज परीक्षित की सर्प काटने से मृत्यु और फिर उनके पुत्र जन्मेजय द्वारा नागों से प्रतिशोध की पौराणिक कथा जुड़ी है। कोयंबटूर में स्थित श्री धन्वंतरी मंदिर तमिलनाडु में एक और लोकप्रिय भगवान धन्वंतरी जी का मंदिर है।

भगवान धन्वंतरि के सबसे प्रमुख और प्राचीन मंदिरों में से एक है नेल्लुवाई का धन्वंतरि मंदिर। किंवदंती में कहा गया है कि मंदिर में मूर्ति अश्विनी देवों द्वारा स्थापित की गई थी और यह वही मूर्ति थी जिसकी श्री द्वारा पूजा की जाती थी। पेरिंगवे में श्री धन्वंतरि मंदिर केरल में त्रिशूर शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक और पुराना धन्वंतरि मंदिर है। मंदिर का गर्भगृह 2 मंजिलों के साथ गोल आकार में बनाया गया है, जो अन्य केरल शैली की वास्तुकला के विपरीत एक दुर्लभ डिजाइन है। थोट्टूवा श्री धन्वंतरि मंदिर भारत के कुछ भगवान धन्वंतरि मंदिरों में से एक है। इस मंदिर के पीठासीन देवता धन्वंतरि हैं और उनकी मूर्ति लगभग छह फीट लंबी और पूर्व की ओर उन्मुख है। श्री रुद्र धन्वंतरि मंदिर जो लगभग 3500 वर्ष पुराना है, पुलमंथोले के केंद्र में स्थित है। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में स्थित राजबाड़ा के पास आड़ा बाजार में भगवान धन्वंतरि का 180 साल पुराना मंदिर है, जहां धनतेरस पर बड़ी संख्या में इंदौर के अधिकतर वैद्य और अन्य लोग दर्शन के लिए सुबह से आना शुरू हो जाते हैं। भारत के पूर्वी तट पर पूर्वी गोदावरी क्षेत्र में एक धन्वंतरि मंदिर है। यह आंध्र प्रदेश का सबसे पहला धन्वंतरि को समर्पित मंदिर है। धनतेरस पर लोग अपने घरों में दीपक जलाते हैं। भगवान धन्वंतरि की पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यता है जो भी धनतेरस पर भगवान कुबेर, मां लक्ष्मी संग धन्वंतरि की पूजा करता है, उसका घर हमेशा धन-धान्य, सुख-सुविधा और वैभव से परिपूर्ण रहता है। धनतेरस पर ज्यादातर लोग सोने-चांदी से बनी चीजों को प्रमुखता से खरीदते हैं और इसके लिए शुभ मुहूर्त पर विचार करते हैं। धनतेरस पर शुभ मुहूर्त में सोने-चांदी से बने बर्तन या आभूषण खरीदने पर बहुत ही शुभ परिणाम प्राप्त होता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान का अभिषेक

संकलित
दर्शन



अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो।

मृत्यु के बाद के साथी

संकलित
प्रेरणा



एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुंचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूं। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूं। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूंगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

गलत खान-पान का शिकार होता दिल

स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है, लेकिन अफसोस आज हमने आधुनिकता और भौतिकतावाद की अंधी दौड़ में इस सच्चे धन की परवाह करना ही छोड़ दिया है, इस कारण आज दुनिया में जानलेवा बीमारियों का दायरा बढ़ता जा रहा है, विशेषज्ञ बताते हैं कि दुनियाभर में बहुत से लोगों की मौत हार्ट अटैक से होती है। आज दुनियाभर में दिल की बीमारी के मरीजों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है और इसका शिकार अब उम्रदराज लोग ही नहीं, बल्कि युवा और बच्चे भी हो रहे हैं। अगर दिल की बीमारियों से बचना है तो इसके लिए सबसे पहले अपने खान-पान और जीवनशैली पर ध्यान देना होगा, चिंता और तनाव से बचना होगा, प्रकृति के साथ जुड़ना होगा और साफ सफाई का भी ख्याल रखना होगा। - *संजय वर्मा, धमतरी*

ट्रेंड

श्रद्धांजलि



भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि। अपने हृदयस्पर्शी संगीत के माध्यम से, उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का बहुत ही सुंदर ढंग से जश्न मनाया।
- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

लोकतंत्र राष्ट्रीय शक्ति



लोकतंत्र हमारी राष्ट्रीय शक्ति है, जो जनता के विश्वास, संवैधानिक नियमों के पालन और जनादेश के सम्मान पर टिकी है। 'इंडिया' गठबंधन, जिन्हें जनता ने नकार दिया है, भारत के महान लोकतंत्र को अराजकता, अस्थिरता और अव्यवस्था की आग में झोंकने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। - **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

बेटियों का स्वाभिमान



दिल्ली पुलिस द्वारा अंकिता भंडारी के माता-पिता के साथ की गई बर्बरता, अमानवीय व्यवहार ने पूरे देश की बेटियों के स्वाभिमान को झकझोर कर रख दिया है। भाजपा के संवेदनहीन शासक कब तक चुप रहेंगे? क्या बेटी के लिए न्याय माँगना कोई अपराध है?
- **डिंपल यादव,** सांसद, सपा

युवाओं में प्रतिभा



देश के युवाओं में प्रतिभा, क्षमता और राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा है, लेकिन भाजपा सरकार उनकी इस क्षमता को पहचानने और उसका सही इस्तेमाल करने में विफल रही है। 'अग्निपथ' योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।
- **सचिन पायलट,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

इथियोपिया ने दिया सूडान के दूतावास को बंद करने का आदेश



इथियोपिया ने सूडान से सटी सीमा के निकट स्थित अपने पश्चिमी शहर असोसा में सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को निष्कासित कर दिया है और दूतावास को बंद करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम को दोनों अफ्रीकी देशों के बीच बढ़ते कूटनीतिक तनाव के रूप में देखा जा रहा है। यह कदम सूडान के उन आरोपों के बीच उठाया गया है, जिनमें उसने कहा था कि उसके बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे ड्रोन इथियोपिया के क्षेत्र से उड़ाए जा रहे हैं। सूडानी कर्मचारियों का निष्कासन इथियोपिया द्वारा एक अक्टूबर को इरीट्रिया के 10 राजनयिकों को देश छोड़ने का आदेश देने और वहां स्थित अपना दूतावास बंद करने के फैसले के बाद हुआ है। इसके जवाब में इरीट्रिया ने इथियोपिया के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए थे। इथियोपिया ने पिछले महीने मिस्र के एक राजनयिक को भी निष्कासित किया था। नील नदी पर इथियोपिया द्वारा बनाए गए विशाल बांध को लेकर मिस्र के साथ उसके संबंध लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। मिस्र को आशंका है कि इस बांध से उसकी जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। इथियोपिया के एक खुफिया अधिकारी ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि सूडान के वाणिज्य दूतावास के छह कर्मचारियों को देश छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय दिया गया था।

ऑफ बीट

जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?

ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान वोटर आईडी से होगी? जयराम ने मोदी सरकार से मांगा जवाब

मंत्री के बयान पर विपक्ष नाराजः एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बाहर हुए लोग सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से वंचित हो जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान और भुगतान व्यवस्था में आधार कार्ड की जगह मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) को इस्तेमाल करने की संभावित योजना को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इस पर मोदी सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने केंद्रीय पंचायती राज मंत्री के लगातार दो बयानों का हवाला देते हुए सवाल किया है कि क्या आधार की जगह वोटर आईडी को लाभार्थियों की पहचान का आधिकारिक आधार बनाने का फैसला कर लिया गया है? उन्होंने आशंका जताई कि यदि मतदाता सूची के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया तो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से बाहर हुए लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी वंचित होना पड़ सकता है। जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि पिछले कुछ दिनों में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ने दो बार कहा है कि सामाजिक कल्याण योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान के लिए आधार की जगह वोटर आईडी का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह अब मोदी सरकार की आधिकारिक नीति है? रमेश के मुताबिक, यदि ऐसा है तो इसका अर्थ होगा कि आधार का इस्तेमाल उस मूल उद्देश्य के लिए नहीं किया जाएगा, जिसके लिए इसकी परिकल्पना की गई थी और इसे बनाया गया था।

उन्होंने कहा कि आधार के इस्तेमाल के तरीके को लेकर पहले भी गंभीर चिंताएं सामने आती रही हैं। आरोप है कि आधार प्रमाणीकरण और तकनीकी दिक्कतों के कारण लाखों लोग सामाजिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित हुए हैं। ऐसे में यदि एसआईआर को लाभार्थियों की पहचान का आधार बनाया गया तो बड़े पैमाने पर लोगों के सरकारी योजनाओं से बाहर होने का खतरा बढ़ सकता है। जयराम ने अपनी टिप्पणी में कहा, वोट चोरी तो बस ट्रेलर है। पूरी फिल्म तो हक़-हुकूक की चोरी है। कांग्रेस का यह बयान ऐसे समय आया है, जब देश के कई हिस्सों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष और निर्वाचन आयोग के बीच विवाद जारी है।

ललन सिंह के दो बयानों से शुरू हुआ विवाद

दरअसल, केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने 30 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित पीपुल्स प्लान कैंपेन 2026-27 की राष्ट्रीय कार्यशाला में कहा था कि लाभार्थियों को भुगतान के लिए अब आधार कार्ड प्राथमिक आधार नहीं रहेगा। उन्होंने आधार कार्ड आसानी से बन जाने पर सवाल उठाते हुए कहा था कि अब लाभार्थियों के भुगतान के लिए बायोमीट्रिक जानकारी और मतदाता पहचान पत्र का ईपीआईसी नंबर इस्तेमाल किया जाएगा। इसके बाद तीन नवंबर को सिक्किम के गंगटोक में भी उन्होंने इसी प्रस्ताव को दोहराया। मंत्री ने कहा कि आधार अब लाभार्थियों को भुगतान करने का प्राथमिक आधार नहीं रहेगा। इसके स्थान पर बायोमेट्रिक जानकारी और वोटर आईडी के ईपीआईसी नंबर के जरिए लाभार्थियों की पहचान की जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह व्यवस्था किन-किन सरकारी योजनाओं पर लागू होगी और इसे कब से लागू किया जाएगा।

क्या सरकार ने जारी किया है आधिकारिक आदेश?

इस पूरे विवाद में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यही है कि क्या केंद्र सरकार ने आधार की जगह वोटर आईडी को अनिवार्य करने का औपचारिक निर्णय ले लिया है? पांच नवंबर तक उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस संबंध में सभी केंद्रीय सामाजिक कल्याण योजनाओं पर लागू होने वाला कोई व्यापक सरकारी आदेश या अधिसूचना जारी नहीं हुई थी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि मंत्री का प्रस्ताव केवल उनके मंत्रालय से संबंधित किसी विशेष व्यवस्था के लिए है या इसे दूसरे मंत्रालयों की योजनाओं तक भी विस्तारित किया जाएगा। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पंचायती राज मंत्रालय की ऐसी कोई योजना नहीं है, जिसके तहत सीधे व्यक्तिगत लाभार्थियों के बैंक खातों में नियमित नकद हस्तांतरण किया जाता हो। दूसरी ओर, ललन सिंह के पास मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की भी जिम्मेदारी है। इन मंत्रालयों की कुछ योजनाओं में लाभार्थियों की पहचान और भुगतान के लिए आधार का इस्तेमाल किया जाता है।

आधार कानून में भी है वैकल्पिक पहचान की व्यवस्था

आधार कार्ड के इस्तेमाल को लेकर वर्ष 2016 में आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, लाभों तथा सेवाओं का लक्षित परिदान) अधिनियम बनाया गया था। इसकी धारा 7 के तहत केंद्र और राज्य सरकारें कुछ सरकारी सब्सिडी, लाभ और सेवाओं के लिए आधार प्रमाणीकरण या आधार नंबर का प्रमाण मांग सकती हैं।

हालांकि, जिन लोगों को आधार नंबर जारी नहीं हुआ है, उन्हें वैकल्पिक और व्यावहारिक पहचान व्यवस्था उपलब्ध कराने का प्रावधान भी है। इसी तरह धारा 8 में तकनीकी कारणों, बीमारी, उम्र या अन्य परिस्थितियों में आधार प्रमाणीकरण विफल होने पर वैकल्पिक पहचान व्यवस्था उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी तय की गई है। यानी मौजूदा कानून में भी यह व्यवस्था है कि केवल प्रमाणीकरण में विफलता के कारण किसी पात्र व्यक्ति को सरकारी लाभ से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया सख्त रुख अपनाने का संकेत

यूजीसी के विवादित इक्विटी रेगुलेशंस को हटाएगी सरकार



सीजेआई सूर्यकांत ने केंद्र से पूछा- नियमों पर दोबारा विचार क्यों नहीं करते? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- हर छात्र के हितों की रक्षा जरूरी, कमेटी गठित करने पर भी विचार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के विवादित इक्विटी रेगुलेशंस 2026 को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से इन नियमों को तत्काल हटाने और इन पर दोबारा विचार करने को कहा।


सीजेआई सूर्यकांत

इस पर केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आश्वासन दिया कि सरकार विवादित नियमों पर पुनर्विचार कर रही है और इन्हें हटाने की दिशा में कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि नई पीढ़ी के हर छात्र के हितों की रक्षा हो और किसी भी वर्ग में असंतोष या आशंका की स्थिति पैदा न हो।

नियमों पर नए सिरे से विचार करने के लिए एक कमेटी गठित होगी



पायल तड़वी और रोहित वेमुला के मामलों से जुड़ा है विवाद

जनवरी में नए नियमों पर लगा दी थी रोक

सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी 2026 में यूजीसी के नए इक्विटी रेगुलेशंस पर रोक लगा दी थी। अदालत ने नियमों की भाषा में अस्पष्टता और उनके संभावित दुरुपयोग की आशंका को लेकर चिंता जताई थी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने 2012 के पुराने नियमों को जारी रखने की अनुमति दी थी।

जवाबी हलफनामे के बजाए दिया मौखिक सुझाव

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि शिक्षाविदों और इस क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञों की ओर से उठाए गए मुद्दों की सूची तैयार कर सुप्रीम कोर्ट के सामने रख दी गई है। उन्होंने यूजीसी को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समयबद्ध निर्देश देने की मांग की। सीजेआई ने कहा कि जवाबी हलफनामे के बजाए अदालत केंद्र को मौखिक रूप से एक सुझाव दे रही है। दालत कोई सलाहकार नहीं है, लेकिन उसने सरकार के सामने एक सुझाव रखा है।

हिरासत के बाद 24 घंटे में पेशी जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने हिरासत के बाद कोर्ट में पेश करने की 24 घंटे की समय तत्य की है। किसी व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की समयसीमा उसे हिरासत में लेते ही शुरू हो जाएगी। एजेंसियां किसी व्यक्ति को पहले हिरासत में लेकर बाद में उसकी गिरफ्तारी दर्ज करने का रास्ता नहीं अपना सकतीं।



नवीन ने गोरखपुर में किया 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व

2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

एजेंसी ⏭ गोरखपुर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 2 दिनी संगठनात्मक दौरे पर गोरखपुर में रहे। वहां उन्होंने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ गोरखनाथ मंदिर जाकर गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन किए। गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ उन्होंने वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों और कोर कमेटी की बैठकों में हिस्सा लिया।उन्होंने चौधरी के आवास पर आयोजित रात्रिभोज में शिरकत की तथा एनडीए की जीत और चुनावी रणनीतियों पर चर्चा की। सपा की साइकिल सीधे कबाड़खाने पहुंच जाएगी। चुनाव के बाद साइकिल का पंचर ठीक करने वाला कोई मिस्त्री भी नहीं मिलेगा।

कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशानाः उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष जब चुनाव जीतता है तो कहता है कि लोकतंत्र जीत गया, और जब हार जाता है तो रोना रोता है कि लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने कहा कि हार से कांग्रेस को सबक लेना चाहिए, वरना उनका नामोनिशान मिट जाएगा। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ नेता देश को अस्थिर करने वाले विदेशी टूलकिट का हिस्सा बन रहे हैं, लेकिन भारत की 140 करोड़ जनता देश को अराजकता की ओर नहीं जाने देगी।

सूरत में मंत्री राय ने साधा निशाना

कांग्रेस भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति बनाना चाह रही



सूरत। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह चुनाव में हार के डर से भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रही है और 'विदेशी आकाओं'के इशारे पर काम कर रही है। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

जयपुर में बोले मंत्री वैष्णव

राहुल सड़कों में फैसला कर रहे, अराजकता बढ़ा रहे



कसूरत। केंद्रीय रेल मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के तहत पदयात्रा की। कांग्रेस लोकतंत्र पर हमले कर रही। वे कह रहे फैसले संसद में नहीं, सड़कों पर होंगे। अराजकता को बढ़ा रही।

राम माधव ने हैदराबाद में की प्रेस कॉन्फ्रेंस

विपक्ष प्रधानमंत्री से मुकाबला करने में सक्षम नहीं



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम माधव ने हैदराबाद में भाजपा के राज्य कार्यालय (नांपल्ली) में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि वे चाहें तो सरकार विशेष सत्र बुलाकर सभी मुद्दों पर संसद में खुली बहस कर लें। वे प्रधानमंत्री से मुकाबला नहीं कर सकते।

पात्रा का राहुल पर तंज

संसद में 5-6 मिनट भी नहीं बैठ पाते, बहस क्या करेंगे?



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने राहुल की प्रधानमंत्री के साथ खुली बहस की चुनौती पर तंज कसा। उन्होंने कहा राहुल को संसद में बहस करनी चाहिए, न कि सड़कों पर। राहुल में संसद में लगातार 5-6 मिनट से ज्यादा बैठने का धैर्य नहीं है। जो संसद में 5-6 मिनट नहीं बैठ सकता, वह वहां बहस भी नहीं करना चाहेगा।

भाटिया ने मान सरकार पर साधा निशाना

आप 'प्रश्नपत्र लीक माफिया' को बचा रही



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पंजाब में पीसीएस की मुख्य परीक्षा के नतीजों में कथित अनियमतता पर सत्तारूढ़ आप पर निशाना साधते हुए उस पर कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने और प्रश्नपत्र लीक माफिया को बचाने का आरोप लगाया।

दो प्रत्याशियों के नामांकन खारिज

हरदीप सिंह पुरी निर्विरोध चुने गए राज्यसभा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार हरदीप सिंह पुरी मध्य प्रदेश से राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। गुरुवार को नाम वापसी की अंतिम तारीख समाप्त होने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने उनके निर्वाचन की घोषणा की। पुरी के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार के मैदान में नहीं होने से मतदान की नौबत नहीं आई। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान निर्दलीय उम्मीदवार कांते सयन्ना और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी राजकुमार लोहानी के नामांकन खारिज कर दिए गए थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पुरी का निर्वाचन प्रमाणपत्र प्राप्त किया।


हरदीप सिंह पुरी

प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने लिया निर्वाचन प्रमाणपत्र

सौर ऊर्जा संयंत्र लगाया

रेलवे मंत्रालय को पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार मिला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेल मंत्रालय को गुरुवार को भारत मंडपम में 'नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन एवं प्रदर्शनी 2026' में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने प्रतिष्ठित 'पीएम सूर्य घर उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किया। मंत्रालय ने देशभर में छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 15,868 रेलवे इमारतों की पहचान की है।अब तक 12,495 चिह्नित इमारतों में से 79 प्रतिशत मेंसौर ऊर्जा संयंत्र लग चुके हैं। मंत्रालय ने 424 मेगावाट के लक्ष्य के मुकाबले 351 मेगावाट क्षमता के संयंत्र लगाए हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 77 मंत्रालयों और विभागों की ओर से चिह्नित 39,135 इमारतों में से अब तक 25,984 में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा चुके हैं।



ईडी की छापेमारी के बाद आप विधायक का आरोप मुझे भाजपा में शामिल होने का ऑफर दिया गया

मोगा से आम आदमी पार्टी की विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा के ठिकानों पर ईडी की रेड

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मोगा से आम आदमी पार्टी की विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने अपने घरों पर ईडी की छापेमारी के बाद आरोप लगाया कि कि इस दौरान उन्हें किसी के फोन के माध्यम से भाजपा में शामिल होने का संदेश भी दिया गया था और कहा गया था कि भाजपा ज्वाइन करने पर उन्हें मंत्री पद दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और पार्टी ने ही उन्हें विधायक बनाया है।

कौर के ठिकानों पर पिछले 36 घंटे से चल रही प्रवर्तन ईडी की छापेमारी आखिरकार गुरुवार को समाप्त हो गई। बुधवार सुबह 6 बजे ईडी की टीम ने विधायक के दो घरों सहित कुल 7 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की थी।



गुरुवार को सभी ठिकानों पर कार्रवाई पूरी करने के बाद ईडी की टीमें वापस लौट गईं। हालांकि, ईडी की इस कार्रवाई के दौरान क्या-क्या दस्तावेज या अन्य सामान बरामद हुआ और किस मामले को लेकर यह छापेमारी की गई थी। इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

कौर ने कहा कि वे पार्टी के साथ मजबूती से खड़ी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें आज पता चला कि उनके सभी रिश्तेदारों के घरों पर भी छापेमारी की गई। ईडी की टीम ने पिछले 10 वर्षों के दौरान मोगा में किसने जमीन खरीदी और किसने बेची, इस संबंध में भी सवाल पूछे। विधायक ने कहा- इन लेन-देन से उनका कोई संबंध नहीं है। विधायक ने आगे कहा कि लोगों की ओर से दिए गए शिकायत पत्रों की भी जांच की गई और उनके सभी कमरों की तलाशी ली गई। यहां तक कि उन्हें अपने बच्चों से मिलने की भी इजाजत नहीं दी गई। उन्होंने कहा आज एक बार फिर हमारी जीत हुई है।

छापेमारी समाप्त होने के बाद विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा ने कहा कि पिछले 36 घंटे तक ईडी की टीम ने उनसे पूछताछ की, लेकिन उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने दावा किया कि ईडी की टीम को उनके ठिकानों से कुछ भी नहीं मिला और आखिरकार टीम को खाली हाथ लौटना पड़ा।

विधायक ने आरोप लगाया कि इस दौरान उन्हें किसी के फोन के माध्यम से भाजपा में शामिल होने का संदेश भी दिया गया था और कहा गया था कि भाजपा ज्वाइन करने पर उन्हें मंत्री पद दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है और पार्टी ने ही उन्हें विधायक बनाया है।

प्रदेश में राजनीतिक पकड़ मजबूत करने के लिए संगठनात्मक कदम उठाया

मध्य प्रदेश में कांग्रेस का ओबीसी दांव, बैजनाथ कुशवाहा को ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की कमान, दो उपाध्यक्ष भी नियुक्त

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बीच अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने की रणनीति के तहत कांग्रेस ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा कदम उठाया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग में नई नियुक्तियों को मंजूरी देते हुए पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाहा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं राजेंद्र मंडोली और पवन पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी किया। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

कांग्रेस की यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब मध्य प्रदेश की राजनीति में ओबीसी मतदाताओं की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण बनी हुई है। प्रदेश की आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी करीब आधी मानी जाती है। ऐसे में भाजपा के मजबूत ओबीसी जनाधार को चुनौती देना कांग्रेस की प्रमुख राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल है। पार्टी की कोशिश है कि नए नेतृत्व के जरिए पिछड़े वर्गों के बीच संगठनात्मक गतिविधियां तेज की जाएं और विभिन्न जातीय समूहों को पार्टी से जोड़ा जाए। बैजनाथ कुशवाहा मुरैना जिले की सबलगढ़ विधानसभा सीट से विधायक रह चुके हैं। उन्होंने 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। वह मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। उनकी नियुक्ति को ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में ओबीसी राजनीति को मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं राजेंद्र मंडोली और पवन पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। पवन पटेल इससे पहले भी कांग्रेस के ओबीसी विभाग में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पार्टी ने इन नियुक्तियों के जरिए प्रदेश में ओबीसी संगठन को सक्रिय करने और विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक संपर्क बढ़ाने का प्रयास किया है। दरअसल, मध्य प्रदेश में ओबीसी राजनीति भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बेहद अहम रही है। भाजपा ने उमा भारती, शिवराज सिंह चौहान और वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव जैसे नेताओं के माध्यम से इस वर्ग में अपना मजबूत आधार तैयार किया है। दूसरी ओर कांग्रेस वर्ष 2019 में कमलनाथ सरकार के दौरान ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के फैसले को अपने सामाजिक न्याय के एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा मानती रही है। हालांकि 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला लंबे समय तक कानूनी विवादों में उलझा रहा। अक्टूबर 2026 में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले के बाद यह मुद्दा फिर राजनीतिक चर्चा में है। ऐसे में कांग्रेस को उम्मीद है कि आरक्षण, जातिगत जनगणना और पिछड़े वर्गों की राजनीतिक हिस्सेदारी जैसे मुद्दों के माध्यम से वह भाजपा सरकार को घेर सकेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी लगातार जातिगत जनगणना और आबादी के अनुपात में अधिकार की मांग उठाते रहे हैं। पार्टी की कोशिश होगी कि इन मुद्दों को नए ओबीसी नेतृत्व के माध्यम से प्रदेश के गांवों, कस्बों और जिला स्तर तक पहुंचाया जाए।राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, इन नियुक्तियों का वास्तविक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि नया नेतृत्व पिछड़े वर्गों के विभिन्न समुदायों को कितना एकजुट कर पाता है। यादव, कुशवाहा, कुर्मी, लोधी, गुर्जर, किरार, पटेल और अन्य पिछड़े समुदायों के बीच राजनीतिक स्वीकार्यता बढ़ाना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 230 में से 163 सीटें जीतकर सत्ता बरकरार रखी थी, जबकि कांग्रेस को 66 सीटें मिली थीं। ऐसे में कांग्रेस की यह पहल आगामी चुनावों से पहले अपने सामाजिक समीकरणों को दुरुस्त करने और भाजपा के ओबीसी वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है।

खेड़ा ने अरुणाचल-मणिपुर पर शाह को घेरा

गृह मंत्रालय आपसे संभल नहीं रहा, कुर्सी से चिपके मत रहिए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा है कि मोटा भाई, गृह मंत्रालय आपसे संभल नहीं रहा, तो कुर्सी से चिपके क्यों बैठे हैं? 7 साल में देश के 3 करोड़ घुसपैठिए नहीं संभल रहे। 3 साल से मणिपुर नहीं संभल रहा। अब तो अरुणाचल प्रदेश भी नहीं संभल रहा। उन्होंने कहा, पुलवामा हुआ,पहलगाम हुआ, लाल किले पर धमाका हुआ,देश की राजधानी के बिल्कुल बगल में 300 किलो आरडीएक्स मिला, आपके बस की नहीं है। छोड़ दीजिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर अपना मोबाइल सर्कस हैदराबाद से लेकर करनाल और देश के बाकी राज्यों में घुमाइए। गृह मंत्रालयका बेड़ा गर्क क्यों कर रहे हैं? उन्होंने तंज कसा कि बेचारे नितिन नवीन को आजाद कीजिए। वैसे भी कुछ समझ नहीं आ रहा। उनको भी आजाद करिए।



खान मंत्रियों के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री रेड्डी बोले

खनन से मिलने वाले राजस्व का 94 से 96 फीसदी हिस्सा राज्यों को मिलता है : रेड्डी

एजेंसी ▶▶| पणजी

केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार खनन गतिविधियों से कोई राजस्व नहीं जुटाती है और इस क्षेत्र से होने वाली आय का 96 प्रतिशत तक हिस्सा राज्य सरकारों को मिलता है। उन्होंने साथ ही कहा कि यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी।

- केंद्र सरकार खनन गतिविधियों से कोई राजस्व नहीं जुटाती
- केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी
- खनिजों पर एकत्रित जीएसटी का 50% हिस्सा ही केंद्र के पास आता है



कोयला एवं खान मंत्री ने गोवा में खान मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि खनन क्षेत्र को लेकर केंद्र का दृष्टिकोण राजस्व जुटाने पर आधारित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य देश के विकास के लिए जरूरी खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार को रॉयल्टी, नीलामी प्रीमियम या जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) से कोई पैसा नहीं मिलता है।

सरकार खनन से कोई राजस्व नहीं ले रही

खनिजों पर एकत्रित जीएसटी (माल एवं सेवा कर) का 50 प्रतिशत हिस्सा ही केंद्र के पास आता है। उन्होंने कहा, ''मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि भारत सरकार खनन क्षेत्र से कोई राजस्व नहीं ले रही है। खनन से जो भी राजस्व मिलता है, उसका 94 से 96 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकारों को जाता है और यह व्यवस्था जारी रहेगी।''

कोयला खनन से राज्य सरकारों का राजस्व 70,000 करोड

मंत्री ने कहा कि गैर-कोयला खनन से राज्य सरकारों का राजस्व 2014-15 में करीब 13,000 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में 70,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि डीएमएफ से होने वाला पूरा संग्रह राज्य सरकारों को मिलता है। इस कोष के तहत करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये जमा हुए हैं।

कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा

कोयला गैसीकरण पहल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने इस क्षेत्र की परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए 46,000 करोड़ रुपये के वित्तीय प्रोत्साहन निर्धारित किए हैं। महत्वपूर्ण खनिजों का मजबूत तंत्र विकसित करने में भी सरकार पर्याप्त धन निवेश कर रही है।

एक अरब टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा पार

मंत्री ने कहा कि सरकार खोज, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण को शामिल करते हुए महत्वपूर्ण खनिजों का मजबूत घरेलू तंत्र विकसित करने पर काम कर रही है। रेड्डी ने यह भी कहा कि भारत ने एक अरब टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि प्रमुख खनिजों के उत्पादन का मूल्य पिछले दशक में चार गुना बढ़कर 2025 में 1.89 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

खनन में करीब 1.3 करोड़ रोजगार के अवसर

मंत्री ने बताया कि खनन क्षेत्र ने देश में करीब 1.3 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। इसके अलावा, इससे जुड़ी गतिविधियों के जरिये बड़े पैमाने पर अप्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रमुख खनिजों के उत्पादन का मूल्य 2025 में 1.89 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले 10 वर्षों में चार गुना वृद्धि दर्शाता है।

नीलामी, रॉयल्टी के स्रोत राज्यों के

रेड्डी ने कहा, ''चाहे नीलामी प्रीमियम हो, रॉयल्टी हो या डीएमएफ, केंद्र इन स्रोतों से एक रुपया भी नहीं लेता है। यह राजस्व राज्यों का है।'' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार खनन क्षेत्र से राजस्व जुटाने के बजाय विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के जरिये इसमें निवेश कर रही है।

एलआईसी का मुनाफा 20% उछलकर 12,076 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 12,076 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 में कंपनी को 10,053 करोड़ रुपये का कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,62,739 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,39,614 करोड़ रुपये थी।

एयरटेल के लाभ में 24 प्रतिशत का उछाल

नई दिल्ली। दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 10,710 करोड़ रुपये हो गया। 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का मुनाफा 8,651 करोड़ रुपये रहा था। एकीकृत राजस्व आलोच्य तिमाही में 16.7 प्रतिशत बढ़कर 60,877.5 करोड़ रुपये हो गया। जो पिछले साल की समान तिमाही में 52,145.4 करोड़ रुपये था।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मण्डल अभियंता/समन्वय, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e– निविदाए आमन्त्रित की जाती है

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	समापन अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1.	दिल्ली डिवीजन में विभिन्न लेवल क्रॉसिंग (L-Xings) पर रेट्रो–रिफ्लेक्टिव लेवल क्रॉसिंग इंडिकेटर बोर्ड, स्टॉप बोर्ड आदि का निर्माण, फैब्रिकेशन और आपूर्ति।	रु. 22188796.47	रु. 443800.00	06 माह	27.11.2026
2.	दिल्ली डिवीजन में रेट्रो–रिफ्लेक्टिव इंजीनियरिंग इंडिकेटर बोर्ड, रपीड बोर्ड, T/P, T/G, कर्व पर W, T/O इंडिकेटर, स्टॉप बोर्ड आदि का निर्माण, फैब्रिकेशन और आपूर्ति।	रु. 24339691.84	रु. 443800.00	06 माह	27.11.2026

सुचना : निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 27.11.2026 15:00 बजे तक ही भरी जायगी. पत्र सं.– 128–डब्ल्यू/वं.मं.अधि./सं/निविदा–24 & 25–2026–27–डब्ल्यूसी दिनांक :05.11.2026 3881/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सार्वजनिक नोटिस

राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2026-2027

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या Advertisement Code SAMVAD:-1128/11/714/2027/49981 दिनांक 07.10.2026 के माध्यम से "राज्य स्तरीय पुरस्कार वर्ष 2026-2027" योजना हेतु पात्र आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन भरने की अंतिम तिथि 05.11.2026 निर्धारित की गई थी।

आवेदको की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त विज्ञापन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में वृद्धि की जाती है।

अतः इच्छुक एवं पात्र आवेदक अब दिनांक 05.12.2026 तक अपना ऑनलाईन माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विज्ञापन की अन्य सभी शर्तें एवं नियम पूर्ववत रहेंगे।

हस्ता/-संयुक्त निदेशक
महिला एवं बाल विकास विभाग
हरियाणा, पंचकुला।

पीआरडीएच-1128/11/736/2027/50815/88/7 दि. 05.11.26

उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट), उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल अनुभवी और सक्षम निविदाकारों से एक खुली प्रणाली निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद ई–निविदा आमंत्रित जाती है।

1	कार्य का नाम	व्हील रिपेयर शॉप, वैगन केयर सेंटर, तुगलकाबाद में ट्रूल ऑपरेटरों की तैनाती सहित व्हील नटटाइटनिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग एवं व्यापक रखरखाव का कार्य।
2	कार्यस्थल	दिल्ली
3	कार्य की अवधि	साठ (60) माह
4	विज्ञापित मूल्य	रू. 3,63,91,200.00 (जीएसटी सहित)
5	बयाना राशि जमा की जानी है	रु. 7,27,800.00 (केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से)
6	निविदा प्रपत्र मूल्य	रु. 0/–
7	ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का समय	दिनांक 04.11.2026 से 30.11.2026 को 11:00 बजे तक
8	ई–निविदा बंद होने की तिथि और समय	दिनांक 30.11.2026 को 11:00 बजे
9	ई–निविदा खुलने की तिथि और समय	दिनांक 30.11.2026 को 11:00 बजे के बाद, यदि खुलने की तारीख अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस पर ई–निविदा खोली जाएगी
10	ई–निविदा खोलने का स्थान	यांत्रिक विभाग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–55

नोटः निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में मिल सकती है। 3879/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की दमदार रफ्तार जारी

नई दिल्ली। भारत के मशहूर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आज वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार में लिस्ट होने के बाद, पिछले साल के मुकाबले अपनी सबसे ज्यादा ग्रोथ हासिल की है। यह लगातार दूसरी तिमाही है जब कंपनी ने डबल-डिजिट ग्रोथ दर्ज की है। इन नतीजों पर बात करते हुए, एलजीई इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर होंग जू जियोन ने कहा हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमने लगातार दूसरी तिमाही में शानदार नतीजे दिए हैं, जिससे हमारी पहली छमाही भी बहुत मजबूत रही है। यह प्रदर्शन भारत की कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडस्ट्री की ताकत को दिखाता है। लोगों की बढ़ती आमदनी, प्रीमियम प्रोडक्ट्स की बढ़ती चाहत और शहरों से लेकर उभरते बाजारों तक पहुंच बढ़ने का फायदा इस इंडस्ट्री को मिल रहा है। एक लिस्टेड कंपनी के तौर पर एलजीई इंडिया का पहला साल पूरा हो रहा है, और यह प्रदर्शन हमारे शेयरधारकों के हम पर भरोसे और उनके लिए लंबे समय का फायदा बनाने के हमारे वादे को दिखाता है।

केईआई इंडस्ट्रीज ने ज्योति सीएसआर पहल के अंतर्गत कौशल ज्योति की शुरुआत की

नई दिल्ली। भारत में तार और केबल बनाने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक, केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड कौशल ज्योति नाम से एक देशव्यापी सीएसआर पहल की शुरुआत की है। इसका मकसद देश भर में बिजली क्षेत्र बिजली समुदाय से जुड़े हजारों पिछड़े परिवारों को सशक्त बनाना है। इस पहल की औपचारिक शुरुआत सोमवार, 2 नवंबर 2026 को शाम 6:00 बजे से द ऑपुलेंस होटल एंड बैंक्वेट्स, पीरागढ़ी, नई दिल्ली में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान हुई। केईआई इंडस्ट्रीज की सीएसआर पहलों की व्यापक ज्योति सीरीज का हिस्सा, कौशल ज्योति कंपनी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो भारत के बिजली बुनियादी ढांचे और विकास में योगदान देने वाले समुदायों का समर्थन करने के लिए है। इस शुभारंभ कार्यक्रम में केईआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड की नॉन-एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अर्चना गुप्ता, और सामाजिक विकास क्षेत्र में टीवीईटी विशेषज्ञ और शोधकर्ता, डॉ. निधि गौतम मौजूद थी। व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास में डॉ. गौतम की विशेषज्ञता ने इस पहल को एक मूल्यवान दृष्टिकोण प्रदान किया।

धनतेरस पर आभूषणों की मांग बढ़ने की उम्मीद

मुंबई (एजेंसी)। सोने की कीमतों में हाल में आई बड़ी गिरावट से ग्राहकों का रुझान बढ़ने के कारण इस धनतेरस पर आभूषणों की बिक्री अच्छी रहने की उम्मीद है। इससे हल्के आभूषणों और कम कीमत वाली छोटी खरीदारी की मांग बढ़ी है। हालांकि, मात्रा के लिहाज से बिक्री पिछले साल के लगभग बराबर रहने का अनुमान है।आभूषण उद्योग के प्रतिनिधियों के मुताबिक, सोना-चांदी की खरीद के लिए शुभ माने जाने वाले पर्व धनतेरस पर आभूषणों की बिक्री का मूल्य 20-30 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। सोने की कीमतों में गिरावट से इस धनतेरस पर मांग बढ़ने की उम्मीद है। धनतेरस पर मात्रा के लिहाज से बिक्री पिछले साल के स्तर पर ही बनी रह सकती है लेकिन ऊंची कीमतों के कारण बिक्री मूल्य में 20-30 प्रतिशत तेजी रह सकती है। उन्होंने कहा कि सोने और चांदी की खरीद आम तौर पर बचत की रकम से की जाती है। धनतेरस से जुड़ी त्योहारी मांग आने और अंतरराष्ट्रीय संकेतों की वजह से सोने के भाव में फौरी तेजी देखी गई। विश्व स्वर्ण परिषद के भारत क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सचिन जैन ने कहा कि सोने की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट से आभूषणों की मांग को प्रोत्साहन मिला है। जीजेसी के उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता ने कहा कि सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट से देशभर में उपभोक्ताओं का रुझान बेहतर हुआ है।



सोने में 2,200 और चांदी में 1,500 रुपये की तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- आभूषण विक्रेताओं और कारोबारियों की खरीदारी बढ़ी
- सोना उछलकर 1.48 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। धनतेरस से पहले आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की खरीदारी बढ़ने से सोना 2,200 रुपये उछलकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 2,200 रुपये बढ़कर 1,48,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गया। बुधवार को इसका भाव 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमतों में भी तेजी जारी रही। इसका भाव1,500 रुपये बढ़कर 1,94,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि शुक्रवार को धनतेरस और रविवार को दिवाली के मद्देनजर आभूषण विक्रेताओं, खुदरा कारोबारियों और थोक विक्रेताओं ने खरीदारी बढ़ा दी है। धनतेरस पर सोने-चांदी जैसी कीमती धातुओं की खरीदारी को शुभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि निवेश मांग ने भी खरीदारी को समर्थन दिया। त्योहारी मौसम में कीमती धातुओं की कीमतों में यह तेजी पिछले साल की तुलना में उनकी कीमतों में हुई भारी वृद्धि के बीच आई है।

एनबीसीसी के लाभ में 34% की वृद्धि

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 34 प्रतिशत बढ़कर 209.84 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष-2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 156.68 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी (जुलाई- सितंबर) तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 3,456.22 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि में 3,017.15 करोड़ रुपये थी। एनबीसीसी, परियोजना प्रबंधन परामर्श (पीएमसी) और रियल एस्टेट कारोबार में सक्रिय है।

सेंसेक्स 2009 और निफ्टी में 576 अंक का उछाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। धनतेरस से एक दिन पहले गुरुवार 5 नवंबर को सेंसेक्स 2009 अंक या 2.60% चढ़कर 79,310 पर बंद हुआ। इसे तेजी से निवेशकों की दौलत 8 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई। निफ्टी में भी 576 अंक या 2.40% की तेजी रही, ये 24,537 के स्तर पर बंद हुआ है। निफ्टी ने 4 सितंबर के बाद पहली बार 24 हजार का आंकड़ा पार किया। ये इस साल की सेंसेक्स की दूसरी बड़ी बढ़त है। 8 अप्रैल को सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ा था। यानी करीब सेंसेक्स में 7 महीने बाद इतनी बड़ी तेजी आई है। मिडटर्म चुनाव में ट्रंप की पार्टी दोनों सदनों में हार गई। इससे ईरान जंग रुकने की उम्मीद बढ़ी है। जंग थमने पर कारोबार आसान होगा। इसलिए लोग बाजार में लौटे। नतीजों के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में भी अच्छी तेजी रही।

साल की दूसरी सबसे बड़ी बढ़त
■
निवेशकों की दौलत 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ी

एनएचपीसी ने 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए

नई दिल्ली। एनएचपीसी लिमिटेड, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक अग्रणी 'नवरत्न' सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ने 4 नवंबर, 2026 को आयोजित अपने निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदन के पश्चात 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए। 30 सितंबर, 2026 को समाप्त छमाही के दौरान एनएचपीसी ने 2,639 करोड़ का एकल लाभ कर पश्चात दर्ज किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 1,997 करोड़ था। इस प्रकार इसमें 32% की वृद्धि दर्ज की गई। दूसरी तिमाही के दौरान कंपनी का एकल लाभ कर पश्चात 1,525 करोड़ रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 926 करोड़ था, जो 65% की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी का परिचालन से राजस्व चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 51% बढ़कर 4,125 करोड़ हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 2,732 करोड़ था। राजस्व में यह वृद्धि मुख्य रूप से सुबनसिरी लोअर परियोजना के आंशिक रूप से चालू होने, वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में तीस्ता-V पावर स्टेशन से वाणिज्यिक विद्युत उत्पादन पुनः शुरू होने तथा पार्बती-II पावर स्टेशन के बेहतर उत्पादन प्रदर्शन के कारण हुई।

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ ने चश्मे के ढांचे में छुपाकर ले जाई जा रही कैंची और पेन चाकू को पकड़ा

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों ने एक बार फिर अपनी सतर्कता का परिचय दिया है। घरेलू टर्मिनल के सिक्योरिटी होल्ड एरिया (एसएचए) में सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ ने चश्मे के आकार में बनाए गए एक उपकरण के भीतर छिपा कर रखे गए पेन चाकू और कैंची को पकड़ा। घटना 05 नवंबर 2026 की सुबह लगभग 08:10 बजे की है। अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट संख्या 6E6693 (प्रस्थान समय 09:30 बजे) की एक महिला यात्री अपने सामान की सुरक्षा जांच के लिए XBIS-03 स्क्रैनर पर पहुंची। एक्स-रे स्क्रीन पर तैनात सीआईएसएफ कर्मी को सामान की चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध इमेज दिखाई दी। गहन जांच करने पर पता चला कि देखने में चश्मे जैसे दिखने वाले एक अनोखे आइटम के अंदर चाकू और कैंची जैसी धारदार चीजें चतुराई से छिपाकर रखी गई थीं। सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सीआईएसएफ अधिकारियों ने तुरंत इन प्रतिबंधित वस्तुओं को जब्त कर लिया। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर यात्री को उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई। यह घटना दर्शाती है कि हवाई अड्डों की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवान कितने मुस्तैद और सतर्क हैं। विमान में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हैंड बैग और सामान की गहन चेकिंग पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी	एचटीईटी परीक्षा–2026 (भिवानी) हेतु वाहन किराये पर लेना।	05.11.2026 12.11.2026	रु. 5,00,000/- और रु.10,000/-	http://www.sseh.org.in	8053008826 asco@bseh.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/40/50838/I/88/7 दि. 05.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	जीएमडीए गुरुग्राम	सेक्टर–81 से 87, गुरूग्राम में पूर्ण मौजूदा मास्टर सीवर लाइन की गाद निकालना और पैट्रोलिंग, एम.एच. 'एस का निर्माण और आकार 600 मिमी, 800 मिमी, 900 मिमी और 1000 मिमी की आरसीसी एनपी3 पाइप के प्रावधान व बिछाकर बकाया मास्टर सीवर लाईंस का प्रावधान व बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य (3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेदारी अवधि समेत)।	30.10.2026 16.11.2026	ईएमडी रु. 16,79,220/-	https://www.gmda.gov.in	9773972700 xen6rhs2.gmda@gmda.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2027/60/50839/I/88/7 दि. 05.11.26

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

वृष आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

सिंह आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

धनु व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

मकर मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

कुंभ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

मीन शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

शब्द पहेली - 6400



बाएँ से दाएँ
1.सहयोग की भावना–5
4.अकस्मात,एकाएक–4
7.पराजय–2
8.नाव चलाने वाला–3
9.भीगा हुआ–2
10.अनुवाद–4
11.बेल–2
13.योग्य,सही–3
14.घोड़ा गाड़ी–2
15.काव्य,गजल–3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान–2
19.नामकरण–2,3
22.राजा का महल–5
25.प्रेम,ममता–2
26.कपड़े की दीवार–3
28.रास्ता,मार्ग–2
29.सिर,खोपड़ी–3
30.माप–2
32.गुस्सा करना–4
34.व्यंग,चुटीली बात–2
36.नायक,नेता–3
37.एक आंख वाला–2
38.रचनाकार–4
39.कृष्ण का एक नाम–3,2

ऊपर से नीचे
1.महोदय (अंग्रेजी–2)
2.डरपोक,भीरू–3
3.व्यंग कसना –5
4.बुद्धि–3
5.झुका हुआ–2
6.कर देने वाला–4
7.चोरी करना,छीनना (मु.–2,3)
10.तहखाना–4
12.एकटक देखना–2
16.वियोग,जुदाई–3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म–2
18.खुजली–2
20.घोटना,मंथन करना–3
21.पत्र,चिट्ठी–2
22.रास्ता–2
23.सुगंधित होना–4
24.बिजली का कौंधना–5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू–5)
26.भगवान,ईश्वर–4
27.पेड़ का मध्य भाग–2
31.पटाखे की बाती,–3
33.अभिव्यक्ति–3
35.नृत्य,डांस–2
37.छोटी सवारी गाड़ी–2

शब्द पहेली- 6399 का हल

	व	र	दा	न		म	क	स	द	
म			न		अ		ल			नि
न		व्य	व	हा	र	कु	श	ल		य
मा	न	व			दा			कि	म	त
नी		था		आ	स	न		र	न	
	र		हा	रा		ह	त्या		का	
	क	वि		म	क	र		क		रा
ह	म	ला			ल			म	वे	शी
वे		प	र	व	र	दि	गा	र		फ
ली			स		व		य			ल
	र	ह	म	त		घ	ब	रा	ना	



ऐतिहासिक रहा रोनाल्डो का अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कॅरियर

लीग फुटबॉल में खेलते आएंगे नजर



एजेंसी ▶▶| लिस्बन

पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। उनका अंतरराष्ट्रीय करियर साल 2003 में शुरू हुआ था। इसके बाद उन्होंने करीब 23 साल तक पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। रोनाल्डो ने अपने शानदार प्रदर्शन से कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए और पुर्तगाल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई। हालांकि रोनाल्ड लीग फुटबॉल में खेलते नजर आएंगे। वह अल-नासर के लिए खेलते हैं।

पुर्तगाल के लिए खेले 234 मैच, किए 146 गोल

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए 234 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इसके साथ ही वह पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। गोल करने के मामले में भी उनका कोई सानी नहीं है। रोनाल्डो ने इन मुकाबलों में 146 गोल दागे और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने पुर्तगाल के सबसे सफल खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई।

रोनाल्डो ने कहा- मुझे अपने सफर पर गर्व है

रोनाल्डो ने कहा, आज मैं टीम के साथ मैदान पर अपने सफर का अंत कर रहा हूं। मैं गर्व के साथ विदा ले रहा हूं। मुझे अपने सफर पर गर्व है और इस बात का संतोष है कि मैंने पुर्तगाल के लिए अपना सब कुछ दिया। गोल बीत जाते हैं, ट्रॉफियां संग्रहालयों में रख दी जाती हैं और रिकॉर्ड टूट जाते हैं। लेकिन एक चीज है, जिसे समय कभी नहीं मिटा सकता और वह है लोगों के दिलों में हमारी जगह।

6 विश्व कप खेलने वाले पहले फुटबॉलर

रोनाल्डो ने 2006 से 2026 तक लगातार 6 फीफा विश्व कप में हिस्सा लेकर इतिहास रच दिया। वह 6 विश्व कप खेलने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने। इतना ही नहीं, उन्होंने 6 अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने का गौरव भी हासिल किया। रोनाल्डो ने विश्व कप में कुल 27 मुकाबले खेले और 11 गोल दागे। इसके अलावा उनके नाम 37 असिस्ट भी दर्ज किए हैं। हालांकि, तमाम व्यक्तिगत उपलब्धियों के बावजूद वह अपने करियर में विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जीत सके।

कप्तान के तौर पर ऐसे रहे रोनाल्डो के आंकड़े

रोनाल्डो की कप्तानी में पुर्तगाल ने 2016 में पहली बार यूईएफए यूरो कप का खिताब जीतकर इतिहास रचा था। इसके बाद टीम ने 2019 और 2025 में यूईएफए नेशंस लीग की ट्रॉफी भी अपने नाम की। इस तरह रोनाल्डो ने पुर्तगाल को 3 बड़े अंतरराष्ट्रीय खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 2016 यूरो कप की जीत पुर्तगाली फुटबॉल इतिहास का स्वर्णिम अध्याय मानी जाती है और रोनाल्डो के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

यूरो कप में 14 गोल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

रोनाल्डो का दबदबा यूरो कप में भी देखने को मिला है। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार हैं। रोनाल्डो ने यूरो कप के 30 मुकाबलों में 14 गोल दागे हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। वह यूरो कप के लगातार 5 संस्करणों में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने। उनकी यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनके लंबे और शानदार करियर की गवाही देती है।

मनु और सुरूचि फाइनल में नाकाम, भारतीय टीम ने जीता रजत

विश्व चैंपियनशिप



एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर और सुरूचि इंदर सिंह बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप की महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए पदक की दौड़ से बाहर हो गईं। दोनों खिलाड़ी 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने में भी नाकाम रहीं। हालांकि भारतीय टीम ने 1738 अंक लेकर रजत पदक जीता जबकि चीन को 1745 अंक के साथ स्वर्ण पदक मिला। पेरिस ओलंपिक 2024 में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु 179.9 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। एशियाई खेलों की मिश्रित टीम स्पर्धा की स्वर्ण पदक विजेता सुरूचि ने 158.3 अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया।

चीन ने स्वर्ण व रजत हंगरी ने जीता कांस्य

चीन की जियांग रानशिन ने 242.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी हमवतन याओ कियानशुन ने 242.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। हंगरी की वेरोनिका मेजर ने 222.1 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। तीनों पदक विजेताओं ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान भी हासिल किए जबकि भारतीय निशानेबाजों को निराशा हाथ लगी।

खबर संक्षेप



प्रणवी चीन में संयुक्त 68वें स्थान पर

शेनझेन। भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स यहां अरामको चीन चैंपियनशिप 2026 के पहले दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त 68वें स्थान पर हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी ने दो बर्डी और इतनी ही बोगी से पार का स्कोर बनाया। पहले दौर के बाद तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं जिनमें इंग्लैंड की एनाबेल फ्युलर और चार्लोट हीथ के अलावा चीन की लिकि झेंग शामिल हैं। इन तीनों ने आठ अंडर 65 का स्कोर बनाया।

त्रिपुरा ने सौराष्ट्र को हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की



अगरतला। त्रिपुरा ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप बी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां पूर्व चैंपियन सौराष्ट्र को 133 रन से करारी शिकस्त देकर मौजूदा सत्र की पहली जीत दर्ज की। ऑफ स्पिनर संदीप सरकार और तेज गेंदबाज अभिजीत सरकार ने सात विकेट साझा कर त्रिपुरा की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई। त्रिपुरा ने 342 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही सौराष्ट्र को 208 रन पर आउट कर अपने क्रिकेट इतिहास की यादगार जीत दर्ज की।

बंगाल को 10 विकेट से हराकर महाराष्ट्र ग्रुप सी में शीर्ष पर



कोलकाता। महाराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच में बृहस्पतिवार को यहां ईडन गार्डन्स में बंगाल को 10 विकेट से हराकर बोनस अंक सहित सात अंक हासिल किए। महाराष्ट्र ने सचिन धास (नाबाद 61) और कप्तान पृथ्वी साव (नाबाद 53) के अर्धशतक से 19.4 ओवर में ही बिना विकेट खोए 114 रन बनाकर 112 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस जीत से महाराष्ट्र के कुल 19 अंक हो गए हैं और वह बंगाल को पछाड़कर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

वेलिंगटन के मैदान पर देखने मिलेगी बल्लेबाजों और गेंदबाजों की टक्कर

दूसरा वनडे कल, सीरीज में बढ़त बनाने भारत और बराबरी करने न्यूजीलैंड बेकरार

एजेंसी ▶▶| वलिंगटन

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 5 मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला शनिवार 7 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। पहले मैच में भारत ने डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 विकेट से जीत दर्ज की थी। ऐसे में कीवी टीम की नजरें इस मुकाबले में जीत हासिल कर सीरीज में वापसी करने पर होंगी। वहीं, भारतीय टीम अपनी बढ़त को और मजबूत करना चाहेगी। वेलिंगटन में दोनों टीमों के आंकड़े जान लेते हैं।

वेलिंगटन में ऐसा रहा है दोनों टीमों का प्रदर्शन

भारत ने वेलिंगटन में अपना पहला वनडे साल 2003 में खेला था। उन्होंने यहां अब तक 4 वनडे खेले हैं। इस दौरान उसे 2 मैच में जीत मिली है। एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। वहीं, न्यूजीलैंड ने इस मैदान पर 30 वनडे खेले हैं। इस दौरान उसे 17 मैच में जीत मिली है। 11 मैच में उसे हार मिली है। 2 मैच में नतीजा नहीं निकला है।



ऐसी है वेलिंगटन की पिच रिपोर्ट

वेलिंगटन के स्काई स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। यहां ड्रॉप-इन पिच का इस्तेमाल होता है, जिस पर बल्लेबाजों को रन बनाने के अच्छे मौके मिलते हैं। हालांकि, नई गेंद से तेज गेंदबाजों को स्विंग और उछाल मिल सकता है। इस मैदान पर मौसम और बारिश का भी अहम प्रभाव रहता है। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे वनडे में गेंद और बल्ले के बीच अच्छी टक्कर देखने को मिल सकती है।

इन बल्लेबाजों ने किया है अच्छा प्रदर्शन

इस मैदान पर न्यूजीलैंड के लिए केन विलियमसन ने सबसे ज्यादा 9 पारियों में 67.57 की औसत से 473 रन बनाए हैं। वहीं, ब्रेडन मैकुलम के बल्ले से यहां 20 मैचों की 17 पारियों में 427 रन निकले हैं। न्यूजीलैंड के सक्रिय बल्लेबाजों में किसी खिलाड़ी का यहां अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है। भारत के लिए यहां अंबाती रायडू ने सबसे ज्यादा 2 पारियों में 110 रन बनाए हैं। विराट कोहली के बल्ले एक पारी में 82 रन निकले हैं।

इन गेंदबाजों का रहा है अच्छा प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के लिए टिम साउथी ने यहां सबसे ज्यादा 9 मैचों की 9 पारियों में 17.92 की औसत से 25 विकेट लिए हैं। वहीं, डेनियल विटोरी ने यहां 21 पारियों में 22 विकेट अपने नाम किए हैं। कीवी टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने इस मैदान पर 5 पारियों में 5 विकेट चटकाए हैं। युजवेंद्र चहल, जहीर खान और मोहम्मद शमी ने इस मैदान पर वनडे क्रिकेट में भारत के लिए संयुक्त रूप से 5-5 विकेट लिए हैं।

तन्वी युवा ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला



एजेंसी ▶▶| डकार (सेनेगल)

भारत की उभरती बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री ने युवा ओलंपिक खेलों की महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई हैं। ओडिशा की 15 वर्षीय तन्वी ने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखते हुए सेमीफाइनल में जापान की दूसरी वरीयता प्राप्त युजुनो वतनबे को कड़े मुकाबले में 21-14, 11-21, 21-19 से शिकस्त दी। 54 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ ही उन्होंने स्वर्ण पदक के लिए होने वाले खिताबी मुकाबले में जगह पक्की कर ली। तन्वी ने ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया। अब उनके पास स्वर्ण पदक जीतकर अपने यादगार अभियान को ऐतिहासिक बनाने का सुनहरा मौका है।

फाइनल में चीन की खिलाड़ी से मुकाबला

फाइनल में उनका सामना चीन की यी शिन झांग से होगा, जो मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन हैं। तन्वी और झांग के बीच अब तक केवल एक बार भिड़ंत हुई है। इस साल एशिया जूनियर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में दोनों आमने-सामने आई थीं, जहां तन्वी को कड़े संघर्ष के बाद 18-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा था।

पहले ही मुकाबले में हारे ज्वेरेव जोकोविच भी पेरिस मास्टर्स से बाहर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पुरुष टेनिस में विश्व नंबर एक की कुर्सी संभालने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव का शीर्ष रैंकिंग पर सफर हार के साथ शुरू हुआ। ज्वेरेव को बुधवार को पेरिस मास्टर्स के दूसरे दौर में इटली के लोरेंजो मुसेटी के हाथों 6-7, 2-6 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। ज्वेरेव के बाद रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के क्वालीफायर खिलाड़ी रिंकी हिजिकाता ने 2-6, 6-3, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।



जोकोविच अच्छी शुरुआत के बावजूद हारे

दसवीं वरीयता प्राप्त जोकोविच ने हिजिकाता के खिलाफ मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में दबदबा बनाए रखा। हालांकि, दूसरे सेट में 3-3 की बराबरी के बाद वह लगातार तीन गेम गंवा बैठे। इसके बाद सातवें गेम में उनकी सर्विस टूट गई। हिजिकाता ने एक बार फिर जोकोविच की सर्विस तोड़ी और उनके बैकहैंड शॉट के कोर्ट से बाहर जाने के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। चौबीस ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुके जोकोविच को इस महीने के आखिर में होने वाले एटीपी फाइनल्स में जगह बनाने की उम्मीद कायम रखने के लिए पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचना जरूरी था।

अल्कराज सहित अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

सात बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 7-6, 6-3 से हराया। लगातार छठी जीत दर्ज करने वाले 23 वर्षीय अल्कराज के सामने अगले दौर में माटेओ बेरेटिनी की चुनौती होगी। सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसेस टियाफो को फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस ने 6-3, 1-6, 7-6 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव को इग्नासियो ब्यूसे ने 6-4, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

अक्टूबर के लिए दीप्ति शर्मा हुई नामांकित

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अक्टूबर महीने के लिए भारत की दीप्ति शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए नामांकित किया है। उनके अलावा बांग्लादेश की सोभना मोस्तरी और ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड भी नामित हुई हैं। दूसरी तरफ पुरुष वर्ग में दक्षिण अफ्रीका के मार्को जानसेन, पाकिस्तान के अराफत मिन्हास और वेस्टइंडीज के शाई होप भी इस पुरस्कार की दौड़ में हैं। अक्टूबर में दीप्ति ने वडोदरा में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में शतक (106*) लगाया था। यह उनके वनडे करियर का दूसरा शतक साबित हुआ था।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ



यूईएफए चैंपियंस लीग में लीवरपूल को फेनरबाशे ने हराया

रीयल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

फेडेरिको वाल्वरडे के निर्णायक गोल की बदौलत रीयल मैड्रिड ने यूईएफए चैंपियंस लीग में एक बार फिर आखिरी क्षणों में बाजी पलटते हुए बुधवार को एईके एथेंस को 3-2 से हराया। लीवरपूल को रोमांचक मुकाबले में फेनरबाशे के हाथों 2-3 से चौकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी ने भी दो बार बढ़त गंवाने के बाद आरबी लाइपजिग को इसी अंतर से 3-2 से हराया। तो वहीं कोमो ने लेंस को 9-1 से रौंदकर बड़ी जीत दर्ज की। पिछले सत्र की उपविजेता आर्सेनल ने स्लाविया प्राग को 2-1 से शिकस्त दी।



मैड्रिड को दो बार पिछड़ना पड़ा

मैड्रिड को ऑल्विन एरिना में एईके एथेंस के खिलाफ दो बार पिछड़ना पड़ा, लेकिन वाल्वरडे ने 92वें मिनट में लंबी दूरी से शानदार गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। मैड्रिड ने पिछले महीने रोमा के खिलाफ भी आखिरी समय में 4-3 से जीत दर्ज की थी। उस मुकाबले में टीम ने अंतिम 10 मिनट में तीन गोल किए थे एईके की ओर से अबूबाकरी कोइटा ने पहले हाफ में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। जूड बेलिंघम ने बैकहील से गोल कर मैड्रिड को बराबरी दिला दी। मैच के 75वें मिनट में स्तावरोस पिलियोस ने मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया, लेकिन तीन मिनट बाद ही किलियन एमबापे ने स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद एमबापे का एक शॉट क्रॉसबार से टकराया, जबकि वाल्वरडे ने इंजरी टाइम में निर्णायक गोल कर दिया।

अन्य मैचों का ऐसा रहा जीत-हार का आंकड़ा

एर्लिंग हालांड ने आरबी लाइपजिग के खिलाफ मैनचेस्टर सिटी को 3-2 से जीत दिलाई। स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हालैंड ने मैच के 78वें मिनट में टीम को निर्णायक बढ़त दिलाई। प्रीमियर लीग चैंपियन आर्सेनल ने स्लाविया प्राग को 2-1 से हराया। नॉनी मादुके और विक्टर ग्योकेरेस ने पहले हाफ में गोल कर आर्सेनल को बढ़त दिलाई। मेजबान टीम ने 90वें मिनट में एक गोल जरूर किया, लेकिन आर्सेनल ने जीत हासिल कर ली।

टासोस की हैट्रिक ने लेंस को हराया

टासोस डुविकास की हैट्रिक की मदद से सेस्क फाब्रेगास की कोमो टीम ने लेंस को 9-1 से करारी शिकस्त दी। नेपोली को पोर्टो के खिलाफ 1-4 से करारी हार झेलनी पड़ी। लीग चरण के चार मुकाबलों में नेपोली की यह तीसरी हार है। रविवार को उसे युवेंटस ने 2-0 से हराया था। युनान के युवा खिलाड़ी कोन्स्टेंटिनोस कारेत्सास के पहले गोल की मदद से 1997 की चैंपियन बोरुसिया डॉर्टमुंड ने रियल बेटिस को 2-1 से हराया।



रक्षा अधिकारी बोले, किसी भी सूरत में वापस नहीं ली जाएगी योजना

रक्षा और गृह मंत्रालय के बीच उभरे मतभेदों ने कराया अग्निपथ योजना में बदलाव!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बुधवार को सशस्त्र सेनाओं में बतौर अग्निवीर, जवानों की भर्ती के लिए बनाई गई 'अग्निपथ योजना' में किए गए बड़े बदलाव के ऐलान के बाद मामले पर रुचि रखने वाले हर खासोआम के मन में उठ रहे तमाम तरह के शक-सूबों को दूर करने के लिए गुरुवार को सीधे रक्षा अधिकारी सामने आए। उन्होंने दो टूक अंदाज में ये स्पष्ट किया कि रक्षा मंत्रालय किसी भी हालत में अग्निपथ योजना को वापस नहीं लेगा। मौजूदा बदलाव का उद्देश्य वर्ष 2022 में बनाई गई मूल योजना में एक दूसरी दो वर्ष की अतिरिक्त समय अवधि की विंडो को जोड़ना था। जिसकी मदद से 48 महीने के बाद सेनाओं से बाहर जाने वाले सभी 75% अग्निवीरों के लिए स्थायी और सुरक्षित भविष्य की व्यवस्था की जा सके। इन सबके बीच इस बदलाव को लेकर पर्दे के पीछे सामने आए कई अन्य कारणों की भी भूमिका रही है। जिसमें से एक रक्षा, गृह मंत्रालय के बीच खासकर सेनाओं से बाहर होने वाले 75% अग्निवीरों के लिए भविष्य में नौकरी को लेकर प्रदान की जाने वाली 20% आरक्षण की व्यवस्था सहित अन्य मामलों पर सामने आ रही चुनौतियां मुख्य हैं।

- 4 साल बाद सभी 75% अग्निवीरों को मिलेगा स्थायी नौकरी का मौका, वरिष्ठता पर नहीं होगा असर

पीएमओ में 6 घंटे चली बैठक: सूत्रों ने हरिभूमि को बताया कि 4 नवंबर को कैबिनेट की बैठक के बाद सरकार ने इस फैसले को सार्वजनिक करने की जिम्मेदारी प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि को सौंपी थी। लेकिन उससे ठीक एक दिन पहले यानी 3 नवंबर को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में इस बाबत कैबिनेट में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्ताव, अन्य जरूरी मुद्दों पर आम सहमति के साथ आगे बढ़ने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक भी हुई थी। जिसकी अध्यक्षता पीएमओ के शीर्ष अधिकारियों ने की और उसमें रक्षा मंत्रालय से सीडीएस जनरल सुब्रमणि, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव शामिल हुए। सभी पक्षों के बीच कुल करीब छह घंटे तक विचार-विमर्श का बेहद लंबा दौर चला चला। जिसकी शुरुआत दोपहर में लगभग साढ़े 3 बजे हुई और समापन देर रात साढ़े 9 बजे हुआ।

7 महीने में भर्ती नीति में बदलाव असंभव: सूत्रों ने कहा, क्योंकि पूर्व में योजना लांच करते वक्त ये तय किया गया था कि चार साल के बाद बाहर होने वाले 75% अग्निवीरों के लिए स्थायी रोजगार की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय एक नोडल एजेंसी के रूप में संभालेगा। अर्धसैन्यबलों (पैरामिलिट्री फोर्स) से लेकर कुछ राज्य सरकारों ने इसके लिए सरकारी नौकरी में 20% आरक्षण की घोषणा भी की थी।

लेकिन असल में इस काम को पूरा करने के लिए गृह मंत्रालय को केंद्रीय अर्धसैन्यबलों के लिए वर्तमान में चल रही पुरानी भर्ती नीति (रिक्रूटमेंट पॉलिसी) में हर हाल में बदलाव किए जाने की आवश्यकता थी। गृह मंत्रालय ने रक्षा मंत्रालय के साथ चर्चा कर इस कार्य को अगले साल 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का मन भी बना लिया था।

जिसमें नौसेना के अग्निवीरों के पहले बैच के 21 नवंबर 2026 को बाहर निकलने के मुद्दे को एक प्रकार से आधार माना गया। मौजूदा साल में जुलाई महीने से इस बाबत बैठकें शुरू हुईं और सितंबर तक गृह मंत्रालय ने उक्त सोच के साथ ही आगे बढ़ना तय किया गया। हालांकि मामले की पेंचीदियों को देखते हुए महज सात महीने में लंबे वक्त से चली आ रही भर्ती नीति को बदलना भी उन्हें किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं लग रहा था। बैठकों में दोनों मंत्रालयों के अलावा अन्य भागीदारों जैसे अर्धसैन्यबलों के प्रतिनिधि आरक्षण के मामले पर सहज नहीं थे। क्योंकि इससे उनके अपने सैन्यकर्मियों के रोजगार के हित कहीं न कहीं प्रभावित हो रहे थे।

कट ऑफ डेट रहेगी 31 दिसंबर 2026: सूत्रों ने कहा कि सरकार का ये फैसला अग्निवीरों के संभवतः पहले बैच (2023 से 2026 तक शामिल हुए शुरुआती 5 बैच) या 31 दिसंबर 2026 तक सशस्त्र सेनाओं में शामिल हो चुके अग्निवीरों पर ही लागू होगा। इसके बाद आने वाले अग्निवीरों के बैच के लिए स्थितियां क्या होंगी? उस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। सीडीएस भी योजना में समय-समय पर बदलाव किए जाने की बात कह चुके हैं।

यूं प्रभावित नहीं होगी वरिष्ठता: रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, सभी अग्निवीरों को सेनाओं में स्थायी नौकरी दी जाएगी। शुरुआती 4 साल बाद सबसे पहले 25% को इसका मौका मिलेगा। फिर बाकी बचे हुए 75% इस मौके का लाभ उठाएंगे। इस दौरान कोई तय सीमा नहीं होगी और अग्निवीरों का सेनाओं में स्थायी नौकरी पाने की इच्छा, शारीरिक तंदुरुस्ती और अनुशासन बड़े मानक होंगे।

75% अग्निवीरों की वरिष्ठता भी सुरक्षित रहेगी। क्योंकि एक बार नियमित होने के बाद ये अपने ही बैच के जवानों के तुरंत बाद नियमित होंगे। जिसमें ये किसी भी बैच से कनिष्ठ नहीं माने जाएंगे। अग्निपथ योजना वापस नहीं ली जाएगी। अभी बदलाव के साथ इसमें दो साल की एक अतिरिक्त अवधि का समावेश किया गया है। जो सभी अग्निवीरों को नियमित सैनिकों के रूप में सेनाओं में शामिल करने के लिए एक मार्ग प्रदान करेगी।

बम की धमकी से हवा में हड़कंप

डबलिन-रोम फ्लाइट ने फ्रांस के सैन्य अड्डे पर की इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ पेरिस

यूरोप में विमानों को बम से उड़ाने की धमकियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। गुरुवार को डबलिन से रोम जा रही एयरलाइंस एयर लिंगस की एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद फ्रांस की ओर मोड़ना पड़ा। एयरबस ए320 विमान को फ्रांस के नॉरमैंडी क्षेत्र में स्थित एव्रू सैन्य एयरबेस पर उतारा गया। घटना के बाद फ्रांस की सरकार और पीएम सेबास्टियन लेकोर्नू का कार्यालय स्थिति पर नजर रख रहा है। पिछले कुछ दिनों में यूरोप की कई उड़ानों को इसी तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। इससे हवाई यातायात और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि, शुरुआती जानकारी में धमकी के स्रोत या उसकी प्रकृति के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संगठन, रक्षा बलों और उद्योग जगत को दी बधाई

डीआरडीओ ने किया 'क्वासी बैलिस्टिक प्रलय' मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गुरुवार को ओडिशा तट के पास स्थित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से 11 बजकर 10 मिनट पर क्वासी बैलिस्टिक मिसाइल प्रलय का सफल उड़ान परीक्षण किया है। मिसाइल की अनुमानित मारक क्षमता लगभग 150 से 500 किलोमीटर तक है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसके लिए संगठन, सैन्यबलों और उद्योग जगत के तमाम भागीदारों को बधाई देते हुए उनकी हौसला अफजाई की है। उन्होंने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकियों से लैस ये मिसाइल उभरते हुए खतरों के खिलाफ सैन्यबलों की रणनीतिक तैयारियों, परिचालन क्षमता को और अधिक सशक्त बनाएगी। डीआरडीओ के अध्यक्ष और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी परीक्षण में शामिल सभी टीमों को बधाई दी है। रक्षा मंत्रालय ने 5 नवंबर को जारी किए एक आधिकारिक बयान के जरिए यह जानकारी दी है।

रडार को चकमा देने में माहिर मिसाइल



क्वासी मिसाइल एक ऐसी मिसाइल होती है। जिसमें न केवल बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइल दोनों के गुणों का समावेश होता है। बल्कि वह उड़ान के दौरान अपनी पूर्व निर्धारित दिशा को अचानक बदल भी सकती है। जिससे दुश्मन के रडार या मिसाइल को नष्ट करने वाले हथियार उसका सही-सही पता नहीं लगा पाते। क्वासी की तुलना में एक सामान्य मिसाइल अपने तय किए गए मार्ग के घुमावदार रास्ते पर ही चलती है या कहें कि आगे बढ़ती है।

सभी मानकों पर खरा उतरा परीक्षण: मंत्रालय के मुताबिक, परीक्षण के दौरान मिसाइल की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर चांदीपुर में मौजूद एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) पर तैनात किए गए निगरानी उपकरणों से कड़ी नजर बनाए रखी गई।

अंत में मिले आंकड़ों से यह पुष्टि हुई कि प्रलय मिसाइल ने परीक्षण के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। प्रलय मिसाइल को स्वदेश में डीआरडीओ की हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत ने अन्य प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर बनाया है।

जबकि इसके विकास तथा सह-उत्पादन भागीदारों में से एक भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने इसका उत्पादन किया है। परीक्षण की निगरानी के लिए संगठन के अधिकारी व अन्य भागीदार मौजूद रहे। निकट भविष्य में मिसाइल को सेना, वायुसेना में औपचारिक रूप से शामिल करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। जिसके जल्द पूरा होने की उम्मीद है।

संपन्न हुई विदेश सचिव विक्रम मिस्री की दो दिवसीय नेपाल यात्रा, द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी मजबूती

नवंबर के अंत में भारत यात्रा पर आएंगे नेपाल के पीएम, विदेश सचिव ने की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह के साथ गुरुवार को काठमांडू स्थित प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद कार्यालय में विदेश सचिव विक्रम मिस्री की मुलाकात हुई है। जो उनके मौजूदा दो दिवसीय (4 से 5 नवंबर तक) दौरे के तहत की गई है।



दोनों पक्षों के बीच बातचीत के दौरान विदेश सचिव ने सबसे पहले नेपाल के पीएम को भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की ओर दी गई शुभकामनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दोनों देशों के बीच उच्च-स्तरीय गतिविधियों और द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित विभिन्न मामलों में हुई प्रगति को लेकर भी उन्हें अवगत कराया। मिस्री ने पीएम शाह को उनकी नई दिल्ली की आगामी यात्रा से जुड़े कदमों और संभावित परिणामों के बारे में बताया। विदेश मंत्रालय ने 5 नवंबर को दिए एक बयान में यह जानकारी दी है। ज्ञात हो कि मिस्री की यह यात्रा नेपाल के उनके समकक्ष और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर की गई है।

दोनों विदेश सचिवों में हुई बैठक: काठमांडू में पिछले बुधवार को दोनों विदेश सचिवों के बीच एक प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें भारत, नेपाल के बीच बने हुए मौजूदा सहयोग से जुड़े तमाम क्षेत्रों की व्यापक रूप से समीक्षा की गई है। वार्ता में भविष्य में साझा रूप से लाभप्रद साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। मिस्री ने नेपाल के सांसदों के एक समूह जिसमें भारत-नेपाल संसद मैत्री समूह के सदस्य तथा पड़ोसी देश की अंतरराष्ट्रीय संबंधों व पर्यटन से जुड़ी समिति संसदीय समिति के सदस्यों ने भाग लिया। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच बनी हुई उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को आगे बढ़ाने की सोच की साफतौर पर झलक देखने को मिलती है।

इस यात्रा का उद्देश्य: गौरतलब है कि पूर्व में विदेश सचिव को पीएम शाह की भारत यात्रा से जुड़ी तैयारियों पर नेपाली पक्ष के साथ संवाद करने के लिए इसी साल के मई महीने में काठमांडू की यात्रा करनी थी। लेकिन उस वक्त नेपाली पीएम के उनसे मुलाकात को लेकर इंकार करने की वजह से वह दौरा नहीं हो सका। सत्ता की कमान संभालने के बाद नेपाल के नवनियुक्त पीएम बालेंद्र शाह ने पुराने सीमाई विवाद (लिपुलेख, कालापानी व लिम्पियाधुरा जैसे इलाके शामिल) वाले मुद्दों को लेकर विवादित बयान दिया था। जिसके बाद दोनों देशों के संबंधों में तल्खी देखने को मिली थी। मिस्री ने अपनी यात्रा में नेपाल के कई वरिष्ठ मंत्रियों के साथ शिष्टाचार मुलाकात की है। जिसमें वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले, विदेश मंत्री शिशिर खनाल, ऊर्जा-जल संसाधन और प्रवासन मंत्री ब्रज भक्त श्रेष्ठ तथा ढांचागत अवसंरचना विकास मंत्री सुनील लम्साल मुख्य हैं।

बाढ़ में मदद के लिए जताया आभार: विदेश सचिव की नेपाली पक्ष के साथ हुई बैठकों में उनके द्वारा रसुआ-भोटेकोशी बाढ़ के गंभीर संकट वाले समय के बाद तत्काल पहुंचाई गई मानवीय और तकनीक सहायता के लिए आभार प्रकट किया गया है। दोनों पक्षों ने परंपरागत रूप से मजबूत द्विपक्षीय सहयोग वाले सभी क्षेत्रों में बढ़ती गतिविधियों को लेकर संतुष्टि जाहिर की गई। जिसमें व्यापार-वाणिज्य, विकास साझेदारी, हाइड्रोपावर, फिजिकल कनेक्टिविटी, सीमा प्रबंधन, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों सहित सहयोग के नए क्षेत्रों जैसे स्टार्टअप, डिजिटल कनेक्टिविटी, एआई-खेलकूद मुख्य हैं।



गुयाना में भी शुरू होगा यूपीआई, जयशंकर ने किए 3 एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एंटीगुआ और बारबुडा में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (चौगम) से इतर गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और गुयाना के बीच द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक में व्यापार एवं निवेश, ऊर्जा, कृषि, बुनियादी ढांचे का विकास, डिजिटल तकनीक और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान भारत और गुयाना के बीच तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

इनमें सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की विनिर्माण परियोजनाओं की आपूर्ति और स्थापना, त्वरित प्रभाव वाली परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए अनुदान सहायता और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के क्षेत्र में सहयोग शामिल हैं। तीसरे समझौते के तहत गुयाना में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस जैसी भुगतान प्रणाली के संचालन में सहयोग का प्रावधान है। विदेश मंत्री ने गुयाना की विकास प्राथमिकताओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समर्थन देने के लिए भारत की ओर से 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की नई ऋण सुविधादेने की भी घोषणा की।

7 लोक कल्याण मार्ग पर पीएम आवास के करीब स्थित रेसकोर्स स्टेशन के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ा मामला

पूरा हुआ हस्तांतरण, वायुसेना ने सरकार को सौंपी रेसकोर्स स्टेशन से जुड़ी 39.5 एकड़ भूमि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास के आसपास की प्रमुख सरकारी जमीनों को वापस लेने की प्रक्रिया के तहत गुरुवार को एक बड़ा फैसला सामने आया है। जिसमें ये जानकारी मिली है कि भारतीय वायुसेना ने रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन स्थित कुल करीब 39.5 एकड़ सरकारी जमीन को केंद्र के जमीन विकास कार्यालय (एलएंडडीओ) को औपचारिक रूप से सौंप दिया है। 'जैसा है-जहां है' की तर्ज पर जमीन हस्तांतरण की इस कवायद को अमलीजामा पहनाया गया है।

सूत्रों ने बताया कि वायुसेना द्वारा सौंपी गई जमीन का संबंध रेसकोर्स एयरफोर्स स्टेशन के अंदर मौजूद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ा हुआ है। जिसमें स्विमिंग पूल, गोल्फ कोर्स और कुछ अन्य खेल सुविधाएं मौजूद थी। यह पूरा इलाका प्रधानमंत्री का सरकारी आवास होने की वजह से सुरक्षा और प्रशासनिक कारणों की वजह से केंद्र की अति-संवेदनशील श्रेणी में शुमार है। जिसकी वजह से यह निर्णय लिया गया है।

सार्वजनिक उद्देश्य से होगा इस्तेमाल: एलएंडडीओ ने मामले में वायुसेना से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की कुल 39.9 एकड़ जमीन की मांग की थी। जिसमें वायुसेना ने 39.5 एकड़ भूमि ही सौंपी है। भविष्य में एलएंडडीओ, वायुसेना की संयुक्त टीमें कॉम्प्लेक्स की जमीन का वास्तविक आधार पर संयुक्त सर्वे करेंगी।

जिससे जमीन की असली सीमा का निर्धारण किया जाएगा। साथ ही इस बात की भी पुष्टि हो जाएगी कि कहीं कोई कमी पेशी तो नहीं रह गई है। वहीं, इस प्रकरण को लेकर सरकार का यह कहना है कि उसके द्वारा वापस ली गई जमीनों को सार्वजनिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

रडार पर जिमखाना क्लब

यह अकेला ऐसा मामला नहीं है। जिसमें केंद्र ने वायुसेना की स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जमीन को अपने कब्जे में लिया है। पीएम आवास के ईद गिर्द मौजूद महत्वपूर्ण जमीनों को अपने अधिकार क्षेत्र में लेने की सरकारी कवायद बीते कई महीनों से चल रही है। जिसमें अब तक दिल्ली रेस क्लब, जयपुर पोलो ग्राउंड को भी कब्जे में लिया जा चुका है। निकट भविष्य में दिल्ली जिमखाना क्लब जैसी अन्य संपत्तियों पर भी सरकारी कार्रवाई संभव है।

पूर्व वायुसेनाप्रमुख ने की थी अपील

गौरतलब है कि पिछले महीने के अंत में 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुए पूर्व वायुसेनाध्यक्ष एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह ने अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक पहले सरकार से एयरफोर्स स्टेशन पर मौजूद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जमीन वापस न लेने की अपील की थी। इसे लेकर उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को एक पत्र लिखा था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109